दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शुक्रवार, 30 जनवरी 2026 कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 281 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

यह ठीक है कि राजनीतिज्ञ यदि राजनीति नहीं करेंगे तो फिर क्या करेंगे। लेकिन हर बात पर राजनीति भी नहीं की जानी चाहिए। खासतौर पर किसी की मौत के बाद उसकी चिता पर राजनीतिक रोटियां सेकने की कोशिश करने से निकृष्ट काम तो और कोई हो ही नहीं सकता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यही किया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की एक विमान हादसे में दुखद मौत को उन्होंने बिना किसी प्रमाण के राजनीतिक साजिश करार दे दिया है। उनके सुर में कुछ दूसरे अहमकों ने भी सुर मिलाया है जो उनकी घृणित मानसिकता का परिचायक है।

मंदिरों में वीवीआईपी एंट्री बैन कानून बनें, आम आदमी की तरह दर्शन करें नेता-अफसर, पुजारियों की पीएम को चिट्ठी

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने वीआईपी दर्शन व्यवस्था पर प्रतिबंधित कानून बनाने की मांग की, वीआईपी दर्शन पर सुप्रीम कोर्ट के जज भी कर चुके हैं सख्त टिप्पणी

उज्जैन (नवप्रदेश)। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर देशभर में मंदिरों की दर्शन व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। पत्र में पुजारियों और संतों पर हो रहे अत्याचार की बात कही गई। पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गुरु ने देशभर के कई बड़े मंदिरों और समिति के खिलाफ कई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पत्र में क्या कहा गया?

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गुरु ने कहा कि 'सनातन धर्म को बचाने के लिए प्रधानमंत्री से देवालयों में वीआईपी प्रथा खत्म करने और वीआईपी प्रवेश प्रतिबंधित कानून बनाने की मुख्य मांग की है. उत्तर प्रदेश और अन्य प्रदेशों में संतों, पुजारियों और सेवादारों पर अत्याचार, शोषण और अपमान हो रहा है।

वीआईपी दर्शन से पुजारी, सेवादार और श्रद्धालु भयभीत

महेश गुरु ने बताया कि 'पत्र का उद्देश्य देश के मंदिरों में सनातन धर्म की व्यवस्था को बचाने के साथ पुजारी और सेवादार के मान सम्मान को बचाना है. इसलिए पुजारी महासंघ ने एक ऐसे कानून बनाने की मांग की है, जिससे मंदिरों की परंपरा, पूजा पद्धति सहित पुजारी और सेवादारों की नित्य पूजा पद्धति सुरक्षा और वीआईपी प्रवेश पर रोक लगाई जाए. ऐसी व्यवस्था से मंदिरों के पुजारी, सेवादार और आम श्रद्धालु भयभीत हैं. इसलिए सनातन धर्म को बचाने के लिए देश में संवैधानिक पदों पर आसीन नेता या अधिकारी जब तक अपने पद पर बने रहे तब तक वह अपने पद के प्रोटोकॉल का उपयोग कर मंदिर नहीं जा सकें, केवल आम श्रद्धालु की तरह मंदिर जाएं।

न्यूज गैलरी

फोर्स ने दो नक्सलियों को किया ढेर

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर के गुडराज गुडेम इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। मारे गए नक्सलियों के पास से एक एके 47 और अन्य हथियार बरामद किया गया है। फिलहाल दोनों तरफ से रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों को गुडराज गुडेम इलाके में नक्सलियों के होने की खबर मिली है।

रायपुर सेंट्रल जेल की सुरक्षा तार-तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की सेन्ट्रल जेल हमेशा विवादों में रहती है। ऐसे में एक बार फिर सेंट्रल जेल की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। जहां एक युवती जेल में बंद प्रेमी से मिलने पहुंची और मुलाकात का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हैरानी की बात तो यह है कि, आरोपी में बेख़ौफ़ होकर मुलाकात कक्ष में वीडियो बनवा रहा था। इस वीडियो के सामने आने के बाद एक बार फिर सेंट्रल जेल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। एक युवती जेल में बंद प्रेमी के जन्मदिन पर मिलने के लिए जेल पहुंची थी।

वित्त मंत्री निर्मला ने पेश किया इकोनॉमिक सर्वे 26-27 में 6.8% से 7.2% हो सकती है जीडीपी

नई दिल्ली (ए.)। भारत की अर्थव्यवस्था की सालाना स्थिति बताने वाला आर्थिक सर्वेक्षण 2026 आज संसद में पेश किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दोपहर 12 बजे लोकसभा में वित्त वर्ष 2026 से जुड़ा यह अहम दस्तावेज पेश किया। 1 फरवरी को आने वाले केंद्रीय बजट से पहले पेश किया जाने वाला यह सर्वे बजट की दिशा और प्राथमिकताओं की झलक देता है। इसे वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने तैयार किया है।

लोकसभा में पेश आर्थिक सर्वे के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था ने मजबूत विकास की रफ्तार बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2026-27 में देश की जीडीपी ग्रोथ 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। हालांकि यह मौजूदा वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 7.4 प्रतिशत की दर से थोड़ा कम है। आर्थिक सर्वे हर साल बजट से पहले पेश किया जाता है और अगले वित्तीय वर्ष की नीतियों के लिए आधार तैयार करता है।

बजट से पहले जारी दस्तावेज सरकार के आत्मनिर्भरता और मजबूत नीतियों पर लगातार फोकस को दिखाता है। इसमें कहा गया है कि भारत को ऐसे क्षेत्रों में घरेलू क्षमता बढ़ानी होगी, जिससे देश रणनीतिक रूप से मजबूत बन सके। रणनीतिक मजबूती का मतलब है बाहरी झटकों से निपटने के लिए मजबूत आधार और सुरक्षा तैयार करना। निर्यात के मामले में, आईटी, जीसीसी और पेशेवर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत की अर्थव्यवस्था ने मजबूत विकास की रफ्तार बनाए रखी

- व्यापार के मोर्चे पर भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 825.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया
- वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही (एच-1) में यह 418.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें बढ़ोतरी का मुख्य कारण सेवा निर्यात में तेज वृद्धि और गैर-पेट्रोलियम, गैर-रत्न व आभूषण निर्यात में बनी मजबूत रफ्तार रही।
- वित्त वर्ष 2025 में कुल आयात सालाना आधार पर 7.4 प्रतिशत बढ़कर 919.9 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।
- वित्त वर्ष 2025 में देश का कुल व्यापार घाटा 94.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। खुदरा महंगाई (सीपीआई) लगातार घटती रही है और 202526 में यह 1.7 प्रतिशत पर आ गई।

सरकार की पहचान रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म: मोदी

नई दिल्ली (ए.)। देश की राजनीति और आर्थिक दिशा तय करने वाला संसद का बजट सत्र 2026 शुरू हो चुका है। यह सत्र कई अहम विधेयकों, बड़े आर्थिक फैसलों और सरकार व विपक्ष के बीच तीखी बहस का गवाह बनने वाला है। सत्र के बीच 1 फरवरी को पेश होने वाला केंद्रीय बजट और आज संसद में रखा जाने वाला आर्थिक सर्वेक्षण 2026-27 इसे और भी महत्वपूर्ण बना रहे हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह संसद परिसर में मीडिया को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कल राष्ट्रपति का अभिभाषण 140 करोड़ देशवासियों के आत्मविश्वास और पुरुषार्थ की सशक्त अभिव्यक्ति था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के भाषण में 140 करोड़ नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं की आकांक्षाओं को बेहद सटीक तरीके से रेखांकित किया गया।

राष्ट्रपति ने मार्गदर्शक बातें सदन में कही : पीएम मोदी ने कहा कि सत्र की शुरुआत में और 2026 की शुरुआत में ही राष्ट्रपति ने संसद सदस्यों के सामने जो उम्मीदें रखी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'युवाओं और किसानों के लिए बड़ा मौका'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 27 देशों के साथ हुआ यह समझौता देश के युवाओं, किसानों, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और सर्विस सेक्टर से जुड़े उन लोगों के लिए बड़ा अवसर लेकर आएगा, जो दूसरे देशों में काम करने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि यह समझौता एक आत्मविश्वासी, प्रतिस्पर्धी और उत्पादक भारत की दिशा में बहुत बड़ा कदम है।

प्रश्नकाल के दौरान बात कर रहे सांसदों पर भड़के लोकसभा अध्यक्ष बिरला

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान लगातार बात कर रहे सांसदों को जमकर फटकार लगाई है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदस्य सांसदों को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर वे आपस में लंबी बातचीत करना चाहते हैं तो चैंबर से बाहर चले जाएं। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ने प्रश्नकाल के दौरान दोनों तरफ के सदस्यों को लगातार आपस में बात करते हुए देखा। जिससे संसद के बाकी सदस्यों को परेशानी हो रही थी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा व्यवहार सदन की गरिमा के खिलाफ है और जो लोग लंबी बातचीत करना चाहते हैं, वे लोकसभा चैंबर से बाहर जा सकते हैं।

अपने साथी से कम बात करें केसी वेणुगोपाल: स्पीकर ने बात कर रहे सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि थोड़ी-बहुत बातचीत की इजाजत है, लेकिन लंबी बातचीत की नहीं। अब से वह कार्यवाही में बाधा डालने वाले सदस्यों का नाम लेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल से कहा कि वे अपने साथी सदस्यों के साथ बातचीत कम करें।

'समाज को बांट देगा', यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

- शीर्ष अदालत ने सरकार और यूजीसी से 19 मार्च तक जवाब दाखिल करने को कहा

नई दिल्ली (ए.)। यूजीसी के नए रेग्युलेशन को चुनौती वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश पारित किया है। अदालत ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी) रेग्युलेशन 2026 को फिलहाल स्थगित रखने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इन रेग्युलेशन को लेकर कुछ आपत्तियां व्यक्त कीं, जिन्हें 'सामान्य वर्गों' के प्रति भेदभावपूर्ण बताते हुए चुनौती दी गई है। अदालत ने सुझाव दिया कि इन रेग्युलेशन की समीक्षा प्रख्यात ज्यूरिस्ट वाली एक समिति द्वारा की जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ये रेग्युलेशन पहली नजर में अस्पष्ट हैं और 'दुरुपयोग का अंदेशा' रखते हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोल लेवी घोटाला: सौम्या, रानू व सूर्यकांत को रेगुलर जमानत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला लेवी घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रमुख आरोपियों को बड़ी राहत दी है। शीर्ष अदालत ने सौम्या चौरसिया, रानू साहू और सूर्यकांत तिवारी सहित अन्य आरोपियों को रेगुलर जमानत दे दी। इससे पहले ये सभी आरोपी अंतरिम जमानत पर बाहर थे। कोर्ट ने जमानत देते समय पहले से लागू शर्तों को बरकरार रखा है, जिसमें आरोपियों को राज्य से बाहर रहने जैसी पाबंदियां भी शामिल हैं। हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है, जिस पर अलग से कार्रवाई चल रही है।

महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बन सकती हैं अजित पवार की पत्नी

मुंबई। अजित पवार के निधन के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को महाराष्ट्र का डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, धनंजय मुंडे और सुनील तटकरे ने सुनेत्रा से मुलाकात की है। सुनेत्रा फिलहाल राज्यसभा सांसद हैं, वे अब अजित पवार की बारामती सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। वहीं प्रफुल्ल पटेल के एनसीपी का अध्यक्ष बनने की भी चर्चा है। इस प्रस्ताव पर एनसीपी के नेता सीएम देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात करेंगे। उधर एनसीपी पार्टी का शरद गुट से भी विलय हो सकता है। दरअसल अजित पवार का बुधवार को बारामती एयरपोर्ट पर प्लेन क्रैश में निधन हो गया था।

मदर ऑफ ऑल डील

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर वैश्विक मीडिया और नेताओं की सराहना

आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने का सार्थक प्रयास

नई दिल्ली/नवप्रदेश। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के संपन्न होने पर विश्वभर में अत्यंत सकारात्मक और मजबूत प्रतिक्रियाएँ देखने को मिली हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया, विदेशी राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक व्यापार जगत के प्रमुखों और प्रतिष्ठित नीति विशेषज्ञों–सभी ने इस समझौते का स्वागत किया है। इस समझौते को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों दृष्टियों से ऐतिहासिक, रणनीतिक और समयानुकूल बताया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया

विश्व के अग्रणी मीडिया संस्थानों ने भारत-ईयू एफटीए के पैमाने, महत्वाकांक्षा और रणनीतिक समय-निर्धारण को प्रमुखता से रेखांकित किया है।

द टेलीग्राफ ने जेम्स क्रिस्प के लेख Modi is real winner in 'mother of all trade deals' with EU में इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी बताया और कहा कि भारत इस सौदे का वास्तविक रणनीतिक विजेता बनकर उभरा है। लेख में उल्लेख किया गया कि यह समझौता भारत द्वारा ईयू को होने वाले 96.6% निर्यात पर शुल्क समाप्त या कम करता है, जबकि ईयू सात वर्षों में भारत से आने वाले 99.5% वस्तुओं पर शुल्क में कटौती करेगा।

ब्लूमबर्ग ने डैन स्ट्रम्प्फ के लेख "All Roads Lead to Modi as World Hedges Trump" में कहा कि भारत-ईयू के बीच हुआ यह मदर ऑफ ऑल डील्स एक उभरते वैश्विक रुझान का उदाहरण है, जहाँ नई दिल्ली देशों के लिए प्रमुख रणनीतिक साझेदार बनती जा रही है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस समझौते को वैश्विक टैरिफ अस्थिरता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ओलंपिक आयोजन के लिए सरगुजा तैयार : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा ओलंपिक के लोगो और शुभंकर गजरु का किया अनावरण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर ओलम्पिक की तर्ज पर आयोजित होने वाले सरगुजा ओलंपिक के प्रतीक चिन्ह (लोगो) एवं शुभंकर गजरु का अनावरण किया। उन्होंने सरगुजा संभाग के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब बस्तर की भांति सरगुजा की खेल प्रतिभाओं को भी अपनी क्षमता दिखाने का सशक्त मंच मिलेगा।

मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 12 खेल विधाओं में लगभग 3 लाख 50 हजार खिलाड़ियों के पंजीयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह संख्या सरगुजा अंचल के युवाओं के उत्साह, ऊर्जा और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलम्पिक में जनभागीदारी ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर खास पहचान दिलाई है और अब वही उत्साह सरगुजा ओलंपिक को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। पंजीयन से यह स्पष्ट है कि सरगुजा पूरे मनोयोग और उमंग के साथ इस आयोजन के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने आयोजन की तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए सफल आयोजन की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, सचिव खेल यशवंत कुमार, संचालक खेल श्रीमती तनुजा सलाम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का मंच: उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने सरगुजा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कर्णेश्वरधाम में माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा में श्रृंगी ऋषि पर्वत के नीचे महानदी के पावन तट पर ग्राम छिपली पारा का आश्रित ग्राम देउर पारा स्थित है यहाँ महानदी व बालका नदी का संगम होता है माँघ पूर्णिमा पर यहा हज़ारो श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते है। समीप ही 11वी शताब्दी में राजा कर्णराज द्वारा निर्मित शिव मंदिर,राम जानकी मंदिर ,नन्दी,गणेश मन्दिर,विष्णु के मंदिर है इस स्थान को लोग कर्णेश्वर धाम के नाम से जानते है कर्णेश्वरधाम मे माघ पूर्णिमा के अवसर पर 31 जनवरी से 5 फरवरी तक विशाल मेला का आयोजन प्रति वर्ष अनुसार किया जा रहा है। कर्णेश्वर धाम मे सोमवंशी राजाओं द्वारा निर्मित भगवान शिव एवं राम जानकी का मंदिर है।

मंदिर में लगे सोलह पंक्तियों की आयताकर भीतर शिलालेख कांकेर के सोमवंशी राजा कर्णराज के शासनकाल में शक् सम्वत 1114 में उत्कीर्ण कराया गया। शिलालेख संस्कृत भाषा के देवनागरी लिपि में लिखी गयी है।शिलालेख से विदित होता है कि महराज कर्णराज ने अपने वंश की कीर्ति को अमर बनाने के लिए कर्णेश्वर देवहद मे छह मंदिरों का निर्माण किया।

एक अपने नि संतान भाई कृष्णराज के नाम, दूसरा मंदिर प्रिय पत्नी भोपालादेवी के नाम निर्मित कराया। कर्णराज ने त्रिनेत्रधारी भगवान शिव की आराधना कर प्रतिष्ठा किया। कर्णराजद्वारा निर्मित मंदिर मे शिव के अलावा मर्यादा पुरुषोत्तम राम जानकी मंदिर प्रमुख है।भगवान शिव को बीस वर्ग फुट आयताकार गर्भ गृह में प्रतिष्ठित किया गया ही। गर्भगृह का शीर्ष भाग कलश युक्त है। मंदिर का अग्रभाग मंडप शैली मे बना है, जिसकी छत आठ कोडीय प्रस्तर स्तंभों पर टिकी है। मंदिर का पूरा भाग पाषाण निर्मित है।जनश्रुति है कि कांकेर के सोमवंशी राजाओं के पूर्वज जग्गनाथपूरी उड़ीसा के मूल निवासी थे। सोमवंशी राजाओं ने पहले पहल नगरी मे अपनी राजधानी बनायी।

असाध्य रोगों के लिए अमृत कुंड

कर्णेश्वर धाम मे एक प्राचीन अमृतकुण्ड है किवदंती ही कि इस कुंड के जल के स्नान से कोड जैसे असाध्य रोग ठीक हो जाता था।सोमवंशी राजाओ ने इसे मिट्टी से भर दिया। अमृतकुंड से लगा हुआ छोटा सरोवर मोती तालाब राजा के दो पुत्रियां सोनई-रूपई के नाम से जाना जाता है। सोनई रूपई कांकेर के राजा धर्म देव की पुत्रियाँ थी ।मन्दिर परिसर में विविध देवी देवताओं की प्रतिमा है सोम वन्शीय राजाओ का विजय स्तम्भ है माघपुर्णिमा के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालु बालका व महानदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बनेगे।

लुप्त हो जाती है अस्थियां

बालका व महानदी संगम स्थल से दक्षिण दिशा में महानदी पर पचरी घाट पर स्थित कुण्ड में अस्थियां विसर्जित की जाती है मान्यता है कि यहाँ ढाई पहर में विसर्जित अस्थिया लुप्त हो जाती है।

मेला के दिन रंग झरोखा की प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत 2 फरवरी को दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा भिलाई ,3 फरवरी को स्वरागनी डांस ग्रुप रतनपुर की प्रस्तुति मेला महोत्सव के दौरान होगी

मेला की ढाई परिक्रमा करेंगे देवी-देवता

मेला में इलाके भर से पारम्परिक रूप से देवी देवताओं का आगमन होगा। बस्तर, उड़ीसा के देवी देवता भी पुन्नी स्नान व कर्णेश्वर महादेव का दर्शन कर बाबा बालगीर के अगुवान व छिपली पारा के टिकरी वाली के मार्गदर्शन में माता खम्बेस्वरी से जोहार भेंट कर मड़ाई की परिक्रमा करेंगे जिसके तैयारी में प्रशासन व ट्रस्ट जुटा हुआ है पदेन संरक्षक व विधायक अम्बिका मरकाम,संरक्षक कैलास पवार,ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, रवि दुबे,सचिव भरत निर्मलकर,कोशाध्यक्ष निकेश ठाकुर,सह सचिव दय मोहन पुजारी राम भरोसा साहू,वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस, नागेन्द्र शुक्ला,शिव कुमार परिहार, ललित शर्मा कमल डागा ,राम प्रसाद मरकाम,गगन नाहटा,नोहर साहू,छबि ठाकुर,राम लाल नेताम,मोहन पुजारी,योगेश साहू अमर सिंह पटेल,अंजोर निषाद,रवि भट्ट, दीपक यदु,सचिन भंसाली, महेंद्र कौशल,प्रताप सुरेशा,मिलेश साहू बबलू गुप्ता,ललित निर्मलकर,ईश्वर जांगड़े,अनिरुद्ध साहू,दुर्गेश साहू, कैलाश प्रजापति,दीपक यदु,प्रकाश सार्वा ,राकेश चौबे,हनी कश्यप,नरसिंह मरकाम,मोहन नाहटा, बंटी जैन,होरी लाल पटेल,के आर बोरघरिया,टेस्वर ध्रुव मदन साहू,सन्तु साहू डोमार मिश्रा ,मनोज गुप्ता, प्रेमजीत छाबड़ा आदि जुटे है।

माता कर्मा व हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

कर्णेश्वर मन्दिर परिसर में नव निर्मित भक्त माता कर्मा व हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 30 व 31 जनवरी को होगा। मन्दिर का निर्माण जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा द्वारा अपने परिजनों की स्मृति में कराया गया है।वहीं भक्त माता कर्मा की मूर्ति गिरधारी लाल साहू साकरा व उनके परिवार द्वारा प्रदान की गई है तथा हनुमान जी की प्राचीन मूर्ति लक्ष्मन प्रसाद पांडेय नगरी द्वारा उनके परिजनों की स्मृति में दी गई थी

विकास के कार्य होने से कर्णेश्वर धाम की शोभा बढ़ेगी

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि कर्णेश्वर धाम के विकास में राज्य सरकार पूरी तरह ध्यान दे रही है,जनभागीदारी से भी कार्य हो रहे है भव्य प्रवेश द्वार के लिये 11 लाख व शौचालय के लिये 7 लाख रुपए की स्वीकृति पर्यटन विभाग से प्राप्त हो गई है आने वाले समय मे मां अभियान के तहत करोड़ों रुपये के कार्य होने है जिसके लिये सी एस आर फण्ड की राशि जिला प्रशासन के प्रयास से स्वीकृति मिली है इससे कर्णेश्वर धाम की शोभा बढ़ेगी ।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी बस्तर पंडुम का उद्घाटन

बस्तर की संस्कृति को मिलेगी देशभर में पहचान

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 7 फरवरी 2026 को एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगी। अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय *जनजातीय सांस्कृतिक महोत्सव 'बस्तर पंडुम 2026' का औपचारिक उद्घाटन करेंगी। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बताया यह भव्य सांस्कृतिक महोत्सव छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बस्तर अंचल की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोककला, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, वेशभूषा, रीति-रिवाज एवं हस्तशिल्प को राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को इस प्रतिष्ठित आयोजन के उद्घाटन हेतु आमंत्रण दिया गया था, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

मुख्य सचिव ने सभी तैयारियों को लेकर ली उच्च स्तरीय बैठक

प्रदेश के मुख्य सचिव ने मंत्रालय में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को देखते हुए एक उच्च स्तरीय बैठक ली, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर सभी तैयारियां करने के निर्देश दिया है। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 7 फरवरी 2026 को एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगी।

सरकारी व्यवस्था तार-तार, गरीबों के हक पर डाका

- जरूरतमंदों के हक का अनाज बाजार में बेचा, जयश्रीनगर उचित मूल्य दुकान से 10.85 लाख का महाघोटाला
- महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष समेत तीन सलाखों के पीछे

कांकेर/नवप्रदेश। सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को उजागर करता एक सनसनीखेज और झकझोर देने वाला मामला पखांजूर से सामने आया है, जहां शासकीय उचित मूल्य दुकान जयश्रीनगर से गरीबों के हक का राशन सुनियोजित तरीके से गायब कर दिया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न में 10 लाख 85 हजार 407 रुपये 99 पैसे के गबन का खुलासा होने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने इस मामले में महिला विकास स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष सुचित्रा राय उर्फ सुमित्रा राय, सचिव पिंकी नाथ और दुकान विक्रेता सुमंत नाथ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जांच में खुली परतें, कागजों में राशन गोदाम में सन्नाटा: खाद्य निरीक्षक पखांजूर की रिपोर्ट के अनुसार, कलेक्टर खाद्य शाखा कांकेर के आदेश पर 10 अप्रैल 2025 एवं 19 अगस्त 2025 को जब जयश्रीनगर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का भौतिक सत्यापन किया गया, तो सरकारी सिस्टम की पोल खुल गई। जांच में दुकान में 312.99 क्विंटल चावल, 5.41 क्विंटल शक्कर, 2.53 क्विंटल नमक, 7.17 क्विंटल चना और 5.74 क्विंटल गुड़ कम पाया गया। यह वही खाद्यान्न था, जो अंत्योदय और प्राथमिक परिवारों के लिए निर्धारित था।

दबाव में आकर आंशिक जमा, लेकिन असली खेल यहीं उजागर : जांच के बाद बढ़ते दबाव में आरोपियों ने केवल 58 क्विंटल चावल और 7.17 क्विंटल चना जमा कर औपचारिकता निभाई, लेकिन शेष खाद्यान्न और 34,343.74 रुपये की डी.डी. राशि जानबूझकर जमा नहीं की गई। बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद न तो राशन लौटाया गया और न ही सही हिसाब प्रस्तुत किया गया। इतना ही नहीं, दुकान के संधारित रजिस्टर और दस्तावेज भी जांच के दौरान पेश नहीं किए गए, जिससे गबन की मंशा और अधिक संदिग्ध हो गई।

पूछताछ में कबूलनामा, रकम आपस में बांटकर खर्च

पुलिस पूछताछ में तीनों आरोपियों ने गबन स्वीकार किया। पूछताछ में सामने आया कि गबन की कुल राशि में से 3 लाख रुपये महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष द्वारा तथा शेष 7,85,407.99 रुपये सचिव और विक्रेता द्वारा आपस में बांटकर खर्च किए गए। यह स्वीकारोक्ति इस बात का प्रमाण है कि गबन किसी भूल का नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित साजिश का परिणाम था।

सिस्टम पर बड़ा सवाल: और कितनी दुकानों में चल रहा यही खेल?

जयश्रीनगर का यह मामला अकेला नहीं माना जा रहा। यह घटना पूरे सार्वजनिक वितरण तंत्र पर सवाल खड़े करती है। सवाल यह है कि क्या अन्य उचित मूल्य दुकानों में भी इसी तरह राशन की लूट चल रही है?निगरानी तंत्र समय रहते क्यों नहीं जागा? गरीबों के हक पर डाका डालने वालों पर क्या सख्त और उदाहरणात्मक कार्रवाई होगी? फिलहाल यह मामला प्रशासन और व्यवस्था दोनों के लिए चेतावनी की घंटी बन चुका है।

बाजार मूल्य में करोड़ों नहीं, पर गरीबों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल: गायब खाद्यान्न का बाजार मूल्य चावल के लिए 9,97,406.13 रुपये, शक्कर 20,583.70 रुपये, नमक 2,627.74 रुपये और गुड़ 30,446.68 रुपये आंका गया। कुल मिलाकर खाद्यान्न का मूल्य 10,51,064.25 रुपये बैठता है। इसमें 34,343.74 रुपये की डी.डी. राशि जोड़ने पर शासन को कुल 10,85,407.99 रुपये की सीधी आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। यह रकम भले ही आंकड़ों में सीमित लगे, लेकिन गरीब परिवारों के लिए यह महीनों का भोजन था।

कानून के शिकंजे में आरोपी, जेल भेजे गए: मामले में थाना पखांजूर में अपराध क्रमांक 26/2026 धारा 316(5), 3(5) बीएनएस एवं 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत मामला दर्ज किया गया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद दिनांक 28 जनवरी 2026 को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

कोरबा में कबाड़ माफिया ने दो करोड़ की रेल लाइन पर हाथ साफ किया

कोरबा/नवप्रदेश। एक तरफ साइबर अपराध पर कार्रवाई करने साइबर थाना की शुरुआत की गई है तो दूसरी ओर कबाड़ चोरी सबाब पर है। ऊर्जाधानी कोरबा में इन दिनों कबाड़ चोरों का आतंक चरम पर है। चोर अब छोटी-मोटी चोरियों को छोड़कर सीधे सरकारी संपत्तियों और बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को निशाना बना रहे हैं।

ताजा मामला गेवरा-पेंड्रा रोड रेल लाइन विस्तार कार्य का है, जहाँ निर्माणाधीन साइट्स से करोड़ों रुपये के लोहे और रेल पटरियों की कटिंग कर उन्हें पार किया जा रहा है। वही चोरों ने आधुनिक कटर मशीनों और भारी वाहनों का उपयोग कर रेल लाइन के हिस्सों को निशाना बनाया है। इससे न केवल आर्थिक हानि हो रही है, बल्कि परियोजना की लागत और समय सीमा भी प्रभावित हो रही है। यह केवल छिटपुट चोरी नहीं, बल्कि एक संगठित गिरोह का काम प्रतीत होता है। चोरों द्वारा उन क्षेत्रों को चुना जा रहा है जो घने जंगलों या कम आबादी वाले इलाकों से गुजरते हैं।

70 साल से अधिक के राशन कार्डधारियों की अब चेहरे की पहचान से ई-केवाईसी

- मोबाइल एप से घर बैठे सत्यापन संभव, ऑफलाइन बायोमेट्रिक सुविधा भी जारी

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र सभी राशनकार्ड धारकों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी (इलेक्ट्रानिक पहचान सत्यापन) अनिवार्य किया गया है। इस प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को देखते हुए अब वृद्ध, असहाय एवं अस्वस्थ हितग्राहियों के लिए घर बैठे चेहरा आधारित सत्यापन की सुविधा शुरू कर दी गई है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार 70 वर्ष से अधिक आयु के कई हितग्राहियों के अंगुलियों के निशान स्पष्ट न होने के कारण मशीन में पहचान मिलान नहीं हो पा रहा था। इससे उन्हें राशन प्राप्त करने में परेशानी हो रही थी। शासन ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अब चेहरे की पहचान के माध्यम से ई-केवाईसी की व्यवस्था लागू की है।

यह है नई व्यवस्था

अब हितग्राही 'मेरा ई-केवाईसी' मोबाइल अनुप्रयोग के जरिये घर बैठे ही अपना चेहरा स्कैन कर पहचान सत्यापन कर सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयोगी है, जो दुकान तक पहुंचने में असमर्थ हैं या जिनका अंगुली आधारित सत्यापन बार-बार असफल हो रहा है।

घर बैठे ई-केवाईसी करने की प्रक्रिया

अपने मोबाइल में प्ले स्टोर से मेरा ई-केवाईसी व आधार फेस आरडी अनुप्रयोग डाउनलोड करें। अनुप्रयोग खोलकर आधार नंबर और मांगी गई आवश्यक जानकारी भरें। आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर आए पासवर्ड दर्ज करें। इसके बाद फेस ई-केवाईसी विकल्प चुनें।

छत्तीसगढ़ में फिर बढ़ेगी ठंड, 3 दिन में 4 डिग्री तक गिरेगा पारा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी सरगुजा संभाग में ठंड की वापसी होने वाली है, जबकि राजधानी रायपुर समेत मैदानी इलाकों में तापमान स्थिर बना रहेगा।अंबिकापुर सबसे ठंडा, जगदलपुर में गर्मी का अहसास पिछले 24 घंटों के आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश में तापमान का उतार-चढ़ाव जारी है। सबसे कम तापमानः अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड की चेतावनी

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में अगले 3 दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है. इससे उत्तर छत्तीसगढ़ में ठिठुरन बढ़ने की संभावना है। दूसरी ओर, रायपुर, बिलासपुर और बस्तर संभाग में अगले 4 दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं. यहां मौसम फिलहाल स्थिर बना रहेगा।

खत्म हुआ इंतजार ,समूहों के स्वचलित मशीन से रेडी-टू-ईट होने लगा तैयार

- फरवरी माह में इस परियोजना से मोदी की गारंटी उतरेगी धरातल पर
- 348 आंगनबाड़ी केंद्रों के हितग्राही होंगे लाभान्वित

कोरबा/नवप्रदेश। तमाम पेचिदगियों, शिकवा शिकायतों, कार्रवाई के बीच आखिरकार छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के सवा 2 साल बाद साय सरकार का महिला स्व सहायता समूहों से चुनाव पूर्व किया वादा, मोदी की गारंटी पर आकांक्षी जिला कोरबा में मोहर लगने जा रही है। पॉयलट प्रोजेक्ट वाले जिलों में शामिल आकांक्षी जिला कोरबा के कोरबा ग्रामीण परियोजना का चयनित स्व सहायता समूह सपुरा माता स्व सहायता समूह सलिहाभांठा ने स्वचलित मशीन से रेडी टू ईट उत्पादन का कार्य शुरू कर दिया है । फरवरी माह से इस परियोजना के 12 सेक्टर के 348 आंगनबाड़ी केंद्रों के करीब 14 हजार हितग्राही (नौनिहाल, गर्भवती शिशुवती, किशोरी बालिका) लाभान्वित होंगे। मार्च माह से करतला, कोरबा शहरी, पाली, पोंडी उपरोड़ा की महिला स्व सहायता समूह भी उत्पादन वितरण की स्थिति में आ जाएंगी।

यहाँ बताना होगा कि महिला एवं बाल विकास विभाग 6 माह से 6 वर्ष के नोनिहालों ,किशोरियों,गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण के लिए कार्य करती है। 1 फरवरी 2022 के पूर्व स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत रेडी टू ईट कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा था।

धमतरी जिले ने रचा इतिहास समर्थ पंचायत पोर्टल से ऑनलाइन करारोपण की देशव्यापी शुरुआत

धमतरी/नवप्रदेश। जिले ने एक बार फिर डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। आज पूरे देश में पहली बार समर्थ पंचायत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन करारोपण की शुरुआत जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा में की गई। इस ऐतिहासिक पहल के तहत ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से यूपीआई द्वारा संपत्ति कर का भुगतान सफलतापूर्वक किया गया। यह उपलब्धि न केवल ग्राम पंचायतों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है बल्कि यह पारदर्शिता, सुविधा और समयबद्ध कर संग्रह की नई राह भी प्रशस्त करती है। कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के सचिव श्री विवेक भारद्वाज ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि अब मुंबई छत्तीसगढ़ से सीखेगा। उनका यह वक्तव्य राज्य द्वारा अपनाए गए तकनीकी नवाचारों और डिजिटल समाधानों की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्यता को दर्शाता है।

लाल किले पर छत्तीसगढ़ के स्वाद और लोक परंपराओं का उत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। लाल किले के सामने लॉन और ज्ञान पथ पर आयोजित भारत पर्व 2026 में छत्तीसगढ़ का सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों के बीच खास आकर्षण का केन्द्र बनकर उभरा है। छह दिवसीय इस राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं पर्यटन महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, पारंपरिक व्यंजन और पर्यटन पवेलियन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। यह आयोजन गणतंत्र दिवस समारोहों के अंतर्गत किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे पंथी सहित अन्य पारंपरिक लोक नृत्य दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। रंग-बिरंगे परिधानों, जोशीले कदमों और सशक्त जनजातीय तालों से सजी प्रस्तुतियों को देखने के लिए लोग रुक-रुक कर कार्यक्रम का आनंद ले रहे हैं और तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के फूड स्टॉल पर भी दिनभर अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। चिला, ठेठरी, खुरमी और फरा जैसे पारंपरिक व्यंजनों को चखने के लिए लोग खास रुचि दिखा रहे हैं। कई आगंतुक पहली बार छत्तीसगढ़ी ब्यंजन का स्वाद ले रहे हैं और इसकी सादगी, स्वाद और पौष्टिकता की सराहना कर रहे हैं।

वहीं छत्तीसगढ़ पर्यटन पवेलियन को भी दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। पवेलियन के माध्यम से राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध जनजातीय संस्कृति, त्यौहारों और विशिष्ट पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जा रही है। इसका उद्देश्य देश-विदेश के पर्यटकों को छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों से जोड़ना है।

पर्यटक विशेष रूप से चित्रकोट जलप्रपात, बरनवापारा वन्यजीव अभयारण्य और सिरपुर जैसे प्राकृतिक एवं विरासत स्थलों में गहरी रुचि दिखा रहे हैं। लोग यात्रा मार्गों, ईको-टूरिज्म संभावनाओं और होमस्टे सुविधाओं के बारे में सक्रिय रूप से जानकारी ले रहे हैं।

हाई कोर्ट ने न्यायिक कर्मचारियों को नियमित छात्र बनने से रोका, सेवा नियम और अनुशासन को प्राथमिकता देने का आदेश दिया

डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच का आदेश रद्द किया, न्यायिक कर्मचारियों की पढ़ाई केवल निजी या पत्राचार माध्यम से सीमित

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाई कोर्ट ने न्यायिक कर्मचारियों की शिक्षा और सेवा शर्तों को लेकर अहम फैसला सुनाया है। डिवीजन बेंच ने स्पष्ट कर दिया है कि अदालतों में पदस्थ कोई भी कर्मचारी नौकरी में रहते हुए नियमित छात्र के रूप में पढ़ाई नहीं कर सकता।

अदालत का कहना है कि इस तरह की पढ़ाई न केवल कार्यालयीन कार्यों को प्रभावित करती है, बल्कि न्यायिक प्रशासन के अनुशासन पर भी प्रतिकूल असर डालती है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने यह टिप्पणी एक कर्मचारी को नियमित छात्र के रूप में एलएलबी की पढ़ाई की अनुमति दिए जाने के मामले में सुनवाई करते हुए की।

डिवीजन बेंच ने इस प्रकरण में सिंगल बेंच के आदेश को रद्द कर दिया है।अदालत ने अपने फैसले में कहा कि सिंगल बेंच द्वारा पारित आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं था, क्योंकि विभाग को अपना पक्ष रखने का समुचित अवसर नहीं दिया गया। न्यायालय ने इसे न्यायिक अनुशासन के विपरीत माना और स्पष्ट किया कि सेवा नियमों की अनदेखी कर किसी कर्मचारी को विशेष राहत नहीं दी जा सकती।मामले की पृष्ठभूमि में

रायपुर जिला न्यायालय में असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत कर्मचारी अजीत चौबेलाल गोहर का नाम सामने आया। उन्होंने परिवीक्षा अवधि के दौरान एलएलबी की पढ़ाई शुरू की थी।

पहले और दूसरे वर्ष के लिए उन्हें विभागीय अनुमति मिल गई थी, लेकिन सत्र 2025-26 में तीसरे वर्ष की नियमित पढ़ाई की अनुमति विभाग ने देने से इनकार कर दिया। विभाग का तर्क था कि नए नियमों के तहत नियमित छात्र के रूप में पढ़ाई की अनुमति नहीं दी जा सकती।इसके बाद कर्मचारी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर सिंगल बेंच ने उनके पक्ष में आदेश पारित कर दिया। हालांकि, डिवीजन बेंच ने इस आदेश को पलटते हुए विभाग के निर्णय को सही ठहराया।

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका स्थापना नियम 2023 के नियम 11 का स्पष्ट उल्लेख किया। इस नियम के अनुसार, न्यायिक कर्मचारी सेवा में रहते हुए नियमित उम्मीदवार के रूप में किसी भी परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते। वे केवल निजी या पत्राचार माध्यम से ही अपनी शैक्षणिक योग्यता बढ़ा सकते हैं।डिवीजन बेंच ने 4 सितंबर 2025 को विभाग द्वारा कर्मचारी की अनुमति निरस्त करने के आदेश को वैध ठहराते हुए कहा कि सरकारी और न्यायिक सेवा में रहते हुए व्यक्तिगत शैक्षणिक प्रगति से पहले प्रशासनिक अनुशासन और कार्यालयीन जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देना अनिवार्य है।यह फैसला न केवल न्यायिक कर्मचारियों के लिए एक स्पष्ट दिशा-निर्देश है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सेवा नियमों के मामले में अदालत किसी प्रकार की ढील के पक्ष में नहीं है।

अनुशासन को प्राथमिकता देने का निर्देश

हाई कोर्ट ने छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका स्थापना नियम 2023 के नियम 11 का हवाला देते हुए कहा कि न्यायिक कर्मचारी केवल निजी या पत्राचार माध्यम से पढ़ाई कर सकते हैं। डिवीजन बेंच ने 4 सितंबर 2025 को विभाग द्वारा अनुमति रद्द करने के आदेश को वैध ठहराया और कहा कि सरकारी व न्यायिक सेवा में रहते हुए प्रशासनिक अनुशासन और जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देना अनिवार्य है।

■ न्यूज गैलरी

हिर्री में अरविंद लहरिया ने फहराया शान से तिरंगा

मस्तूरी/नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हिर्री के हाई स्कूल प्रांगण में गणतंत्र दिवस पर अरविंद लहरिया ने बड़े ही आन बान शान से तिरंगा फहराया। कांग्रेस नेता अरविंद लहरिया के मुख्य आतिथ्य तथा सरपंच देवकुमारी गुलाबसाहू के अध्यक्षता में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया । अतिथि द्वारा भारत माता के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित पूजा अर्चना कर झंडा फहराने के बाद राष्ट्रीय गान किया गया। तथा स्कुली छात्र / छात्राओं द्वारामनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अरविंद लहरिया ने गणतंत्र दिवसपर प्रकाश डालते हुए कहा संविधानहमारी रक्षा करता है उनके बताये गए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई संदेश दिए। विशिष्ट अतिथि निर्वाचन पर्यवेक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू नेअपने उद्बोधन में कहा 26 जनवरी 1950 कोहमारे देश में संविधान लागू हुआ।

बिल्हा में 'भारतीय भाषा परिवार' पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

शासकीय अग्रसेन कॉलेज में 'भारतीय भाषा परिवार' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

बिल्हा/नवप्रदेश। शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा में आज से 'भारतीय भाषा परिवार' विषय पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन शुरू हुआ। भारतीय भाषा समिति, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम के प्रथम दिन विभिन्न अकादमिक सत्रों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय भाषाओं की समृद्ध विरासत पर गहन चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महाराजा अग्रसेन जी की पूजा, दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ राज्यगीत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि आचार्य ए.डी.एन. वाजपेयी (कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर) ने 'जय जोहार' से अपना उद्बोधन छत्तीसगढ़ी भाषा के साथ किया। छत्तीसगढ़ी भाषा को हृदय के अत्यधिक समीप बताते हुए इस सम्मेलन को छात्र-छात्राओं को जागृत करने का माध्यम कहा। 'पांच कोस में पानी दस कोस में बानी' का परिवर्तन भारत में देखा जाता है। यह कहावत उनके ज्ञानवर्धन, मार्गदर्शन और शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। छात्रों और प्राध्यापकों को प्रेरित किया। ?मुख्य वक्ता प्रो. चितरंजन कर ने कहा कि शब्द ब्रह्म है। भाषा हमारी चेतना है। जय तक हम बोल रहे है। तब तक दम जिंदा है। संस्कृति की फसल चेतना है। भाषा की खेती साहित्य है। अपने गीत ' भिन्न-भिन्न बोलियाँ अर्थ एक है। मिन्न-भिन्न शैलियाँ धर्म एक है।' साहित्य व्याकरण से अधिक महत्त्वपूर्ण है। कब, किससे क्या बोलना है। भाषा विज्ञान समझता है। भाषा आत्मा में बसती है। अंत में छात्रों को संम्बोधित करके कहा 100% अंक होने के बाद भी अपने को छात्र प्रस्तुत नहीं कर सका तो अंक शून्य होगा ।। ?इस अवसर पर 'भारतीय भाषा परिवार' पर केंद्रित कॉन्फ्रेंस सोवेनियर (स्थह्व1द्गठ्ठद्बह्) का विमोचन भी किया गया। ??प्रो. नीलाद्रि शेखर दाश (द्बस्ढ्ढ कोलकाता) ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और भारतीय भाषा परिवार' पर व्याख्यान दिया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने संगोष्ठी को और भी रोमांचक बनाया

दिन के सत्र के बाद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें प्रो. स्वाति चंदोरकर द्वारा निर्देशित कलासेतु टीम ने 'कैकेयी' नाटक का मंचन किया। इसके अलावा छात्रों ने बहुभाषी गीत, कविताएं और लोक नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे भारत की विविध संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन हुआ। संगोष्ठी में महाविद्यालय प्राध्यापक, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही, और भारतीय भाषाओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए यह आयोजन प्रेरणादायक साबित हुआ।

भारत माता स्कूल की अव्यवस्थाओं को लेकर एबीवीपी का ध्यानाकर्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) बिलासपुर महानगर के दयालबंद भाग द्वारा रेलवे क्षेत्र स्थित भारत माता स्कूल, बिलासपुर में व्याप्त गंभीर अव्यवस्थाओं एवं सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर विद्यालय प्रशासन का ध्यानाकर्षण किया गया। एबीवीपी ने स्कूल परिसर में बढ़ती अराजकता, असुरक्षा और प्रशासनिक लापरवाही पर कड़ा रोष व्यक्त किया।

एबीवीपी पदाधिकारियों ने बताया कि विद्यालय परिसर में भारत माता की फोटो/प्रतिमा का अभाव है, वहीं हाल ही में चाकूबाजी जैसी गंभीर घटना सामने आना विद्यार्थियों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। इसके साथ ही एक ऐसी महिला शिक्षिका का वर्तमान में सेवा में पाया जाना, जिन्हें पूर्व में निलंबित किया जा चुका है, प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है।एबीवीपी बिलासपुर महानगर मंत्री अतिंद्र धर दीवान ने स्पष्ट शब्दों में मांग की कि विद्यालय परिसर में भारत माता की फोटो तत्काल स्थापित की जाए, चाकूबाजी एवं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो तथा निलंबित शिक्षिका के प्रकरण में विद्यालय प्रशासन द्वारा तुरंत कठोर निर्णय लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विद्यालय प्रशासन की होगी। इस अवसर पर प्रांत सह मंत्री एवं विभाग संयोजक हेमांशु कौशिक, महानगर सह मंत्री प्रणव गौतम सहित आयुष तिवारी, वैष्णवी परसाई, अजय दुबे, रिशु साहू, भाग संयोजक नैतिक नामदेव, भाग मंत्री विपुल अग्रवाल, राहुल सहित अन्य मौजूद रहे।

रेल संरक्षा के सजग प्रहरियों को महाप्रबंधक ने किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है ।

इसी कड़ी में आज दिनांक 28 जनवरी 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत संरक्षा कोटि के 04 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं संरक्षा सबंधी सराहनीय कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के द्वारा सम्मानित किया गया । बैठक में सम्मानित होने वाले रेल कर्मचारियों में कृष्ण कुमार गुप्ता जो कि लोको पायलट(गुड्स)/ बिलासपुर , मालगाड़ी में ड्यूटि कर रहे थे, दिनांक 28.12.2025 को कार्य के दौरान गतौरा-जयरामनगर सेक्शन में, डाउन दिशा से आती हुई मालगाड़ी में ब्रेक वेन से 15-16 वें वेगन में हॉट एक्सल देखा। उन्होने इसकी सूचना तुरंत स्टेशन मास्टर एवं ऑन ड्यूटी संबंधित अधिकारियों को दी । उनकी इस सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई । महेश कुमार श्रीवास, जो कि भाटपारा में तकनीशियन-1 के पद पर कार्यरत है । दिनांक 28.12.2025 को हथबंद - भाटापारा सेक्शन में फूट पेट्रोल्लिंग के दौरान उन्होने देखा की कि.मी. 779/12 -1 पर एक्स-जंपर जो कि 90% कटा हुआ देखा । उन्होने तत्काल इसकी सूचना सर्वसंबंधित को दिया । इस प्रकार, इनकी सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई । राहुल आनंद राव वाघमारे जो ट्रैक मैंटेनर ग्रेड-ढ्ढ्ढ आमगाँव नागपुर मंडल में कार्यरत हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में संरक्षा कोटि कर्मियों का सम्मान

रेल परिचालन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हर माह आयोजित सुरक्षा बैठक में सजग और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करता है। 28 जनवरी 2026 को महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत चार सुरक्षा कोटि कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहु, प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी अनूप कुमार सतपथी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला न्यायाधीश प्रवेश स्तर परीक्षा के परिणाम जारी

बिलासपुर। छग उच्च न्यायालय द्वारा छग उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5(1) (बी) के अंतर्गत जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) सीमित प्रतियोगी परीक्षा 2025 हेतु आयोजित लिखित परीक्षा दिनांक 18 जनवरी 2026 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उक्त परीक्षा के परिणाम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट httpsÑ//highcourt.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

बाल सखा सामान्य ज्ञान परीक्षा के टॉपर सम्मानित

बिल्हा/नवप्रदेश। विगत दिनों बाल सखा बिल्हा द्वारा नगर बिल्हा के समस्त उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के मध्य सामान्य ज्ञान परीक्षा का निः शुल्क आयोजन एकता विद्या मंदिर बिल्हा में किया गया था ।

बहुविकल्पीय 100 प्रश्न दिए गए थे जिनका उत्तर ओ एम आर शीट में देना था । इसमें 300 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कर भाग लिया था । इनके परिणामों की घोषणा नगर स्तर एवं विद्यालय स्तर दोनों स्तरों में की गई है । नगर स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय परिणाम घोषित किए गए । उन्हें बाल सखा के सदस्यों ने 26 जनवरी को उनके विद्यालय में मेमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । साथ ही विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । नगर स्तर पर प्रथम स्थान एकता विद्या मंदिर बिल्हा से अनीश कौशिक ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान आदर्श विद्यालय से कु. दीक्षा राज ने एवं तृतीय स्थान एकता विद्या मंदिर से कु. रेशमी गेंदले एवं आदर्श विद्यालय से कु. खुशी मांडरे ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया । विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों में शासकीय सूरजमल उ . मा. विद्यालय बिल्हा से सतीश कुमार, एल्केमिस्ट विद्यालय बिल्हा से राघवेंद्र पुरी गोस्वामी, अग्रसेन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से दिव्यांश शर्मा, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बिल्हा से कु. गीतांजलि पात्रे एवं सरस्वती शिशु मंदिर बिल्हा से भूपेंद्र कुमार बंजारे रहे । बाल सखा के सदस्यों महेश माखीजा, संतोष यादव, नानक मिहानी, बजरंग अग्रवाल एवं अशोक मंगवानी ने सभी विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया ।

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को पार्टी ने सौंपी अहम जिम्मेदारी

कोकराझार (असम) लोकसभा क्षेत्र के प्रवासी प्रभारी नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। पार्टी ने संगठन को सशक्त करने और पूर्वोत्तर भारत में अपनी सक्रिय भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू को असम के कोकराझार (अनुसूचित जनजाति) लोकसभा क्षेत्र का प्रवासी प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी की दीर्घकालिक संगठनात्मक और राजनीतिक रणनीति का अहम हिस्सा मानी जा रही है।पार्टी नेतृत्व ने कोकराझार जैसे रणनीतिक और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र की जिम्मेदारी एक अनुभवी, समर्पित और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले नेता को सौंपकर अपने भरोसे का स्पष्ट संदेश दिया है। श्री तोखन साहू अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में संगठन निर्माण, जनसंपर्क और सामाजिक समन्वय के लिए विशेष पहचान रखते हैं।कोकराझार लोकसभा क्षेत्र बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र का प्रमुख केंद्र है, जहाँ विभिन्न जनजातीय और सामाजिक समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देखने को मिलती है। यह क्षेत्र सामाजिक सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता और विकास की संभावनाओं के लिए जाना जाता है।श्री तोखन साहू की कार्यशैली संवाद, समन्वय और समर्पण पर आधारित रही है। विभिन्न वर्गों और समुदायों के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित करने की उनकी क्षमता उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त बनाती है।

उनका उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना और जन-जन तक पार्टी की नीतियों तथा विकास कार्यों को पहुँचाना रहेगा।पार्टी सूत्रों के अनुसार, श्री साहू शीघ्र ही कोकराझार क्षेत्र का व्यापक दौरा करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों से संवाद कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देंगे।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि श्री तोखन साहू जैसे अनुभवी, सुलभ और ऊर्जावान नेता की नियुक्ति से क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता और जनसंपर्क को नई मजबूती मिलेगी।

दिव्यकथा वाचक पंडित सुरेश ने सुनाई मां भगवती की महिमा की कथा

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा नगर के डोंगरीपारा स्थित सिद्धबाबा पहाड़ पर गुप्त नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्रीमद देवी भागवत महापुराण की सार्वजनिक कथा का आयोजन किया गया।

यह आयोजन 19 जनवरी से 28 जनवरी तक माघ शुक्ल पक्ष में मां भगवती की महिमा और कृपा की कामना के साथ आयोजित किया गया।कथा वाचक व्यास पंडित सुरेश कुमार द्विवेदी ने श्रद्धालुओं को देवी भगवती के विभिन्न प्रसंग सुनाकर आध्यात्मिक आनंद और धार्मिक ज्ञान की प्राप्ति कराई। कथा के दौरान प्रत्येक दिन वैदिक पूजा-पाठ और अनुष्ठान का आयोजन भी किया गया, जिनका संचालन पंडित गोवर्धन त्रिपाठी एवं पंडित दुर्गेश द्विवेदी ने किया। आयोजन के अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं को सावित्री चरित्र, अरुण दानव वध, भामरी देवी उपाख्यान और महाराज परीक्षित का देवी लोक में विमान से जाना जैसे प्रसंग सुनाकर कथा का रसपान कराया गया।

खेल

क्रिकेट के साथ सामाजिक संदेश भी, 'खेलबो-खेलाबो और समाज के लइका मन ला नशा से दूर कराबो'

यादव प्रीमियर लीग सीजन-1 का भव्य आयोजन, क्रिकेट-प्रेमियों में उत्साह

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर के क्रिकेट प्रेमियों को एक बड़ी खेल-सौगात मिलने वाली है। कृष्ण सेना यादव समाज, बिलासपुर द्वारा यादव प्रीमियर लीग सीजन-1, 2026-27 का भव्य आयोजन 4-14 फरवरी तक किया जा रहा है। यह रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता न केवल रोमांचक मुकाबलों की साक्षी बनेगी, बल्कि यादव समाज के उभरते और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगी।

आयोजन समिति के प्रमुख शैलेंद्र यादव ने पत्रकारों से जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन जेपी वर्मा कॉलेज ग्राउंड, बिलासपुर में किया जाएगा, जहां खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और दर्शकों के उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। यह प्रतियोगिता समाज में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ आपसी एकता और भाईचारे को भी मजबूत करेगी। यादव ने बताया कि इस पूरे खेल-आयोजन को एक खास सामाजिक संदेश 'खेलबो, खेलाबो और समाज के लइका मन ला नशा से दूर कराबो...' के साथ जोड़ा गया है।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए विजेता टीम के लिए 51,000 तथा उप-विजेता टीम के लिए 31,000 की पुरस्कार राशि घोषित की गई है। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज को स्पोर्ट्स साइकिल, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को 5,000-5,000, जबकि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक को 2,100 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा के प्रति उत्साह और बढ़ेगा। यादव ने बताया कि IPL की तर्ज पर होने वाले YPL में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए पंजीयन शुल्क ?500 निर्धारित किया गया है। पंजीयन के अंतिम दिन 28 जनवरी तक सभी 16 टीमों के लिए आवश्यक 224 खिलाड़ियों का पंजीयन हो चुका है।

पंजीयन, नियम और आयोजन समिति

16 टीमों के 224 खिलाड़ियों का पंजीयन 28 जनवरी 2026 तक पूरा हो चुका है। नीलामी 31 जनवरी को आयोजित होगी, जिसमें टीमें अपने खिलाड़ी चुनेंगी। प्रत्येक मैच 8-8 ओवर का होगा, जबकि सेमी-फाइनल और फाइनल 10-10 ओवर का होगा। निर्णय अंपायर और आयोजन समिति का अंतिम एवं सर्वमान्य माना जाएगा। प्रतियोगिता में केवल बिलासपुर, मुंगेली और लोरमी क्षेत्र के यादव समाज से संबंधित खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। पहचान-सत्यापन के लिए आधार कार्ड और फोटो अनिवार्य है।

सुविचार

जो शख्स दूसरों की खुशी में खुश रहने का हुनर जानता हो वह कभी दुखी हो ही नहीं सकता। - अज्ञात

एक दैदित्यमान नक्षत्र का अवसान

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का एक विमान हादसे में दुखद निधन एक दैदित्यमान नक्षत्र का असमय अवसान है। निश्चित रूप से अजित पवार का निधन महाष्ट्र की ही नहीं बल्कि पूरे देश की राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति है। अजित पवार उन बिरले नेताओं में से एक थे जो सुबह पांच बजे उठकर जनसेवा में जुट जाते थे। उनके निवास पर अल सुबह ही फरियादियों का ताता लग जाता था और उनके यहां से कभी कोई निराश होकर नहीं लौटता था। अजित पवार जमीन से जुड़े नेता थे और उन्होंने राजनीति में अपने बलबुते ही मुकाम हासिल किया था अजित पवार देश के ऐसे एकमात्र नेता रहे हैं जो उत्तरप्रदेश के बाद देश के दूसरे बड़े प्रदेश महाराष्ट्र के छह बार उपमुख्यमंत्री रहे हैं। उनके अलावा देश में और कोई नेता छह बार किसी प्रदेश का उपमुख्यमंत्री नहीं रहा है। अजित पवार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने का सपना देखते रहे किन्तु उनका सपना साकार नहीं हो पाया। 2004 में अजित पवार के मुख्यमंत्री बनने का अवसर आया था जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 71 सीटें मिली थी और कांग्रेस को 69 सीटें प्राप्त हुई थी। उस समय सबसे बड़ी पार्टी के नेता होने के नाते अजित पवार मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार बनकर उभरे थे लेकिन उनके चाचा और रांकापा के सुप्रीमों ने उनका रास्ता कांट दिया और रांकापा से छोटी पार्टी कांग्रेस को मुख्यमंत्री पद तोहफे में दे दिया। जिसके चलते विलास राव देशमुख मुंख्यमंत्री बने थे। उसके बाद से ही अजित पवार और उनके चाचा शरद पवाी के बीच दुरियां बढ़ने लगी थी। भले ही वे रांकापा में थे और उन्हें कई बार उपमुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला लेकिन उनके मन में यह टीस हमेशा बनी रही कि वे अपने चाचा की वजह से मुख्यमंत्री बनने से वंचित रहे गये थे। चाचा और भतीजे के बीच मतभेद जब ज्यादा बढ़ गये तो अजित पवार ने 2024 में बगावत कर दी और अपने चाचा का साथ छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर भी अपना कब्जा जमा लिया। इसके बाद विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपनी ताकत दिखाई और उनके 41 विधायक चुनकर आये जबकि शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा का सुपड़ा ही साफ हो गया। देवेन्द्र फणडवीस ने उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया और राजस्व सहित कई महत्वपूर्ण विभाग उनको सौंपे जिससे महाराष्ट्र की राजनीति में अजित पवार का कद और बढ़ गया और शरद पवार को इस बात का एहसास हो गया कि अजित पवार के बिना उनकी पार्टी अब हासिए पर जा रही है। नतीजतन हाल ही में हुए महाराष्ट्र के नगरीय निकाय चुनाव में चाचा भतीजे के बीच मतभेद दूर हुए और दोनों ने मिलकर कई निकायों में सीटों का तालमेल किया। सह बात अलग है कि उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली। महाराष्ट्र में यह कयास भी लगाये जा रहे थे कि रांकापा के दोनों धड़े अब एक हो जाएंगे। किन्तु इसी बीच अजित पवार नहीं रहे जो रांकापा के लिए गहरा सदमा है। जिससे उबरने में समय लगेगा। अब रांकापा का नेतृत्व कौन संभालेगा इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। जाहिर है रांकापा अभी भी एनडीए का ही हिस्सा रहेगी और अजित पवार की जगह उनकी पार्टी के किसी अन्य वरिष्ठ नेता को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। रांकापा के नौ विधायक जो मंत्री बने हैं वे भी यथावत बने रहेंगे। ज्यादा संभावना इस बात की है कि अजित पवार की धर्मपत्नि सुनेत्रा पवार जो राज्यसभा सदस्य हैं वे अजित पवार की विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़े और उन्हें ही उपमुख्यमंत्री बनाया जाये। साथ ही वे पार्टी की भी कमान संभाल सकती है। रांकापा के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रफुल पटेल भी पार्टी को संभालने में उनके सहायक बन सकते हैं जो इस समय भी रांकापा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। अजित पवार के संबंध मुख्यमंत्री देवेन्द्र फणडवीस के साथ भी मित्रतापूर्ण रहे हैं। इसलिए देवेन्द्र फणडवीस भी उनकी पार्टी को साथ लेकर ही चलेंगे क्योंकि 2024 में जब महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव परिणाम सामने आये थे तो एक बार फिर एकनाथ शिंदे सीएम पद को लेकर अड़ गये थे लेकिन अजित पवार ने देवेन्द्र फणडवीस का साथ दिया जिसकी वजह से एकनाथ शिंदे ठंडे पड़ गये और देवेन्द्र फणडवीस की ताजपोशी आसान हो गई थी। देवेन्द्र फणडवीस इस एहसान का बदला जरूर चुकाएंगे और वे अजित पवार के परिवार के साथ खड़े रहेंगे।

सद्गुरू बोधामृतम्

❖ दुनिया में कोई कुछ भी कहे हमारी सोच बस आत्मा पर टिकी रहनी चाहिए। आत्म अनुसंधान पर टिकी रहनी चाहिए। आत्म बिंदु पर टिकी रहनी चाहिए।

❖ क्रोध का परिणाम दुख होता है। विषयों के चिंतन से कामना उत्पन्न होती है और कामनाओं को प्रकृति पूरी नहीं कर सकती और क्रोध का उद्भव होता है जो कि दुख का कारण बनता है इसीलिए विषयों के चिंतन से बचें।

आज का इतिहास

1911 'कैनेडियन नेवल सर्विस' का नाम बदलकर 'रॉयल कैनेडियन नेवी' किया गया। 1913 'हाउस आफ़लॉर्ड्स' ने आइरिश होम रूल बिल को ख़ारिज किया।1933 एडॉल्फ़हिटलर ने आधिकारिक रूप से जर्मनी के चांसलर की कमान सम्भाली। 1943 स्टालिन ग्राफ़ के पास सोवियत फ़ौजों से जर्मन सेना हारी। 1948 महात्मा गांधी की हत्या हुई। 1949 - रात्रि एयर मेल सेवा की शुरूआत हुई। 1957राष्ट्र संघ ने दक्षिण अफ़्रीका को अपनी नस्ल भेदी नीति पर पुनर्विचार करने के लिए कहा। 1964 दक्षिण वियतनाम में सेना ने सत्ता पर कब्ज़ा किया। 1971 इंडियन एयरलाइंस के 'फोकर फ्रेंडशिप विमान' का अपहरण। 1972 पाकिस्तान ने 'राष्ट्रमंडल' से अपना नाम वापस लिया। 1974 इंडियन एयरलाइंस के 'फोकर फ़्रेंडशिप विमान' का अपहरण हुआ। 1979 रोडेशिया में नया संविधान बना, जिसमें अश्वेतों को सत्ता में भागीदारी का अधिकार मिला।

डॉ. ओ.पी त्रिपाठी

इस समझौते के बाद भारत में यूरोपीय निवेश बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही भारतीय स्टार्टअप्स और कंपनियों के लिए यूरोप के बाजार के दरवाजे और आसान हो जाएंगे। आने वाले वर्षों में इस डील का असर भारत की अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार में साफतौर पर दिखाई देगा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह समझौता लोकतंत्र, कानून के शासन और मल्टीलेटरलिज्म के प्रति भारत और ईयू की साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में सुधार जरूरी है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से हर साल करीब 4 अरब यूरो (43 हजार करोड़ रुपए) के टैरिफकम होंगे और भारत व यूरोप में लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए मौके बनेंगे। असल में भारतदृईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट दुनिया को साफसंदेश देता है कि आज की ग्लोबल चुनौतियों का सबसे अच्छा जवाब आपसी सहयोग है, न कि अलग-थलग होकर फैसले लेना।

भारत और यूरोपीय संघ ने रचा इतिहास

भारत और यूरोपीय संघ यानी ईयू ने बीती 27 जनवरी को एक बड़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया। राजधानी दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुए 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों पक्षों ने अपने इतिहास के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते यानी एफ्टीए पर आधिकारिक तौर पर हस्ताक्षर कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समझौते को भारत के व्यापारिक इतिहास का सबसे बड़ा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह डील सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत-ईयू रिश्तों को एक नई दिशा देने वाली है। यूरोपियन यूनियन मुख्य रूप से यूरोप में स्थित 27 सदस्य देशों का एक अद्वितीय राजनीतिक और आर्थिक संघ है। इसका उद्देश्य शांति, समृद्धि, मानवाधिकारों की रक्षा और अपने सदस्य देशों के बीच स्थिरता को बढ़ावा देना है। लगभग दो दशक की माथापच्ची, उधेड़बुन, असमंजस, सवाल समाप्त हुए और दोनों लोकतांत्रिक शक्तियां 'मदर डील' पर सहमत हुईं। आपस में हस्ताक्षर कर दिए गए और दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर ने इस सर्वाधिक व्यापक 'मुक्त व्यापार समझौते' (एफ्टीए) की घोषणा कर नई विश्व-व्यवस्था की बुनियाद रख दी। व्यापक और विश्व व्यवस्था परिवर्तनकारी इसलिए माना जा सकता है, क्योंकि पहली बार 193 करोड़ से अधिक की आबादी एक एफ्टीए के दायरे में होगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद भारत में इम्पोर्ट होने वाली यूरोपीय कारें जैसे कि बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया जाएगा। इसके अलावा भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है। यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150 फीसदी टैरिफलगता है। इसे घटाकर 20दृ30 फीसदी किया जाएगा।

भारत दुनिया की चैथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि ईयू दूसरी सबसे बड़ी। दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का करीब 25 फीसदी और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं। जिसे 2032 तक 40 लाख करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। यूरोपीय संघ विश्व की दूसरी और भारत चैथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लिहाजा यह 'मदर डील' ही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस समझौते को सिर्फ एक व्यापारिक डील नहीं, बल्कि साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट बताया। उन्होंने कहा कि यह एग्रीमेंट ग्लोबल सप्लाई चेन को मजबूत करेगा और

इनोवेशन के नए रास्ते खोलेगा। पीएम मोदी ने इसे 'पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल गुड' करार दिया। इस समझौते से भारत और 27 यूरोपीय देशों के बीच व्यापार, निवेश और इनोवेशन को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

इस एफ्टीए से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की 'टैरिफदादागीरी' का बड़ा रचनात्मक और शालीन जवाब दिया गया है। इसके अलावा, चीन के समानांतर भारत को 'इनोवेशन एंड मैन्यूफैक्चरिंग हब' बनाने का लक्ष्य तय कर चीनी वर्चस्व को भी चुनौती दी गई है, लिहाजा वाकई यह 'मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स' है। चीन में करीब 1700 यूरोपीय कंपनियां सक्रिय हैं। क्या अब वे भारत शिफ्ट हो सकती हैं? इसकी प्रबल संभावना बन गई है।

यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि जब 2027 में यह एफ्टीए यूरोप के सभी 27 देशों में लागू हो जाएगा, तब भारत के 99 फीसदी से अधिक उत्पाद, सामान या तो 'टैरिफ मुक्त' होंगे अथवा रियायती शुल्क ही देना पड़ेगा। मसलन-जैतून का तेल, वनस्पति तेल, ऑप्टिकल उपकरण, मशीनरी, रासायनिक एवं सर्जिकल उपकरण, फार्मा (खासकर जेनेरिक दवाएं), वस्त्र, रत्न-आभूषण, चमड़ा एवं जूते-चप्पल, चॉकलेट, पास्ता आदि लंबी सूची है। अधिकतर उत्पादों और उपकरणों को 'टैरिफ-मुक्त' तय किया गया है। करीब 2 ट्रिलियन डॉलर के यूरोपीय बाजार में 2030 तक भारतीय उत्पादों का निर्यात 300 अरब डॉलर तक ले जाने का भी लक्ष्य रखा गया है। इससे महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कानपुर, आगरा के सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसएमई) का व्यापारिक लाभ काफी बढ़ सकता है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर ने खुलासा किया है कि 4 अरब यूरो से अधिक के टैक्स खत्म करने का फैसला किया गया है। इससे दो तरफा व्यापार बढ़ेगा, लाखों नौकरियां पैदा होंगी, दोनों पक्षों की प्रतिभाएं, छात्र, शोधार्थी और पेशेवर एक-दूसरे के देशों में सहजता से आ-जा सकेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, 8 लाख से अधिक भारतीय इस समय यूरोप के देशों में बसे हैं और काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस व्यापार समझौते को 'साझा समृद्धि का ब्लू प्रिंट' करार दिया है। गौरतलब यह भी है कि भारत की करीब 1500 कंपनियां फिलहाल यूरोप में सक्रिय हैं। एफ्टीए के बाद नीदरलैंड से प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण होगा, लिहाजा 2030 तक भारत विश्व के शीर्ष 5 सेमीकंडक्टर हब में आ सकता है। फ्रांस, जर्मनी, इटली सरीखे देश भारत में रक्षा-फैक्ट्रियां स्थापित कर सकेंगे। अभी यूरोपीय कारें भारत में बहुत महंगी पड़ती हैं, क्योंकि उन पर 110 फीसदी टैक्स है। अब आगामी पांच साल में, चरणबद्ध तरीके से, यह टैक्स मात्र 10 फीसदी तक लाया जाएगा। जो लोग ऑडी, मर्सिडीज, फॉक्सवैगन, पोर्शे, बीएमडब्ल्यू सरीखी यूरोपीय कारों के शौकीन हैं, उनके लिए यह एफ्टीए भारी बचत की खबर लाया है। अब यूरोपीय बीयर पर टैरिफ 50 फीसदी कम किया गया है और शराब पर 40 फीसदी ही टैक्स लगेगा, जबकि अभी यह टैक्स 150 फीसदी तक है। भारत-यूरोप की यह 'मदर डील' बहुआयामी है, क्योंकि यह बहुपक्षीय गठबंधन की पक्षधर है। दुनिया के देश किसी एक-दो देशों की धमकियों के दबाव में कांपते और डरते न रहें, लिहाजा ऐसी डील कर जवाब दिया गया है। भारत और ईयू के बीच मुक्त व्यापार समझौता होने से पहले ही अमेरिका और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मिर्ची लग गई है। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि भारत के साथ एफ्टीए पर हस्ताक्षर करके यूरोप अपने ही खिलाफरूसी जंग को फंडिंग दे रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव (वित्त मंत्री) स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यूरोप ने भले रूस के साथ अपने तेल खरीद को महत्वपूर्ण रूप से समाप्त कर दिया है, लेकिन अब वो भारत में रिफाइन हो रहे रूसी तेल उत्पादों को खरीदने की तैयारी में है और इस तरह अप्रत्यक्ष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध को वित्त पोषित (फंडिंग) कर रहे हैं।

योगेश कुमार गोयल

दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आन्दोलन का सामना नहीं कर पाएगी और आखिरकार उसे उनके इस राष्ट्रव्यापी आन्दोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा और इस प्रकार अंग्रेजों को भारत को स्वतंत्र करने पर बड़ी आसानी से विवश किया जा सकेगा। जब यही बात गांधी जी के सामने उठाई गई तो उन्होंने अंग्रेजों की मजबूरी से फायदा उठाने से इन्कार कर दिया। हालांकि उस दौरान अंग्रेजों के खिलाफगांधी जी ने आन्दोलन तो जरूर चलाया लेकिन उनका वह आन्दोलन सामूहिक न होकर व्यक्तिगत स्तर पर किया गया आन्दोलन ही था।

हिंसा के दौर में गांधी के सिद्धांतों की प्रासंगिकता

2 अक्तूबर 1869 को पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी जीवन पर्यन्त देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान से पूरी दुनिया सुपरिचित है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक महात्मा गांधी का आज 78वां बलिदान दिवस है, जिनकी 30 जनवरी 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले गांधी जी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया था। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने कई किताबें लिखी, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं क्योंकि उनके ये अनुभव, उनके विचार आज भी उतने ही सार्थक हैं, जितने उस दौर में थे। सही मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाडू का सहारा। दूसरा, जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा, चरखा, जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया।

गांधी जी प्रायः कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं



महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर विशेष

और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें। लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी जी कहा करते थे कि आप ऐसे जिएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था।

महात्मा गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे। ऐसे कई किस्से भी सामने आते हैं, जिससे उनकी ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता की स्पष्ट झलक मिलती है। एक बार महात्मा गांधी सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। सरोजिनी नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। सरोजिनी नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी और कहने लगी, 'आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौनसे हाथ में पकड़ा जाता है?' इस पर बापू ने जवाब दिया, 'आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?'

जिस समय द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ, उस समय देश के अधिकांश नेता इस बात के पक्षधर थे कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का अब बिल्कुल सही मौका है और इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए उन्हें इस समय देश में बड़े पैमाने पर आन्दोलन छेड़ देना चाहिए। दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आन्दोलन का सामना नहीं कर पाएगी और आखिरकार उसे उनके इस राष्ट्रव्यापी आन्दोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा और इस प्रकार अंग्रेजों को भारत को स्वतंत्र करने पर बड़ी आसानी से विवश किया जा सकेगा। जब यही बात गांधी जी के सामने उठाई गई तो उन्होंने अंग्रेजों की मजबूरी से फायदा उठाने से इन्कार कर दिया। हालांकि उस दौरान अंग्रेजों के खिलाफगांधी जी ने आन्दोलन तो जरूर चलाया लेकिन उनका वह आन्दोलन सामूहिक न होकर व्यक्तिगत स्तर पर किया गया आन्दोलन ही था।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खुद की ख़ोज में शामिल हुआ : एक भारी एकाकीपन जहाँ अंतर्मन इच्छाओं के तार पर, झूलता है। बाजारवाद का दौर और : रोजमर्रा की भाग दौड़ निगल गया है, 35 पार के मन को जैसे : खाया गया हो,ऊर्जावान सूरज। प्रेम के सभी दरवाज़े अब बंद है, मेरे तेरे लिए न मैं आवाज लगाती न तुम बिना कहे आते बचकानी बातों सी लगती है प्रेम की सभी खिड़कियाँ क्योंकि भीतर है, बस तुम और मैं का झगड़ा।

– अनुभूति 'अनु'

सभी देश भक्तों से मेरा एक प्रश्न है कि आजकल जो तिरंगे को साड़ी सूट के रूप में पहनते हैं क्या आपको भी ये हमारे राष्ट्र ध्वज तिरंगे का अपमान लगता है? आसमान में लहराने वाले और हमारे देश की आन बान ,शान और सम्मान है तिरंगा और उसी तिरंगे को साड़ी के रूप में पैरों पर लपेटना क्या ये उचित है? – **सविता वर्मा गजल**

किस लिए जी रहे हैं हम ? क्या कभी आप ने सोचा है? योद्धा का समर्थक हो जाना , शर्मनाक है। मानवता फर्स्ट को कौन मानता है? क्या मानवता के लिए धर्म और जाति जरूरी हैं? मैं गालियों को सौगात कर लूँगा , यही झोली में तुझे मिला है दोस्त मैं बीते पलों को क्या जानूँ,"मसीहा" ज़िंदगी जख्म दे रही है दोस्त। – **केदार नाथ शब्द मसीहा**



कब तलक ये छेद वाली नाव हम खेते रहेंगे। वर्ग के जज़िया सरीखे दाम हम देते रहेंगे। जो नहीं हमने किया अपराध उसकी ये सजा। कब तलक ये भेद वाले घाव हम सेते रहेंगे। – **हरिवल्लभ शर्मा 'हरि'**

ब्राह्मण तेरी कब्र खुदेगी ये नारा क्या मानसिक प्रताड़ना, जातिसूचक प्रताड़ना और हिंसा को सपोर्ट नही करता फिर कैसे इस नारे को देने वाले इस देश में आराम से रह रहे हैं क्यों नहीं कोई संगठन इस नारे के विरोध में खड़ा हुआ और कोर्ट में केस नही लेकर गया। क्यों नहीं आंदोलन छेड़ा गया।अब भुगतो लापरवाही का नतीजा।

– दिव्या राकेश शर्मा

एक प्रश्न, आखिर सिस्टम में व समाज में कौन है ? जो समय समय पर चुनिंदा जख्मों को कुरेद देता है। शांत माहोल को अशांत कर देता है। उसकी पृष्ठभूमि क्या है ? किसके लाभ हेतु करता है और किसके कहने पर करता है एक साफ-सुथरा जामा पहन ? गम्भीरता से चिंतन किजिए। जागरुक बनिए जागरूक करिए।

– नवीन शंकर शर्मा

अब तमाशा बन्द होना चाहिए चैन की कुछ नींद सोना चाहिए उग चुका जो है वही काफी अभी अब नही कुछ और बोना चाहिए फलसफा दुनिया तमाम ही रखती है उनमे से कुछ आजमाना चाहिए जब चले संसार आगे देख लो पीछे फिर संसार आना चाहिए ।

– मधुलिका शुक्ला

त न हा चलती सांस, मशवरों से तंग जिंदगी, अधूरी ख्वाहिश सी, बेड़ियों में बंद जिंदगी। तुम नहीं थे तो जैसे वीरानी बसती थी हर मोड़-चहकती, मीठी महक सी तुम संग जिंदगी।।

– गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर दोपहर तक ही स्थिति आपके पक्ष में रहेगी इसके बाद धीरे-धीरे व्यवधान आने से धन की भी आमद रुकेगी निवेश से आज बचे अन्यथा फंस सकता है।

वृषः आज दिन शुभ फलदायक रहने से मनचाहा कार्य कर सकेंगे। बड़े लोगो से भी आज आसानी से अपना स्वार्थ सिद्ध कर सकते है। दिन के प्रथम भाग में मानसिक रूप से चंचलता रहेगी।

मिथुनः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। किसी अन्य व्यक्ति के कारण सरकारी उलझनों में फंसने की संभावना है किसी की जमानत लेनी पड़ेगी सम्भव हो तो बचने का प्रयास करे।

कर्कः आज भी दिन में कई बार लाभ के अवसर मिलेंगे। परन्तु आलस्य प्रमाद के कारण कार्यो को गंभीरता से नहीं लेंगे फलस्वरूप उम्मीद से कम में ही संतोष करना पड़ेगा। गुप्त शत्रु पीठ पीछे हानि पंहुचाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

सिंहः आज दिन के आरम्भ में आपके विचारे सभी कार्य ठीक से सिरे चढ़ेंगे धन लाभ की भी सम्भावना जगेगी परन्तु अकस्मात किसी अतिआवश्यक कार्य के आने से पूर्व नियोजित कार्यो को बीच में छोड़ना पड़ेगा।

कन्याः आज का दिन भाग्योदय करने वाला रहेगा शरीर भी साथ देने से कार्यो को निष्ठां से करेंगे। किसी प्रतिष्ठित संस्था अथवा सरकारी क्षेत्र से लाभ के कार्यानुबंध मिल सकते है।

तुलाः कुछ परेशानियों के साथ आज के दिन की शुरुआत होगी। सेहत हल्की सी नरम रहेगी फिर भी कार्य व्यवसाय में जल्दी ही लग जाएंगे प्रातः काल ही छोटी यात्रा के योग भी बनेंगे।

वृश्चिकः आज दिन भर आपके लिए शुभ योग बने रहेंगे। आपके विचारो में आत्मविश्वास एवं दया रहेगी परोपकार के कार्यो को बिना बोले करेंगे।

धनुः कार्य क्षेत्र की कुछ परेशानियों को छोड़ अन्य सभी कार्यो के लिए आज दिन शुभ रहेगा। धार्मिक कार्यो में रुचि रहेगी लेकिन व्यस्तता के कारण ठीक से समय नही दे पाएंगे।

मकरः आज ग्रह स्थिति में परिवर्तन होने से दिन दिन उठा पटक में बीतेगा। बने बनायी योजनाओं में व्यवधान आएंगे।

कुंभः आज के दिन का पूर्वार्ध आपको बेचैन कर सकता है। कुटुंब में अहम् को लेकर टकराव होने से वातावरण कलुषित होगा भाई बंधुओ में बचने पर भी किसी बात को टकराव होने की संभावना है।

मीनः आपका आज का दिन बीते कल से काफी बेहतर रहेगा। आज आप नीतिपूर्वक कार्य करना पसंद करेंगे जिससे धन मिले या न मिले सम्मान अवश्य बढेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में स्पेसटेक सेक्टर के लिए भारत का पहला बीमा किसने लॉन्च किया है?

2) किस देश में पहली बार सुअर की किडनी जीवित व्यक्ति में प्रत्यारोपित की गई है?

3) 'दियासलाई' किस नोबेल शांति पुरस्कार विजेता की आत्मकथा है?

4) वर्ल्ड वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन डे हर साल किस दिन मनाया जाता है?

5) भारतीय रेलवे ने देश का सबसे लंबा एलिवेटेड ग्रेड सेपरेटर ब्रिज किस राज्य में चालू किया है?

उत्तरमाला- (1) टाटा एआईजी (2) अमेरिका (3) कैलाश सत्यार्थी (4) 4 दिसंबर (5) मध्य प्रदेश

पहेली

ई-ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य सचिव ने किया सम्मानित

बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्यः मुख्य सचिव

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में ई-ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य सचिव ने मंत्रालय सहित राज्य शासन के सभी कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनिवार्य रूप से निर्धारित समय में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए है।उन्होंने ऐसा नहीं करने वालों को सचेत करते हुए कार्यालय में निर्धारित समय पर बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने कहा है।

मुख्य सचिव ने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नही करना स्वीकार नही होगा। मुख्य सचिव ने राज्य शासन के सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस से ही फाईल संचालन करने कहा है। मुख्य सचिव ने कहा है कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएग। मुख्य सचिव ने कहा है कि राज्य शासन के सभी अधिकारी-कर्मचारी ई-ऑफिस में ऑनबोर्ड हो जायें। मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी वर्ष से अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश आवेदन ई-ऑफिस प्रणाली से ही स्वीकार किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि अचल सम्पत्ति का विवरण और एसीआर भी प्रतिवर्ष ई-ऑफिस से ही दर्ज किया जाएगा। मुख्य सचिव ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा है कि टीम भावना से कार्य करें और पूरे देश में छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के रूप में दर्ज करायें। मुख्य सचिव ने सामान्य प्रशासन विभाग एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों को विभागवार ई-ऑफिस का डेटा तैयार करने के निर्देश दिए। विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके कार्यों की स्थिति की जानकारी एसएमएस द्वारा दी जायें। इसी तरह से ई-फाईल में अच्छा कार्य करने के लिए खनिज संसाधन विभाग के कनिष्ठ सहायक प्रदीप कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग-3 के कनिष्ठ सहायक दीनानाथ साहू और सामान्य प्रशासन विभाग-7 के कनिष्ठ सहायक प्रदीप कुमार राय को प्रशंसा पत्र देकर ई-ऑफिस में ई-फाईल कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। मंत्रालय में आयोजित ई-ऑफिस सम्मान समारोह में मुख्य सचिव ने समय पर उपस्थिति दर्ज कराने के लिए मंत्रालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया है। इसमें प्रथम 10 में प्रथम स्थान करने वालों में अवर सचिव राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, संयुक्त सचिव भूपेन्द्र कुमार राजपूत, स्टेनोग्राफर नवीन नाग, सहायक अनुभाग अधिकारी योगेन्द्र कुर्रे, अतिरिक्त सचिव चंद्रकुमार कश्यप, संयुक्त सचिव अनुपम त्रिवेद्वी, अवर सचिव मनोज कुमार जायसवाल, सहायक अनुभाग अधिकारी पवन कुमार साहू, स्टेनोटायपिस्ट भावना यादव और अतिरिक्त सचिव भूपेन्द्र कुमार वासनिकर को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

प्रशंसा पत्र देकर किया गया सम्मानित

मुख्य सचिव ने सभी से ई-ऑफिस में दक्षता से कार्य करने की अपेक्षा की है। उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए कि अधिकारी-कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण देने कहा है। मंत्रालय में आयोजित ई-ऑफिस सम्मान समारोह में जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है उनमें ई-ऑफिस से फाईल वर्क करने के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की संयुक्त सचिव जयश्री जैन, आदिवासी विकास विभाग के संयुक्त सचिव भूपेन्द्र कुमार राजपुत और वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त सचिव प्रणय मिश्रा को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। उप सचिव श्रेणी में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के उप सचिव दुरदेशी राम संतापर, सीएम सचिवालय के उप सचिव तीरथ प्रसाद लाड़िया और सामान्य प्रशासन विभाग-1 के उप सचिव किशोर कुमार भूआर्य को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। अवर सचिव श्रेणी में विधि एवं विधायी कार्य विभाग के अवर सचिव स्वर्गीय रणबहादुर ग्वाली, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के अवर सचिव अरूण कुमार मिश्रा और गृह विभाग के अवर सचिव पूरनलाल साहू को ई फाईल के लिए प्रशंसा पत्र दिया गया। अनुभाग अधिकारियों में गृह विभाग के अनुभाग अधिकारी पी.नागराजन, सामान्य प्रशासन विभाग के अनुभाग अधिकारी नंदकुमार मेश्राम और वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अनुभाग अधिकारी भोलेनाथ सारथी को प्रशंसा पत्र दिया गया।

मराठी समाज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा दानी समाजः अनुराग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज का नाम बड़े दान करने वालों में लिया जाता है। मुझे भी इस बात पर बड़ा गर्व था, कि मैंने उस समाज में जन्म लिया है। वहीं एक दिन कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने बताया कि पूरे प्रदेश में अगर कोई सबसे बड़ा दानवीर समाज है, तो वह महाराष्ट्रीय समाज है। क्योंकि एक समय में यहां भोसले राजा का साम्राज्य हुआ करता था, तब यहां मराठियों की बड़ी संपत्ति? हुआ करतीं थी। समाजसेवा के क्षेत्र में इन लोगों ने बड़ा दान किया। उक्ताशय के विचार अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल ने महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित दिव?यांग बालिका विकास गृह- सियान गुड़ी में गणतंत्र पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप में कहे। अग्रवाल ने कहा कि दूधाधारी मठ का संचालन अग्रवाल समाज द्वारा किया जा रहा है। उस ट्रस्ट का पुराना नाम बालाजी स्वामी ट्रस्ट था। उसे भी मराठों ने बनवाया था। यानी हमसे पहले मराठी दान और समाजसेवा में जुटे हैं। महाराष्ट्र मंडल के 90 वर्षों के सेवाभावी कार्यों के सामने मैं कुछ बोल सकूं, यह सूर्य को दीपक दिखाने जैसा है। मैं यहां आपसे सेवाभाव सीखने आया हूं। मंडल के सियान गुड़ी योजना की प्रशंसा करते हुए अनुराग अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज में भी इसी थीम पर काम किया जा रहा है। कोटा में एक भवन बनवाया गया है। हमारे समाज के 84 वर्षीय युवा विठ्ठल अग्रवाल की इच्छा है कि हम भी ऐसा कार्य करें। मैं उन्हें जल्द यहां लाऊंगा और सियान गुड़ी दिखाऊंगा। अनुराग ने आगे कहा कि दान से बड़ा काम दान का संरक्षण करना होता है। उन्होंने सभी से एक संविधान खुद के लिए बनाने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि आज आप सभी अपने लिए भी एक संविधान का संकल्प लें और उसका पालन करें।

खरीफ विपणन 2025-26 में सिर्फ3 दिन बचे

बलौदा बाजार में लक्ष्य का 90% पूरा, अब तक 7.42 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी



90 प्रतिशत किसानों ने कराया धान विक्रय

जिला खाद्य अधिकारी के अनुसार जिले में पंजीकृत 1,67,120 किसानों में से 1,50,867 किसानों ने धान बेचा है, जो कुल पंजीकृत किसानों का लगभग 90 प्रतिशत है। खरीदी प्रक्रिया तेज़ी से अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है।

रायपुर/बलौदा बाजार/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत बलौदा बाजार जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अब अंतिम चरण में है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के 166 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से खरीदी प्रक्रिया सुचारु रूप से जारी है। अब तक अधिकांश किसानों ने अपना धान विक्रय कर लिया है और खरीदी लक्ष्य का बड़ा हिस्सा पूरा हो चुका है।

लक्ष्य का 90 प्रतिशत पूरा

इस वर्ष बलौदा बाजार जिले में धान खरीदी का लक्ष्य 9 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया था। इनमें से लगभग 7.5 लाख मीट्रिक टन की खरीदी पूरी हो चुकी है, जो लक्ष्य का लगभग 90 प्रतिशत है। धान खरीदी समाप्त होने में अब मात्र तीन दिन शेष हैं। जिले की 166 समितियों में अभी भी लगभग 7 हजार किसान ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक धान का विक्रय नहीं किया है। आने वाले दिनों में खरीदी की अंतिम गति सबसे महत्वपूर्ण होगी।

धान का उठाव भी तेज

अब तक 2,79,255 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है, जो जारी डीओ का 70.66 प्रतिशत है। साथ ही 1,23,867 किसानों से लगभग 7105 हेक्टेयर रकबा समर्पण भी कराया गया है, जिससे खरीदी व्यवस्था पर दबाव कम हुआ है।

अब तक 7.42 लाख मीट्रिक टन खरीदी

जिले में अब तक 7,42,443 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। इसके एवज में किसानों के खातों में 1601 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है, जिससे किसानों को आर्थिक राहत मिली है।

पारदर्शिता के लिए सख्त निगरानी

राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 नवंबर 2025 से धान खरीदी जारी है। प्रत्येक उपार्जन केंद्र में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो साप्ताहिक निरीक्षण कर रहे हैं। अवैध धान रोकने के लिए संयुक्त टीम भी कड़ी निगरानी रख रही है।

नवगुरुकुल से साकार हो रहे युवाओं के सपने

जशपुर की नेहारिका और नीलम ने हासिल किया रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बनाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी दिशा में जशपुर जिले में संचालित नवगुरूकुल युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रहा है। नवगुरूकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले की बेटियां आज न केवल रोजगार प्राप्त कर रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की मिसाल भी बन रही हैं।

नेहारिका को मिला मनपसंद रोजगार

जशपुर की नेहारिका लकड़ा, जिन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से पूरी की, नवगुरूकुल जशपुर कैंपस से प्रोग्रामिंग कोर्स कर आज आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। किसान पिता और रसोइया के रूप में कार्यरत माता के सीमित संसाधनों वाले परिवार से आने वाली नेहारिका को नवगुरूकुल की जानकारी स्कूल शिक्षकों के माध्यम से मिली।

नवगुरूकुल में प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ लीडरशिप, प्रोफेशनल व्यवहार, अंग्रेज़ी संचार और आत्मविश्वास जैसे जीवन कौशल भी सीखे। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद नेहारिका को Kingdom of Chess में कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के रूप में पहला रोजगार मिला। वर्तमान में वे KPS (Kusmi Public School) में कंप्यूटर शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। नेहारिका का कहना है कि नवगुरूकुल ने उन्हें केवल नौकरी ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सही दिशा भी दी। जशपुर जिले की ही नीलम यादव की कहानी भी नवगुरूकुल की सफलता को दर्शाती है। नीलम ने अपनी स्कूली शिक्षा जशपुर के शासकीय एवं निजी विद्यालयों से पूरी की।

जशपुर में डीएसटी प्रायोजित परियोजना के तहत सोलर टनल ड्रायर की स्थापना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नवाचार और स्थानीय संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसी क्रम में जशपुर जिला महुआ फूल के मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल हो चुका है। जिले में महुआ नेक्टर, महुआ च्यवनप्राश, लड्डू, कुकीज़ सहित अनेक पारंपरिक एवं पोषक खाद्य उत्पाद विकसित किए जा रहे हैं।

हालांकि, पूरी मूल्य श्रृंखला में खाद्य-ग्रेड महुआ संग्रह और सुरक्षित निर्जलीकरण एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्वीकृत परियोजना "Technological Augmentation of Indigenous Practices of ST Communities of Chhattisgarh for Sustainable Livelihood and Entrepreneurial Development" वर्तमान में जशपुर जिले में क्रियान्वित की जा रही है। यह परियोजना छ्स्स्ज्ञ द्वारा वैज्ञानिक डॉ. प्रसन्ना कुमार जीवी को स्वीकृत की गई है, जिसे स्थानीय सहभागिता के साथ लागू किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान , कुंडली के वैज्ञानिक डॉ. प्रसन्ना कुमार जीवी द्वारा जशपुर जिले में सोलर टनल ड्रायर की स्थापना की गई है। इस पहल में स्थानीय स्तर पर जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का सक्रिय सहयोग रहा है।

दो महत्वपूर्ण सड़क के कार्यों के लिए 65.77 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के रजत जयंती महोत्सव के विशेष अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलो में महत्वपूर्ण सड़क निर्माण के कार्यों को कराने के लिए स्वीकृति जारी की गई है। इसी कड़ी में रजत जयंती के विशेष मौके पर जिला मुंगेली से सल्फा मोतिमपुर धुमा अमलडीहा मार्ग के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण करने के लिए लम्बाई 22.50 किलोमीटर के लिए 45 करोड़ 25 लाख 66 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री साय को किया आमंत्रित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिष्टाचार भेंट कर राजिम कुंभ कल्प 2026 के लिए उन्हें आमंत्रित किया। यह भेंट मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित हुई, जहां मंत्री ने इस भव्य धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियों और महत्व पर विस्तार से चर्चा की।राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रमुख प्रतीक है। यह कुंभ मेला परंपरा से प्रेरित विशाल स्नान पर्व है, जिसमें लाखों भक्तगण भाग लेते हैं। वर्ष 2026 का यह कल्प विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह राज्य की पर्यटन क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करने का अवसर प्रदान करेगा। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के दौरान पारंपरिक स्नान, धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोक उत्सव आयोजित किए जाएंगे, जो पर्यटकों को आकर्षित करेंगे।इस शिष्टाचार भेंट के दौरान आयुक्त रायपुर महादेव कावरे एवं कलेक्टर गरियाबंद बी.एस. उईके भी उपस्थित रहे।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी खरौद के हीरक जयंती समारोह में हुए शामिल

सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि. खरौद में आठ लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष का किया शिलान्यास

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त, वाणिज्य एवं जांजगीर चांपा जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी आज जांजगीर-चांपा जिले के खरौद नगर पंचायत स्थित शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित हीरक जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के दीर्घ शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए शिक्षा को समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि हीरक जयंती जैसे आयोजन भारत की गौरवशाली बौद्धिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विरासत की स्मृति को सशक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि पहली सदी से 17वीं सदी तक लगभग 1600 वर्षों तक भारत विश्व की अग्रणी आर्थिक शक्ति रहा है। शून्य जैसे महान आविष्कार और नालंदाङ्कतक्षशिला जैसे ज्ञान केंद्र इस तथ्य के सशक्त प्रमाण हैं कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान और नवाचार का वैश्विक केंद्र रहा है।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान युग तकनीक और नवाचार का युग है, ऐसे में शिक्षा को समयानुकूल, व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज़ी से विकास पथ पर अग्रसर है और इस विकास की सबसे मजबूत नींव शिक्षा है। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय की स्मारिका दर्पणग्रंथ का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद्, अधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर में अतिरिक्त कक्ष

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरौद में 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले अतिरिक्त कक्ष का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने से सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में निर्णायक भूमिका निभाती है। वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित आधुनिक तकनीकों के महत्व से अवगत कराते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी साहस, आत्मविश्वास और संघर्ष के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

सिंधी इंग्लिश विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

रायपुर/नवप्रदेश। रामसागरपारा स्थित सिंधी इंग्लिश विद्यालय में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में अनेक आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। इन झांकियों के माध्यम से बच्चों ने देश के महान वीरों के बलिदान, साहस और देशप्रेम को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस अनिता रामनानी ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा देश के शहीदों की प्रेरणादायक गाथाएं सुनाईं। उनके प्रेरक शब्दों से बच्चों में देशभक्ति की भावना और अधिक प्रबल हुई।

न्यूज गैलरी

सिटी कोतवाली को गश्त के दौरान मिला ट्रॉली बैग

कांकेर / नवप्रदेश। की रात्रि नियमित पेट्रोलिंग के दौरान थाना सिटी कोतवाली कांकेर पुलिस टीम को ज्ञानी चौक क्षेत्र में एक लावारिस लाल रंग का ट्रॉली बैग मिला।सुरक्षा की दृष्टि से बैग को थाना लाकर सुरक्षित रखा गया।सूचना मिलने पर बैग स्वामी थाना उपस्थित हुए। पहचान एवं जांच के दौरान बैग में लगभग ?1,00,000/- के सोने के आभूषण एवं ?2,000/- नगद पाए गए, जिसे विधिवत प्रक्रिया पूर्ण कर बैग स्वामी को सुरक्षित सुपुर्द किया गया।पुलिस की इस त्वरित व ईमानदार कार्रवाई से आम नागरिकों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना मजबूत हुई है।कांकेर पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी लावारिस अथवा संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना को दें।

संजय नगर वार्ड में आंगन बाड़ी में संचालित पालन-पोषण 0-3 वर्ष कार्यक्रम संपन्न

कांकेर / नवप्रदेश।महिला बाल विकास विभाग एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन आंगन बाड़ी द्वारा संचालित पालन-पोषण 0-3 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन संजय नगर वार्ड किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय नगर के पार्षद हाजी सलीम मेमन का स्वागत किया गया।तत्पश्चात अम्बिका नादिया मिथलेश वाटी मंडावी सतरूपा रजक मौजूद थे।महिला बाल विकास विभाग के द्वारा कार्यक्रम की विशेषताएं माता के ज्ञान में वृद्धि बच्चों के शारीरिक बौद्धिक भाषा सामाजिक और भावनात्मक विकास का मापदंड कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को लेकर पार्षद सलीम मेमन ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन सफल रहा। ऐसे कार्यक्रम से नौनिहाल बच्चों के शारीरिक बौद्धिक विकास का लाभ मिलता है। ऐसे कार्यक्रम से नौनिहाल बच्चों एवं माताओं को शासन के योजनाओं का लाभ समय समय पर मिलता रहना चाहिए।

जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों ने लगाए आईईडी

कांकेर / नवप्रदेश। थाना छोटेबेठिया कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र में मोदेमरका कोटरी नदी किनारे 03 नग आईईडी बरामद किया गया। इसी तरह ग्राम कलपर में 06 नग आईईडी,फ्टाका बम व अन्य नक्सल समाग्री बरामद किया गया है।डीआरजी/बीएसएफ बलों की संयुक्त कार्यवाही ने किया है। बता दे कि सुन्दरराज पी.पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर विपुल मोहन बाला बीएसएफ महानिरीक्षक सेक्टर भानुप्रतापपुर के मार्गदर्शन निखिल कुमार पुलिस अधीक्षक कांकेर राघवेन्द्र सिंह सेनानी 94 वी वाहिनी बीएसएफ बांदे के निर्देशन में जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों के विरूद्ध लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। डीआरजी/बीएसएफ की संयुक्त टीम थाना छोटेबेठिया जिला कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र मे 23 जनवरी 2026 को ग्राम मोदेमरका कोटरी नदी किनारे 03 नग प्रेसर कुकर आईईडी एवं 29 जनवरी 2026 को ग्राम कलपर थाना के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र से 06 नग प्रेसर कुकर आईईडी 05-05 किग्रा फ्टाका,इलेक्ट्रिक वायर व अन्य नक्सल समाग्री बरामद किया गया। बरामद आईईडी को मौके पर डिफ्यूज कर नष्ट किया गया।

पंचायत में अनियमितता के गंभीर आरोप, बिना जीएसटी बिलों से भुगतान का मामला उजागर!

कोरिया /नवप्रदेश - कोरिया जिले के एसईसीएल क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कटकोना एक बार फिर गंभीर अनियमितता के आरोपों को लेकर चरचा में है। ग्राम पंचायत कटकोना के वर्तमान सचिव पर पूर्व में शासकीय दस्तावेजों में छेड़छाड़ के आरोप लगे थे, जिसकी जांच में आरोप प्रमाणित भी पाए गए थे। बावजूद इसके जनपद पंचायत अधिकारियों द्वारा आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

अब पंचायत में एक नया और अधिक गंभीर मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत कटकोना में सामग्री खरीदी के नाम पर मुकेश गुप्ता ट्रेडर्स के नाम से बिल लगाए जा रहे हैं, जबकि संबंधित फर्म का स्वयं का जीएसटी नंबर ही नहीं है। आरोप है कि किसी अन्य व्यापारी का जीएसटी नंबर लिखकर खाली बिल पंचायत रिकॉर्ड में संलग्न किए जा रहे हैं और उन्हीं के आधार पर भुगतान भी किया जा रहा है। यह न केवल जीएसटी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सीधे तौर पर सरकारी राशि के दुरुपयोग का मामला भी बनता है।

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि जनपद अधिकारी द्वारा सचिव को खुली छूट दी गई है, जिसके चलते ऐसे फर्जीवाड़े निर्बाध रूप से चल रहे हैं। इतना ही नहीं, प्रभारी जनपद अधिकारी पर भी दो प्रतिशत कमीशन लेने के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पूरे जनपद क्षेत्र में कमीशनखोरी का एक संगठित तंत्र सक्रिय है, इसी कारण बिना जीएसटी और संदिग्ध बिलों को भी आसानी से पास कर दिया जाता है।

ग्राम पंचायत काटकोना में लगातार सामने आ रही इन अनियमितताओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि पूर्व में सिद्ध हुए मामलों में ही कड़ी कार्यवाही होती, तो आज यह स्थिति नहीं बनती। अब आवश्यकता है कि जिला प्रशासन और संबंधित जांच एजेंसियां मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें, ताकि पंचायत स्तर पर फैले भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

जिले के हर गांव में गूंजा उल्लास मेला साक्षरता अभियान को मिली नई ऊर्जा

एमसीबी / नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में शिक्षा और जागरूकता का अनूठा उत्सव देखने को मिला। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के तीनों विकासखंडों के समस्त ग्रामों एवं वार्डों में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत भव्य उल्लास मेला आयोजित किया गयइं उल्लास मेला का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नवसाक्षर एवं असाक्षर महिला-पुरुषों में शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करना तथा उन्हें बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के साथ वित्तीय, डिजिटल, कानूनी, स्वास्थ्य साक्षरता और जीवन कौशल से जोड़ना रहा। मेले में शिक्षा को सरल एवं रोचक बनाने हेतु रिंग फेंको, वर्ण पहचानो, उंगली दौड़, जोड़ मशीन, जोड़ी मिलाओ तथा सुरीली कुर्सी जैसी गतिविधियों पर आधारित स्टॉल लगाए गए, जिनमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम शर्मा द्वारा जिले के सभी ग्रामों में शत-प्रतिशत उल्लास मेला आयोजन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अमले को सक्रिय किया गया।

मोड़ बना मौत का जाल, यात्रियों से भरी बस पलटी, 32 घायल, 8 की हालत गंभीर

अनुभवहीन चालक और लापरवाह व्यवस्था पर उठे सवाल

कांकेर / नवप्रदेश। जिले की सड़कों पर एक बार फिर लापरवाही, अव्यवस्था और अनुभवहीनता ने मिलकर यात्रियों की जान खतरे में डाल दी। बांदे से यात्रियों को लेकर जगदलपुर जा रही एक यात्री बस आमाबेड़ा हाईस्कूल बांध सड़क के खतरनाक मोड़ पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि बस में सवार 50 से 55 यात्रियों में से 32 यात्री घायल हो गए, जबकि 8 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज कांकेर रेफर किया गया, वहीं अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमाबेड़ा में जारी है।

मोड़ पर पलटी बस, मची चीख-पुकार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही बस आमाबेड़ा हाईस्कूल के पास स्थित मोड़ पर पहुंची, चालक अचानक बस पर से नियंत्रण खो बैठा। तेज आवाज के साथ बस सड़क किनारे पलट गई। पल भर में अफरा-तफरी मच गई। घायल यात्री मदद के लिए चिल्लाते रहे, कई लोग सीटों के नीचे दब गए तो कुछ बस के शीशे टूटने से घायल हो गए। सड़क पर बिखरे सामान और कराहते यात्री उस भयावह मंजर की गवाही दे रहे थे। वही घटना के बाद से बस चालक फरार हो गया है ।

कांकेर रोडवेज की बस फिर भी सुरक्षा फेल

दुर्घटनाग्रस्त बस कांकेर रोडवेज की बताई जा रही है, जिसका क्रमांक छ्त्त 19 ख्र 4500 है। यह बस बांदे से यात्रियों को बैठाकर अंतागढ़ होते हुए आमाबेड़ा के रास्ते जगदलपुर जा रही थी। सवाल यह है कि नियमित रूप से चलने वाली बस में सुरक्षा मानकों का पालन क्यों नहीं किया गया? क्या बस के चालक को इस मार्ग का पर्याप्त अनुभव था? क्या यात्रियों की संख्या तय सीमा से अधिक थी? इन सवालों ने अब प्रशासन और परिवहन व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

बस बदली गई चालक बना कमजोर कड़ी

पूरे मामले पर आमाबेड़ा टीआई विनोद साहू ने बताया कि कांकेर रोडवेज की नियमित बस सिकसोड़ के पास पट्टा टूटने से खराब हो गई थी। इसके बाद बस मालिक द्वारा उसी के स्थान पर दूसरी बस को जगदलपुर के लिए रवाना किया गया। यही बस आमाबेड़ा हाईस्कूल के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस खुलासे के बाद बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि क्या बदली गई बस की जांच की गई थी?और क्या चालक उस रूट के लिए उपयुक्त था?

अनुभवहीन चालक बना हादसे की बड़ी वजह?

प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण बस चालक का अनुभवहीन होना माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि चालक को इस मार्ग का पर्याप्त अनुभव नहीं था, जिसके चलते वह मोड़ पर बस को नियंत्रित नहीं कर सका। यदि यह अनुमान सही साबित होता है तो यह सीधी-सीधी प्रबंधन की गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। यात्रियों की जान ऐसे चालक के भरोसे छोड़ देना क्या अपराध नहीं है?

कई दिनों से भूखे व्यक्ति को जन सहयोग संस्था ने दी नई जिंदगी

कांकेर / नवप्रदेश। शहर की नामचीन समाजसेवी संस्था जन सहयोग द्वारा आज एक बार फिर एक मरणासन्न व्यक्ति की सहायता कर उसे नवजीवन प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को उनके किसी परिचित सज्जन ने सूचना दी कि बरदेभाटा में आरा मिल के पास एक टी स्टाल के निकट एक व्यक्ति कई दिनों से भूखा- पड़ा हुआ है।मुश्किल से चल फिर कर भीख मांगने की कोशिश करता है । कोई कुछ देता है तो खा लेता है और अब अंतिम घड़ियां गिन रहा है। अजय पप्पू मोटवानी अपनी जन सहयोग की टीम को लेकर तत्काल उक्त टी स्टाल के पास पहुंचे और वहां आसाराम नाम के व्यक्ति को बहुत बुरी हालत में मरणासन्न पाया। मालूम हुआ कि वह विश्रामपुरी के आसपास किसी स्थान का रहने वाला है। यदि भोजन और चिकित्सा सेवा की जाए तो बचने की उम्मीद हो सकती है ।जन सहयोग संस्था के सभी उपस्थित सदस्य फौरन समाज सेवा में लग गए और मरीज़ व्यक्ति को नहलाधुला कर पवित्र किया ।अच्छे वस्त्र पहनाए तथा पौष्टिक भोजन का प्रबंध किया। इस सेवा कार्य से मरणासन्न व्यक्ति की हालत

में बहुत अधिक सुधार देखा गया । फिलहाल उसकी चिकित्सा सेवा जारी है और पूर्णतया ठीक हो जाने पर उसे उसके गांव-घर का पता लगाकर भेजने का काम भी संस्था करेगी, ऐसा पप्पू मोटवानी ने बताया है। लोगों ने जन-सहयोग के इस कार्य की अत्यधिक प्रशंसा की है और स्पष्ट कहा है कि यदि आज समय पर ÷जन सहयोग÷ के सदस्य तथा मोटवानीजी नहीं पहुंचते तो उक्त व्यक्ति का मरण लगभग निश्चित था। आज के महान पुण्य सेवा कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लेने वालों में अध्यक्ष पप्पू मोटवानी के अलावा आरबीएस बघेल (उद्यानिकी विभाग) अखिलेश साहू ,राम पटेल, आशुतोष देव ,करण नेताम,नोहर यादव , राकेश नाग,मोहन साहू पप्पू सेन,आदि वरिष्ठ समाज सेवकों ने भाग लिया, जिसकी प्रशंसा समस्त क्षेत्र में की जा रही है।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई माता परमेश्वरी की जयंती

अंतागढ़ / नवप्रदेश। देवांगन समाज की आराध्य देवी माता परमेश्वरी की जयंती अंतागढ़ के ताड़ोकी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, आमाबेड़ा, देवांगन समाज द्मद्र लोग सामिल हुए समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

?उत्सव की शुरुआत अलसुबह माता परमेश्वरी के अभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। माता का मनमोहक श्रृंगार किया गया। महाआरती के पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

वहीं समाज के लोगों ने माता परमेश्वरी के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज को शिक्षित और संगठित बनाना ही जयंती की असली सार्थकता को बताया है।÷ कार्यक्रम में अजीत देवांगन, देवी प्रसाद देवांगन, लालाराम देवांगन, रामकुमार देवांगन, प्रवीण देवांगन, राधेश्याम देवांगन, कमलेश देवांगन, सोमेश्वर देवांगन, रामविलास देवांगन, भूषण देवांगन, कमलेश देवांगन ,नितेश देवांगन, हिरेंद्र देवांगन ,नेतराम देवांगन, कमलेश देवांगन, अभिषेक देवांगन ,गोपी देवांगन, कमलेश देवांगन, छोटे लाल देवांगन, अन्य लोग शामिल हुए

एसआईआर के नाम पर नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीने जाने का हो रहा प्रयासः पोटाई

कांकेर / नवप्रदेश। चुनाव आयोग द्वारा प्रदेश में किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को ही छीने जाने का प्रयास करने का आरोप कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया।

श्री पोटाई ने बताया कि देश के नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा वोट चोर की मामला अब कांकेर जिला में भी हो रहा है। शहर में 50 वर्षो से निवासरत नागरिकों का नाम मतदाता सूची के प्राथमिक सूची में शामिल होने के बाद वोट की चोरी करने वाले लोग अब गुप चुप तरीके से उन में अनेकों मतदाताओं के नाम विलोपित करने के लिए फार्म 7 का आवेदन जमा किया गया है।

श्री पोटाई ने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत पर अपनी गहरी आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि नेहरू जी ने देश की लोकतंत्र को मजबूत करने और नागरिकों की निर्णय को सम्मान देने के लिए चुनाव आयोग को निष्पक्ष रहने के लिए उनको स्वतंत्र संस्था के रूप में स्थापित किया था। लेकिन बात बात पर नेहरू की आलोचना करने वाले यह भाजपाई लोगों की आज नंगाई सामने उजागर हो रही है जो चुनाव आयोग को अपने इशारों पर चलाने का काम इस लिए कर रहे है ताकि भाजपा अपनी राजनैतिक लाभ को हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि दुनियां का अनुभव है कि हर तानाशाही लोकतंत्र के जरिए सत्ता पर काबिज होकर वे लोकतंत्र का ही गला घोंट दिए थे।इटली के मुसोलिनी,जर्मन के हिटलर जैसे फासिस्ट लोग यह काम को अंजाम दिया था। आज हमारे देश में भाजपा जो एक फासिस्ट विचारधारा की राजनैतिक पार्टी है आज देश के लोकतंत्र को खत्म करने के लिए विरोधियों के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने की घिनौनी कृत्य कर रही है। हाल ही में कांकेर में इस तरह की घटना सामने आने के बाद क्षेत्र की नागरिकों को भाजपा की इस लोकतंत्र का हत्या की मुहिम को रोकने के लिए सड़क पर उतरने की आवश्यकता है।

डॉ. जे.के. आडिल चैंपियंस ट्रॉफी पर आर्यन बिलासपुर का कब्जा

भाटापारा/ नवप्रदेश। मिलन क्रिकेट क्लब, भाटापारा के तत्वावधान में आयोजित डॉ. जे. के. आडिल चैंपियंस ट्रॉफी पर आर्यन बिलासपुर ने कब्जा किया वही उप विजेता भाटापारा टिम रही। स्थानीय कल्याण क्लब में 10 जनवरी से आरम्भ क्रिकेट प्रतियोगिता का गणतंत्र दिवस को समापन हुआ।इस क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलग जिलों एवँ शहरों से कुल 64 टीमो में भाग लिया। 17 दिनों तक रात्रि कालीन चले इस प्रतियोगिता का फाइनल चैंपियंस भाटापारा टीम और आर्यन बिलासपुर के मध्य खेला गया।दोनों टीमों ने अनुशासित, रोमांचक एवं उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

प्रथम पेज का शेष

मंदिरों में वीवीआईपी एंट्री बैन...

गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मंदिरों में वीवीआईपी दर्शन एवं उनकी सुरक्षा के नाम पर आए दिन पुजारियों को गर्भगृह से बाहर निकाल दिया जाता है। महाकाल में वीआईपी दर्शन का मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था। कोर्ट ने कहा था कि महाकाल के सामने कोई वीवीआईपी नहीं हो सकता।

पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गुरु ने बताया कि 'हाल ही में यूपी के मथुरा में स्थित वृन्दावन बांके बिहारी मंदिर में कई बड़े नेताओं के आने पर वहां के पुजारी, सेवादार और उनके परिवार की महिलाओं को सुरक्षा के नाम पर रोक दिया गया। पुलिस द्वारा उन्हें अपमानित किया गया, जो अनुचित है। इसके अलावा माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज और उनके साथ छोटे-छोटे बटुकों का अपमान किया गया। मध्य प्रदेश के नलखेड़ा में माता बगलामुखी के धाम में पुजारियों को हवन करने से अधिकारियों द्वारा रोक दिया गया। ऐसी अनेकों घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसे पुजारी परिवार बर्दाश्त नहीं करेगा। जल्द ही वीआईपी दर्शन व्यवस्था पर प्रतिबंधित कानून बनाया जाए. '

पुजारी महासंघ ने सीएम योगी से पूछे सवाल: अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के प्रदेश सचिव रूपेश मेहता ने 3 मुख्य घटनाओं को याद करते हुए मंदिरों में वीआईपी दर्शन पर रोक की मांग की। उन्होंने कहा कि 'यूपी के (वृंदावन) बांके बिहारी मंदिर में भाजपा के नए अध्यक्ष, प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के आने पर वहां के पुजारी, सेवादार और उनके परिवार की महिलाओं को सुरक्षा के नाम पर रोका गया, उन्हें अपमानित किया गया और पुलिस बल का प्रयोग कर खदेड़ा गया जो सनातन धर्म में सीधे हस्तक्षेप हैं।

वित्त मंत्री निर्मला ने पेश...

सेवाओं सहित सेवा निर्यात, वस्तुओं के निर्यात से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। भारत में कुल एफडीआई निवेश मजबूत बना हुआ है। इक्विटी निवेश और नए प्रोजेक्ट्स (ग्रीनफील्ड) के चलते एफडीआई स्थिर रहा है, जबकि पोर्टफोलियो निवेश में वैश्विक आर्थिक हालात के कारण उतार-चढ़ाव देखने को मिला है।

सरकार की पहचान...

हैं, उन्हें सभी सांसदों ने गंभीरता से लिया होगा। उन्होंने कहा कि माननीय राष्ट्रपति ने संसद के सभी सदस्यों के लिए कई मार्गदर्शक बातें भी सदन के सामने रखी हैं.

9वीं बार बजट पेश करेंगी वित्तमंत्री सीतारमण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण देश की पहली ऐसी महिला वित्तमंत्री हैं, जो लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत करने जा रही हैं। उन्होंने इसे भारत के संसदीय इतिहास में गौरवपूर्ण क्षण बताया और कहा कि यह उपलब्धि अपने आप में ऐतिहासिक है।

'समाज को बांट देगा'...

बेंच तीन रिट याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिनमें 2026 के रेग्युलेशन की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। ये याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, अधिवक्ता विनीत जिंदल और राहुल दीवान द्वारा दायर की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान याचिकाओं पर केंद्र सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को नोटिस जारी किया। अदालत ने सरकार और यूजीसी से 19 मार्च तक जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने कहा तब तक 2026 के रेग्युलेशन स्थगित रहेंगे। साथ ही, अदालत ने यह भी आदेश दिया कि इस बीच यूजीसी के 2012 के रेग्युलेशन लागू रहेंगे।

आर्थिक संबंधों को और मजबूत...

के बीच मध्य-शक्ति देशों की प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया और कहा कि अमेरिका की व्यापार नीतियों से उत्पन्न अनिश्चितता के बीच भारत और श्व अपने गठबंधनों का विस्तार कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि लगभग दो दशकों की बातचीत के बाद यह समझौता दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक ब्लॉक और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था को एक साथ लाता है।

वॉशिंगटन पोस्ट ने इसे ऐतिहासिक करार देते हुए शीर्षक दिया– "India and EU clinch the 'mother of all deals' in a historic free trade agreement"।

द गार्जियन ने लिखा— "Mother of all deals; EU and India sign free trade agreement"।

बीबीसी ने भी इसी तरह की हेडलाइन दी– "India and EU announce 'mother of all trade deals'"।

ब्लूमबर्ग के एक अन्य लेख में गहन आपूर्ति-श्रृंखला एकीकरण की संभावनाओं पर चर्चा की गई, जिसमें कहा गया कि कारों पर शुल्क 100त्न से घटकर 10त्न तक आ सकता है और ऑटो कंपोनेंट्स पर शुल्क पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

एसोसिएटेड प्रेस ने लिखा कि यह समझौता वैश्विक व्यापार के एक-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है।

अल जज़ीरा ने कहा— "Mother of all deals': How India-EU trade deal creates $27 trillion market"।

रॉयटर्स ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए लिखा– "India, EU reach landmark trade deal, tariffs to be slashed on most goods"।

फॉक्स न्यूज़ पर पाकिस्तानी पत्रकार क़मर चीमा ने कहा कि इस समझौते से भारत को बड़ा लाभ होगा क्योंकि कई प्रमुख क्षेत्रों में शुल्क शून्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश अब यूरोपीय बाज़ार में भारत से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएँगे।

विदेशी नेता

यूरोप के कई वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं ने इस समझौते का खुले तौर पर स्वागत किया। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने इसे बहुत सकारात्मक संकेतबताया और आर्थिक वृद्धि व समृद्धि के लिए इसके शीघ्र क्रियान्वयन पर ज़ोर दिया। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर स्टब्ब ने इसे ऐतिहासिक और अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता बताया, जिससे आर्थिक और राजनीतिक संबंधों में उल्लेखनीय मजबूती आएगी। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फक्रिस्टरसन ने कहा कि यह समझौता सहयोग के एक नए युग की शुरुआत करता है और व्यापार व साझेदारी के माध्यम से समृद्धि, प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को मजबूत करता है।

ओलंपिक आयोजन के लिए...

ओलंपिक के शुभंकर और लोगो के अनावरण कार्यक्रम में कहा कि इस आयोजन से सरगुजा के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और कौशल दिखाने का अच्छा मंच मिलेगा। इसके विजेता खिलाड़ियों को राज्य की प्रशिक्षण अकादमियों में सीधे प्रवेश दिया जाएगा। उन्हें यूथ आइकॉन घोषित कर युवाओं व बच्चों को खेलों से जुड़ने और खेलने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

लोगो में मैनपाट का प्रसिद्ध टाइगर पॉइंट प्रपात : सरगुजा ओलंपिक-2026 का लोगो इस अंचल की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और खेल भावना का जीवंत प्रतीक है। लोगो के केंद्र में मैनपाट स्थित प्रसिद्ध टाइगर पॉइंट जलप्रपात को दर्शाया गया है, जो हरियाली, ऊर्जा और निरंतर प्रवाह का प्रतीक है। मध्य भाग में अंकित सरगुजा ओलंपिक 2026 आयोजन की स्पष्ट पहचान के साथ स्थानीय गौरव और अस्मिता को अभिव्यक्त करता है। चारों ओर 12 खेलों के प्रतीक चिन्ह समावेशिता और समान अवसर का संदेश देते हैं।

सरगुजा ओलम्पिक का शुभंकर गजरु को रखा गया: सरगुजा ओलम्पिक 2026 का शुभंकर गजरु को रखा गया है, जो सरगुजा अंचल की प्राकृतिक व सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। आदिवासी समाज में हाथी को बल, धैर्य, बुद्धिमत्ता और एकता का प्रतीक माना जाता है।

माघी पूर्णिमा पर सेतगंगा में आस्था का महासंगम, 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

सेतगंगा मेला: आस्था और संस्कृति का महाकुंभ, एक फरवरी से उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की धर्मनगरी सेतगंगा एक बार फिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का साक्षी बनने जा रहा है। आगामी 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर यहाँ पांच दिवसीय विशाल मेले का आगाज होगा। श्वेतगंगाश् के पवित्र जल में स्नान और भगवान श्रीराम जानकी के दर्शन के लिए जिले सहित पूरे संभाग से हजारों भक्तों की भीड़ जुटने वाली है।

आस्था का सैलाब: 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन सेतगंगा मेला न केवल मुंगेली बल्कि कबीरधाम और बिलासपुर जिले के लोगों के लिए भी बेसब्री से इंतजार का केंद्र रहता है। प्रशासन के अनुमान के मुताबिक, इस वर्ष मेले में 30 से 35 हजार श्रद्धालु शिरकत करेंगे। माघी पूर्णिमा पर यहाँ का माहौल भक्तिमय हो जाता है, जब समाज के अनुयायियों द्वारा भव्य श्चौका आरतीश् का आयोजन किया जाता है।

त्रिवेणी संगम का आकर्षण- श्रद्धालुओं के लिए यह मेला इसलिए खास है क्योंकि यहाँ एक साथ तीन बड़े केंद्रों का त्रिवेणी संगम देखने को मिलता है सेतगंगा में प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर है जहाँ रावण द्वारपाल के रूप में तैनात है, सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर है जो शक्ति की आराधना का केंद्र है एवं बाबा गुरुघासीदास मंदिर है जहाँ माघ पूर्णिमा पर विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं।

मनोरंजन और व्यापार का संगम

मेला क्षेत्र में तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। बच्चों के लिए बड़े झूले, खिलौने, मिठाइयों की दुकानें और कपड़ा बाजार सजने लगा है। हर रविवार को लगने वाला जिले का सबसे बड़ा हाट बाजार मेले के दौरान और भी भव्य रूप ले लेता है। ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत मुंगेली के मार्गदर्शन में मेले की संपूर्ण देखरेख की जा रही है।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम- लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए जिला व स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरों और पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि दूर-दूर से आने वाले तीर्थयात्रियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

पर्यटन और विकास की उम्मीदें- 2010 से पर्यटन सूची में शामिल होने के बाद सेतगंगा का महत्व बढ़ा है, लेकिन मेले की बढ़ती भव्यता को देखते हुए ग्रामीणों ने शासन से मेला परिक्षेत्र में शेड निर्माण, पेयजल की समुचित व्यवस्था, लाइटिंग और सार्वजनिक मंच जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की माँग की है।

क्षेत्रवासियों की प्रमुख माँगें- सेतगंगा को पूर्ण तहसील का दर्जा मिले, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन, मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, बाउंड्रीवाल और सभागार कक्ष का निर्माण, मेला क्षेत्र में शेड निर्माण, प्रकाश और पेयजल की समुचित व्यवस्था।

राजा दलसाय सिंह की परंपरा

आज भी यह मान्यता है कि जो फल अमरकंटक में नर्मदा स्नान से मिलता है, वही पुण्य लाभ माघी पूर्णिमा पर सेतगंगा के इस पवित्र कुंड में स्नान करने से प्राप्त होता है। मंदिर के पास ही एक पवित्र कुण्ड स्थित है, जिसके उद्गम की कहानी पंडरिया के राजा दलसाय सिंह से जुड़ी है। कहा जाता है कि वृद्धावस्था में जब राजा अमरकंटक जाने में असमर्थ हुए, तब माँ नर्मदा ने उन्हें स्वप्न में दर्शन देकर अपने राज्य के पूर्वी तट पर प्रकट होने का संकेत दिया।

न्यूज गैलरी

फास्टरपुर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय फास्टरपुर के प्राचार्य डॉ. पुर्णिमा मिश्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रंजनी मानिक सोनवानी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता ने की। इस अवसर पर शाला सदस्य नरेंद्र जायसवाल, अखिल टोडर, ग्राम सरपंच प्रशांत मसीह, उप-सरपंच बबली डहिरे, पंचगण, सदस्य सचिव एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। राष्ट्रगान के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संविधान के मूल्यों, राष्ट्रीय एकता एवं कर्तव्यों के पालन पर बल दिया। राष्ट्रीय स्वयं सेवको की उपस्थिति रही।अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबाबू मिश्र विद्यालय परिवार के द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया एवं कार्यक्रम का समापन किया गया।

अल्फा पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल महोत्सव

जिलाधीश ने किया खेल स्पर्धा का शुभारंभ बच्चों व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

मुंगेली/नवप्रदेश। अल्फा पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को हुआ। प्रथम दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता में राइजिंग स्टार्स किड्स स्कूल एवं अल्फा पब्लिक स्कूल कक्षा नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताओं में जैसे स्पून रेस, शेक रेस, ग्युजिकल चेयर रेस, 25 मीटर रेस एवं अभिभावकों के लिए रस्सा-कस्सी, म्युजिकल चेयर रेस आदि खेल प्रतियोगिताओं हुई। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

इस वार्षिक खेल में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के जिलाधीश कुंदन कुमार पूरे परिवार के साथ उपस्थित रहें। उन्होंने मशाल जलाकर खेल का शुभारंभ किया एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, पारुल माथुर, विशिष्ट अतिथि मयंक तिवारी एडिशनल

एसपी पद्माक्षी तिवारी, भाजपा अध्यक्ष नगर मंडल सौरभ बाजपेयी, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक तिवारी, डायरेक्टर, सभी उपस्थित रहे। जिलाधीश कुंदन कुमार नें कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। स्कूल के डायरेक्टर ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ ही खेल खेलने की बात कही। राइजिंग स्टार्स किड्स स्कूल के डायरेक्टर स्वाति तिवारी ने कहा कि जीवन में पढ़ाई जितनी जरूरी है उतनी ही शारीरिक विकास के लिए खेल भी जरूरी है। स्कूल के प्राचार्य ने खेल के माध्यम से जीवन मे अनुशासन के महत्व को बच्चों के समक्ष रखा। तत्पश्चात् जीते हुए खिलाड़ियों को जिलाधीश कुंदन कुमार ने बच्चों को सम्मानित किया। इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में जिलाधीश कुंदन कुमार की दो सुपुत्री जो राइजिंग स्टार्स किड्स स्कूल में अध्ययनरत् है। उन्होंने भी बच्चों के खेल प्रतियोगिता में भाग लिया एवं विजयी हुए। कुंदन कुमार ने स्वयं उन्हें सम्मानित किया। 25 जनवरी को द्वितीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में अल्फा पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल के कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेलो में पैसे स्पून रेस, शेक रेस 100 मीटर दौड़ एवं क्रिकेट जैसे खेल में बच्चों ने भाग लिया। इस वार्षिक खेल में अभिभावकों के लिए विभिन्न खेल जैसे क्रिकेट सेक रेस रस्सा-कस्सी आदि खेल हुए। जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डे, विशिष्ट अतिथि में नगर पंचायत अध्यक्ष, डॉ.आशुतोष तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी, पार्षदगणों उपस्थित रहें। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक तिवारी, डायरेक्टर, श्रीकांत पांडे ने बच्चों का उत्साहवर्धन बढ़ाते हुए कहा कि खेलकूद सें अनुशासन के महत्व को सीखते हैं। कार्यक्रम अतिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने बच्चों को खेलों में आगे करियर बनाने का सुझाव दिया और सच्ची लगन और मेहनत से आगे बढ़ने की की प्रेरणा दी।

स्कूल परिसर में शांति व्यवस्था भंग करने वाले दो युवकों पर कार्रवाई

बलरामपुर/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी कुसमी करूण डहरिया ने जानकारी दी है कि विकासखंड कुसमी के अंतर्गत तहसील चांदो के ग्राम नवाडीहकला में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बरवाडीह के सामने विकास पैकरा एवं संजय कोरवा दोनो निवासी ग्राम डूमरखोरका के द्वारा शराब के नशे में शोर-शराबा करते हुए विद्यालय के शिक्षकों को मारपीट करने की धमकी दी जा रही थी। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उक्त मामले की शिकायत थाना चांदो में की गई। शिकायत की जांच हेतु दोनों युवकों को थाना चांदो लाया गया। जहां दोनों से पूछताछ की गई, पूछताछ के दौरान दोनों युवक आक्रोश में आकर शिकायतकर्ताओं एवं पुलिस कर्मचारियों से वाद-विवाद करने लगे। थाना में विवाद की स्थिति को देखते हुए, दोनों युवकों के विरुद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत इस्तगासा तैयार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी कुसमी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी कुसमी के द्वारा दोनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही कर जिला जेल रामानुजगंज निरुद्ध किया गया है।

6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन शुरू, 07 फरवरी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदित जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन फार्म 07 फरवरी 2026 तक विभागीय वेबसाईट www.eklavya.cg.nic.in पर आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में त्रुटि सुधार हेतु 08 फरवरी से 10 फरवरी 2026 तक तिथि निर्धारित है।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित, 10 से 25 फरवरी तक होगा सामूहिक दवा सेवन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला सरगुजा में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु फाइलेरिया मुक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है।

कलेक्टर सरगुजा के निर्देशन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. एस. मार्को एवं जिला मलेरिया एवं वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकासखण्डों में 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक फाइलेरिया रोधी दवाओं का सामूहिक सेवन कराया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समन्वय के साथ व्यापक जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। जिला मलेरिया एवं वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सामूहिक दवा सेवन अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं स्वयंसेवकों के माध्यम से लक्षित जनसंख्या को निःशुल्क फाइलेरिया रोधी दवाएं (एल्बेंडाजोल, डी.ई.सी. एवं आईवरमेक्टिन) खिलाई जाएंगी। 02 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी पात्र नागरिकों को दवा सेवन कराया जाएगा। यह दवाएं पूर्णतः सुरक्षित एवं फाइलेरिया रोग की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी हैं। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे दवा का सेवन अवश्य करें एवं अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों के माध्यम से फैलता है, जो गंदे एवं स्थिर जल में पनपते हैं। इस रोग के प्रमुख लक्षणों में हाथ-पैरों में सूजन, अंगों का असामान्य मोटापा, पुरुषों में अंडकोष की सूजन तथा महिलाओं में स्तनों में सूजन शामिल हैं। परजीवी संक्रमण के 5 से 6 वर्षों बाद इसके लक्षण प्रकट होते हैं।

---

75 प्रतिशत किसानों से खरीदी कर 578 करोड़ का किया गया भुगतान

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य निरंतर सुचारू से जारी है। जिसके अंतर्गत जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कुल 51,632 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 38,461 किसानों से 24,42,356 क्विंटल धान का उपार्जन पूर्ण कर लिया गया है। उपार्जित धान के एवज में किसानों को 578 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। जिला खाद्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि अब तक जिले के लगभग 75 प्रतिशत किसानों द्वारा धान का विक्रय किया जा चुका है।

एकीकृत पुनर्वास केंद्र का नशा मुक्ति जागरुकता अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से नशा मुक्ति जागरूकता का आयोजन किया गया।

अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीण नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करना है। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम पंचायत लालाकापा एवं फरहदा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा छोड़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणजनों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अभियान के तहत

उपस्थित नागरिकों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने नशामुक्त समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ को आदर्श राज्य बनाने के उपाय पर आज रायपुर में सर्व समाज सम्मेलन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को देश का अनुकरणीय आदर्श राज्य बनाने के उपाय विषय पर 30 जनवरी को मसन्द सेवाश्रम द्वारा सिंधु पैलेस रायपुर में वरिष्ठ राजनेताओं एवं प्रमुख सम्पादकों के मार्गदर्शन में होगा सर्व समाज का सम्मेलन, राज्यपाल रमेन डेका करेंगे सम्मेलन का उद्घाटन विधायक पुरंदर मिश्रा की अध्यक्षता में बनी स्वागत समिति मसन्द सेवाश्रम रायपुर के तत्वावधान में शासन के वरिष्ठ राजनेताओं एवं प्रमुख दैनिक समाचारपत्रों के सम्पादकों के मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी अंतर्गत महात्मा गांधी पुण्यतिथि 30 जनवरी श२6 को शाम 5 (पांच) बजे सिंधु पैलेस, शंकरनगर, रायपुर में छत्तीसगढ़ को देश का अनुकरणीय आदर्श राज्य बनाने के उपाय विषय पर रायपुर निवासी आदिवासी, सतनामी, अन्य पिछड़ा वर्ग, ब्राह्मण, सिंधी, पंजाबी, गुजराती, मराठी, उड़िया, अग्रवाल, दक्षिण भारतीय आदि सर्व समाज के पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया है।

सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका जी करेंगे। माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सम्मेलन के मख्य अतिथि तथा अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्री मण्डल में शामिल रहे, असम व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल आदरणीय रमेश बैस, पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह, दोनों उपमुख्यमंत्री अरुण साव,विजय शर्मा, नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ. चरणदास महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत एवं रायपुर की महापौर मीनल चौबे से सम्मेलन के विशेष अतिथि के रूप में सम्बोधित करने का निवेदन किया गया है। इनके अलावा प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों, के सम्पादक भी विशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में सम्मेलन का मार्गदर्शन करेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता, कार्यक्रम के आयोजक मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश, साईं जलकुमार मसन्द साहिब जो वर्तमान में ज्योतिर्मठ के पूज्यपाद शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज द्वारा देश के चारों शंकराचार्यों के नेतृत्व में गठित 108 देशों के अंतर्राष्ट्रीय हिंदू संगठन ष्परम धर्म संसद 1008ष् के संगठन मंत्री हैं करेंगे। सम्मेलन की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा की अध्यक्षता में एक स्वागत समिति का गठन किया गया है।

जायजा | पात्र किसानों से समयबद्ध धान खरीदी शासन की प्राथमिकता, मिशन मोड में कार्य के निर्देश

धान उपार्जन केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, किसानों से पूछा- कोई दिक्कत तो नहीं

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से जारी है।

धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लेने तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा लगातार धान उपार्जन केन्द्रों का सघन दौरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कटारा ने विकासखण्ड बलरामपुर के धान उपार्जन केंद्र तातापानी एवं विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के उपार्जन केन्द्र रामानुजगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों में टोकन, पंजीकृत किसानों की संख्या, अब तक की गई धान खरीदी की मात्रा तथा शेष किसानों की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं समिति प्रभारियों से धान खरीदी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर कटारा ने कहा कि पात्र किसानों से धान खरीदी करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष दिनों में मिशन मोड में कार्य करते हुए सभी पात्र किसानों से समयबद्ध

तरीके से धान खरीदी सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कटारा ने केंद्र पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि सभी पात्र किसानों से धान खरीदी की जाएगी। उन्होंने किसानों से कहा कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम में न आएं तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी उपज का विक्रय करें।

कलेक्टर ने समिति प्रभारियों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ धान खरीदी करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अवैध धान की आवक पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

मुंगेली में शहरी स्थानीय निकाय की बैठक संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में शहरी स्थानीय निकाय की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों विशेषकर झुग्गी-बस्तियों में निवासरत गरीब एवं कमजोर वर्ग के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को कम करने तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक के माध्यम से शहरी स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने तथा जरूरतमंद नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. गिरिश कुर्रे द्वारा मिशन के अंतर्गत नागरिकों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने शहर में 04 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए भवन उपलब्ध कराए जाने हेतु सहमति प्रदान की।

मन की शांति-आत्मिक शक्ति का स्त्रोत अशांति-जीवन की सबसे बड़ी दुर्बलता

✻ डॉ. चंद्रकांत सोनवानी के आध्यात्मिक विचारों में छिपा है संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग

सरसींवा(सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। आज का मनुष्य सुविधाओं से घिरा है, पर भीतर से अशांत है। बाहरी प्रगति के शोर में उसकी अंतरात्मा की आवाज दबती जा रही है। ऐसे समय में शिक्षक एवं चिंतक डॉ. चंद्रकांत सोनवानी का आध्यात्मिक विचारात्मक लेख ÷मन की शांति–एक शक्ति, अशांति–एक दुर्बलता÷ न केवल आत्ममंथन कराता है, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला गंभीर संदेश भी देता है। डॉ. सोनवानी अपने लेख में स्पष्ट करते हैं कि आध्यात्मिक दृष्टि से मनुष्य की पहचान उसका शरीर, पद या परिस्थितियाँ नहीं, बल्कि उसका मन और चेतना है। शास्त्रों की उक्ति ÷मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः÷ का उल्लेख करते हुए वे कहते हैं कि मन ही बंधन का कारण है और मन ही मुक्ति का द्वार। जब मन शांत होता है, तब व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानने लगता है; और जब वही मन अशांत होता है, तो व्यक्ति दुर्बल, भ्रमित और दुःखी हो जाता है। लेख में मन की शांति को आध्यात्मिक शक्ति की जड़ बताया गया है। शांत मन वह अवस्था है, जिसमें व्यक्ति बाहरी उतार-चढ़ाव से प्रभावित हुए बिना भीतर स्थिर रहता है। ऐसा मन अहंकार, क्रोध, लोभ और वासना से मुक्त होने की दिशा में अग्रसर होता है। डॉ. सोनवानी के अनुसार अशांत मन न तो ईश्वर का अनुभव कर सकता है, न आत्मा का–क्योंकि सत्य का साक्षात्कार केवल शांत चेतना में ही संभव है।

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि मन की अशांति का मूल कारण अनियंत्रित इच्छाएँ और अहंकार हैं। ÷मैं÷ और ÷मेरा÷ की भावना जब हावी हो जाती है, तब मन अस्थिर हो जाता है। इससे तुलना, ईर्ष्या और द्वेष जन्म लेते हैं, जो व्यक्ति को भीतर से खोखला बना देते हैं। आध्यात्मिक मार्ग यह सिखाता है कि जैसे-जैसे अहंकार क्षीण होता है, वैसे-वैसे मन स्वतः शांत होने लगता है।

छुरा पत्रकार संघ कार्यालय में फहराया गया तिरंगा

छुरा/नवप्रदेश। देश के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर तहसील पत्रकार संघ छुरा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ध्वजारोहण कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय एवं देशभक्ति पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन तहसील पत्रकार संघ के पत्रकार कार्यालय परिसर में किया गया, जहां पत्रकारों के साथ-साथ नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ध्वजारोहण तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी द्वारा किया गया, जिसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रगान में सहभागिता निभाई। पूरा परिसर वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। इस

अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संविधान ने देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार दिया है और उसकी रक्षा व मजबूती में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अतिथियों ने निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में पत्रकार समाज की आवाज बनकर शासन-प्रशासन तक सच्चाई पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। तहसील पत्रकार संघ छुरा द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रकार का आयोजन कर संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना सराहनीय पहल है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिंकू (दिनेश) सचदेव, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र तिवारी संतोष जैन, अ. समद खान, , यशवंत यादव, संपादक प्रकाश कुमार यादव, पत्रकार इमरान मेनन, उज्ज्वल जैन, तेजस्वी यदु, परमेश्वर राजपूत, परस सिन्हा, दिलीप बघेल, किशन सिन्हा, अविनाश पांडे, सोनू शर्मा, भूपेंद्र सिन्हा, मान सिंह निषाद (भाजपा कार्यकर्ता), सीतल ध्रुव (समाजसेवी कार्यकर्ता) सहित तहसील पत्रकार संघ छुरा के सभी पत्रकारगण उपस्थित रहे।

अंत में अतिथियों एवं पत्रकारों ने देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता तथा संविधान के मूल्यों की रक्षा करने और सामाजिक सरोकारों को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

न्यूज गैलरी

34वें कबीर संत समागम ज्ञान यज्ञ का होगा भव्य आयोजन

उतई/नवप्रदेश। सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं कबीरपंथी समाज बोरसी के संयुक्त तत्वावधान में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक तीन दिवसीय सद्गुरु कबीर संत समागम ज्ञान यज्ञ का 34वां वार्षिक आयोजन बजरंग चौक वार्ड क्रमांक 52, बोरसी, जिला दुर्ग में आयोजित किया जाएगा।समिति के कन्हैया साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में कबीर आश्रम ठाकुरदीया, खरसिया से आचार्य श्रवण साहेब मुख्य प्रवचनकर्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 9 बजे गुरु महिमा पाठ, प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक भजन-प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 1 फरवरी को शाम 4 बजे से सात्विक यज्ञ, चौका एवं आरती संपन्न होगी।

दुगली में शहीद निर्मल कुमार नेताम को दी गई श्रद्धांजलि

दुगली/नवप्रदेश। 26 जनवरी के पावन अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली में वीर शहीद निर्मल कुमार नेताम जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दुगली थाना प्रभारी श्री रामकिशन मरकाम एवं दुगली पुलिस स्टाफद्वारा शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री एल. के. सोम, प्रधान पाठक श्री राजेश ध्रुव, पालक समिति सदस्य श्री भोज सोनवानी, श्री वरुण देव नेताम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने शहीद निर्मल कुमार नेताम जी के देशप्रेम, साहस और बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

यातायात शाखा के नवनिर्मित भवन का पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने किया उद्घाटन

भाटापारा/ नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम खपराडीह भाटापारा में यातायात शाखा भाटापारा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन* पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के द्वारा पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी यातायात शाखा भाटापारा निरीक्षक नरेश कांगे एवं शाखा में पदस्थ समस्त पुलिस स्टाफ को लगन, मेहनत तथा तत्परता पूर्वक ड्यूटी करने हेतु प्रोत्साहित किया गया, साथ ही उन्हें नवनिर्मित भवन के लिए बधाई भी दी। विदित हो कि इससे पूर्व यातायात शाखा भाटापारा का संचालन बस स्टैंड भाटापारा में निर्मित पुराने भवन से हो रहा था, जिसमें पर्याप्त जगह की कमी थी। साथ ही यातायात कार्यवाही के दौरान जप्त वाहनों के रखरखाव एवं उन्हें रखने के लिए भी पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध नहीं था। उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, तारेश साहू एसडीओपी संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात भाटापारा, निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा शहर, स्टेनो मनीष चौबे एवं यातायात शाखा भाटापारा में पदस्थ समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

संगीत विवि के 17 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल का ऐलान

राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विवि होगा अब संगीत विवि का नाम

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिराकला संगीत विवि के 17 वें दीक्षांत समारोह मे पहुँचे राज्यपाल और विवि के कुलाधिपति रमेन डेका ने कार्यक्रम के दौरान एतिहासिक घोषणा करते इंदिरा कला संगीत विवि का नाम राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विवि किए जाने की घोषणा की । चार वर्षों बाद इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में सत्रहवां दीक्षांत समारोह भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। राज्यपाल ने कहा कि नाम परिवर्तन से संबंधित सभी प्रशासनिक और वैधानिक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाएंगी। राज्यपाल डेका ने कहा कि विश्वविद्यालय के नाम में राजकुमारी इंदिरा सिंह का समावेश उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक मूल को सम्मान देने का कार्य है। राजकुमारी इंदिरा सिंह संगीत प्रेमी थीं और उनके असामयिक निधन के बाद खैरागढ़ रियासत के तत्कालीन

राजा ने पुत्री की स्मृति में अपना राजमहल दान कर इस कला-संगीत विश्वविद्यालय की स्थापना करवाई थी। उस समय यह एशिया का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय था, जहां कला और संगीत की विधिवत उच्च शिक्षा दी जाती थी। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, राजपरिवार के महाराज आर्यव्रत सिंह, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, कलाकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने पूराने विश्वविद्यालय परिसर में राजकुमारी शारदा देवी सिंह बावली की नामपट्टिका का अनावरण कर उसका नामकरण किया । दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय से अध्ययन पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर 232 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, 4 विद्यार्थियों को रजत पदक, 5 को डिलीट तथा 64 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। मंच से मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए अतिथियों ने उन्हें कला, संस्कृति और समाज के उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया।

फिर नहीं पहुँचे अतिथि

इंदिरा कला संगीत विवि के दीक्षांत समारोह के दौरान आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर मुख्य अतिथि बनाए गए थे । कार्यक्रम मे विधासभा अध्यक्ष डा रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे को भी अतिथि बनाकर आमंत्रण कार्ड वितरित किए गए थे । लेकिन कार्यक्रम मे अतिथि बनाए गए गुरू श्री श्री रविशंकर, विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे नही पहुँचे । इससे पहले भी खैरागढ़ महोत्सव के दौरान अतिथि बनाए गए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभाअध्यक्ष डा रमन सिंह समेत कई अतिथि संगीत विवि नही पहुँचे थे ।

नवागांव माध्यमिक शाला में विदाई एवं बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन

✻ कार्यकम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा देव डांग मड़ई की प्रस्तुति दी

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत संकुल भोथली की माध्यमिक शाला नवागांव में विदाई समारोह एवं बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत हुए सोनेन्द्र कुमार ध्रुव के सम्मान में किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला नवागांव के शिक्षकगण एवं ग्रामवासियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

साथ ही प्राथमिक शाला नवागांव में लगभग 20 वर्षों तक रसोईया के पद पर सेवाएं देने वाली रामबती बाई के सेवा निवृत्त होने पर उन्हें भी सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनेन्द्र कुमार ध्रुव थे। अध्यक्षता माध्यमिक शाला नवागांव के प्रधान पाठक भगवान सिंह गौर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत नवागांव-सांकरा के सरपंच नगीना सोम उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष तुलसीराम कश्यप, मोहनलाल देवदास, दिनेश ताम्रकार, कंवल सिंह हिरवानी, अर्जुन सिंह मरकाम, बजरंग पुजारी, धनसिंह नेताम एवं मिनेश्वरी पुजारी शामिल रहे।

अश्वनी शर्मा ने नगर पालिका में फहराया तिरंगा, प्रतिभाओं का सम्मान भी हुआ

भाटापारा/ नवप्रदेश। नगर पालिका परिसर में 77 वा गणतंत्र दिवस पर्व बड़े धूमधाम और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।नगर पालिका में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया तथा फिल्टर प्लांट परिसर में उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया ने तिरंगा फहराया। इस पूरे आयोजन में पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम में शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अतिथियों द्वारा जल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और मिशन क्लीन सिटी के नए वाहनों का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही, पंचम दीवान स्कूल के छात्रों द्वारा सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष अभियान की सराहना की गई, जिसमें बच्चों को सोशल मीडिया के सीमित और सही उपयोग की सलाह दी गई।

सम्मान समारोह– इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र वितरण किया गया।स्वच्छता योद्धा: नगर पालिका के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारीयो को स्वच्छता योद्धा का,संस्थागत स्वच्छता के लिए सबसे स्वच्छ स्कूल, अस्पताल और भोजनालय (होटल)का और स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रबुद्ध नागरिको को सम्मानित किया गया।इस दौरान पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहाआज का दिन हमारे संविधान की शक्ति को याद करने का है। नगर पालिका भाटापारा द्वारा स्वच्छता और जनसेवा के लिए जो नए वाहन समर्पित किए गए हैं, वे शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। बच्चों द्वारा सोशल मीडिया जागरूकता की पहल सराहनीय है, क्योंकि सशक्त युवा ही सशक्त भारत की नींव हैं। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा किहमारा लक्ष्य भाटापारा को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना है। आज लोकार्पित किए गए वाहन इस संकल्प को पूरा करने में मदद करेंगे।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

छुरा/ नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए आयोजित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का 30 दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर का संचालन कराटे मास्टर मिथलेश सिन्हा द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं को

आत्मरक्षा से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को कराटे की मूलभूत तकनीकें, आत्मरक्षा के सरल एवं प्रभावी उपाय, आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके, मानसिक दृढ़ता तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के अभ्यास सिखाए गए। कराटे मास्टर मिथलेश सिन्हा ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को विपरीत परिस्थित से निपटने ,निडर, आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाना है।

बढ़ईटोला के स्कूली छात्रों की परेशानी खत्म

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में विद्यार्थियों के आधार जनरेशन एवं अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को लेकर जारी शिविरो में विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ईटोला में पेंडिंग बायोमेट्रिक अपडेट शिविर में विद्यालय स्तर पर यूडाइस पोर्टल से चिन्हित पेंडिंग विद्यार्थियों को आमंत्रित कर उनका आधार बायोमेट्रिक एवं आवश्यक डेमोग्राफिक अपडेट किया गया।

विधायक को दीक्षांत समारोह में अतिथि नहीं बनाए जाने के खिलाफ प्रदर्शन से पहले गिरफ्तार किए गए कांग्रेस नेता

खैरागढ़/नवप्रदेश। संगीत विवि के 17 वें दीक्षांत समारोह मे स्थानीय विधायक यशोदा वर्मा को अतिथि नही बनाए जाने को लेकर कांग्रेस के दीक्षांत समारोह का बहिष्कार और अतिथियों को काला झंडे दिखाकर विरोध किए जाने के ज्ञापन के बाद सकते मे आई स्थानीय प्रशासन ने बुधवार सुबह हरकत मे आई और शहर कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओ को नजर बंद कर गिरफ्तार कर लिया । विधायक वर्मा को संगीत विवि के दीक्षांत समारोह मे अतिथि नही बनाए जाने को लेकर शहर कांग्रेस ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंप विरोध दर्ज कराते शातिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किए जाने का एलान किया था । मामले को लेकर मंगलवार शाम से ही स्थानीय प्रशासन पशोपेश मे था । विरोध प्रदर्शन को रोकने जूटी प्रशासन ने बुधवार सुबह की विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के निवास पर जूटे शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरूण भारद्वाज सहित कांग्रेस नेताओ को समझाइश देने पहुँची । इस दौरान काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे कांग्रेसियो को थाना प्रभारी अनिल शर्मा की अगुवाई मे गिरप्तार कर नजर बंद कर दिया गया । गिरफ्तारी के दौरान कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी करते सरकार और संगीत विवि प्रबंधन के खिलाफआक्रोश जतात प्रदर्शन को पुलिस प्रशासन द्वारा रोकने को लोकतांत्रिक अधिकारो का खुला उल्लघंन बताया ।

पीएम सड़क योजना कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर रोशनी नहीं किए जाने का मामला गरमाया

✻ जवाबदेही ,कार्यवाही करने की बजाय मामले की लिपापोती मे जूटे विभागीय अधिकारी,

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के सिविललाइन स्थित प्रधानमंत्री सडक़ योजना कार्यालय मे गणतंत्र दिवस पर रोशनी नही किए जाने के मामले मे अब विभागीय अधिकारी मामले को दबाने मे जूट गए है । गणतंत्र दिवस पर कार्यालय मे रोशनी नही किए जाने को लेकर खबर प्रकाशन के बाद कार्यवाही के डर से अधिकारी मामले मे कुछ भी बोलने से बचते रहे तो दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी मामले मे अधिकृत अधिकारी कर्मचारी की जिम्मेदारी तय करने की बजाय मामला दबाने मे जूटे रहे । बुधवार को कार्यालय मे कामकाज सामान्य रूप से चलता रहा लेकिन मामले की गंभीरता को लेकर लापरवाही जारी रही । विभागीय एसडीओ इतर सिंह मंडावी ने भी मामले मे जिम्मेदारी तय करने की बजाय चुप्पी साध ली तो बाकी अधिकारी भी एक दूसरे का हवाला देकर मामले से पल्ला झाड़ते रहे । जिला प्रशासन से किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्यवाही से बचने भी अधिकारी नीचे से ऊपर तक जुगत लगाते नजर आए ।

जानकारी देने ईई नहीं आए

मामले में मंगलवार को विभाग के कार्यपालन अभियंता पीएस मिश्रा ने बुधवार को कार्यालय आने के बाद पूरी जानकारी देने का हवाला दिया था । लेकिन खबर प्रकाशन के बाद वे भी बुधवार को खैरागढ़ नही आए । मामले मे जवाबदार अधिकारी कर्मचारी की जवाबदारी तय करने के सवाल पर उन्होने फिर से पल्ला झाड़ते कार्यालय आने के बाद ही जानकारी देने का हवाला दे दिया । ताकि मामले को ठंडे बस्ते मे डाला जा सके ।

कांग्रेस करेगी आंदोलन

प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना कार्यालय मे गणतंत्र दिवस पर अधिकारियो की लापरवाही से रोशनी नही किए जाने के मामले मे अब कांग्रेस भी सामने आ गई है । शहर कांग्रेस अध्यक्ष डा अरूण भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने इसे राष्टीय पर्व का अपमान बताते कहा कि जिला मुख्यालय मे संचालित केन्द्र सरकार के प्रमुख कार्यालय मे ऐसी लापरवाही पर कार्यवाही जरूरी है । जिला प्रशासन मामले को संज्ञान मे लेकर कार्यवाही नही करता तो कांग्रेस इस लापरवाही और प्रमंस योजना विभाग के खिलाफ आंदोलन कर जिम्मेदारो पर कार्यवाही कराएगी ।

नेटवर्क विहीन इलाकों में सम्मान सुविधा एप का संचालन नहीं हो रहा

✻ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं ने डीपीओ को ज्ञापन सौंप एप और यूनिफार्म को बंद करने की मांग की

खैरागढ़/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच ने जिला महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी को मुख्यमंत्री, महिला बाल विकास मंत्री, संचालक के नाम ज्ञापन सौंप सम्मान सुविधा एप एवं यूनिफार्म का बहिष्कार करते बंद करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच की जिलाध्यक्ष लता तिवारी की अगुवाई मे संघ द्वारा सौंपे ज्ञापन मे कार्यकर्ताओ सहायिकाओ ने कहा कि जिलें के दूरस्थ और वनांचल आंगनबाड़ी केन्द्रों मे सम्मान सुविधा एप नेटवर्क नही होने, सर्वर डाऊन होने से सुचारू रूप से संचालित नही हो पा रहा है । अन्य विभागों की कार्यवाही मे भी कार्य करने के बाद आनलाइन उपस्थित बाधित हो रहा है । उक्त प्रणाली को छग मे ही लागू किया जा रहा है । लेकिन सुचारू कार्य नही होने से कार्यकर्ताओ सहायिकाओ को मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है । इसी तरह कार्यकर्ताओ सहायिकाओ को विभाग द्वारा वितरित किया गया यूनिफार्म गुणवत्ता मानको मे पूरी तरह विफल है । कपड़ा पतला और निम्न स्तर का होने के कारण एक धुलाई मे ही फटने और रंग उडने लगा है । इस यूनिफार्म से कार्यकर्ताओ सहायिकाओ के कार्यक्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है । खराब और गुणवत्ताहीन यूनिफार्म से संघ कार्यकर्ताओं के पेशेवर गरिमा की छवि खराब हो रही है ।

मानसेवी कर्मचारियो के लिए ड्रेसकोड लागू नही किए जाने को लेकर पहले भी मांग कर चुके संयुक्त मंच ने कहा कि प्रदेश स्तरीय संघ की बैठक मे सम्मान सूविधा एप और यूनिफार्म का बहिष्कार किए जाने का निर्णय लिया है । संयुक्त मंच पदाधिकारियो ने डीपीओ से सम्मान सुविधा एप प्रणाली और यूनिफार्म को बंद करने की मांग दोहराई है ।

कूंरा में भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन

धारसींवा/नवप्रदेश। नगरपंचायत कूंरा में 26 जनवरी को रात्रि में आदर्श युवा क्लब के तत्वाधान में समस्त नगरवासियों के सहयोग से भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू चौंक में धूम धाम के साथ संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे नगर अध्यक्ष गोविंद साहू , पार्षद डालेंद्र वर्मा , योगेश साहू , ईश्वर यादव , मोहन प्रजापति , जगमोहन घृतलहरे , राजेश गुप्ता , कांग्रेस कमेटी कुंडा अध्यक्ष सुरेश साहू , पूर्व पार्षद अनिल बघेल , प्रेमलाल पाल सहित अन्य दानदाताओं के उपस्थिति में मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया ।

सिसिली में कुदरत का तांडव

4 किमी तक खिसकी पहाड़ी

रोम। इटली के सिसिली द्वीप पर निस्केमी शहर में एक बड़ा लैंडस्लाइड हुआ है। तूफान हैरी की वजह से भारी बारिश हुई, जिससे 4 किलोमीटर लंबी चट्टान ढह गई. इससे शहर के कई घर और कारें चट्टान के किनारे पर लटक गए हैं। अब तक करीब 1500 लोगों को निकालकर सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। किसी के मौत या घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन स्थिति बहुत गंभीर है।

नुकसान और सरकार की कार्रवाई

कुल नुकसान: सिसिली में तूफान हैरी से 740 मिलियन यूरो का नुकसान। पूरे इलाके में 1.5 बिलियन यूरो तक पहुंच सकता है। इटली सरकार ने सिसिली, सार्डिनिया और कैलाब्रिया के लिए इमरजेंसी घोषित की। 100 मिलियन यूरो की शुरुआती मदद दी।

अनुमान: रेनाटो शिफानी ने कहा कि नुकसान बहुत बड़ा है। कई घर स्थायी रूप से नहीं बच सकते, लोगों को कहीं और बसाना पड़ेगा।

पुरानी घटना: 29 साल पहले भी इसी इलाके में ऐसा लैंडस्लाइड हुआ था, जिसमें दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हुए और 117 परिवार बेघर हुए थे।

इटली में हाल के सालों में एक्सट्रीम वेदर बढ़ गया है. बाढ़, लैंडस्लाइड और तूफान आम हो गए। जलवायु परिवर्तन से बारिश ज्यादा तेज और अनियमित हो रही है।

भाजपा की सरकार में न्याय की आशा नहीं : अविमुक्तेश्वरानंद

वाराणसी। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी पहुंचकर गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे देश में लोगों ने वीडियो में देखा कि बटुकों को उनकी चोटी पकड़कर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। अपनी गलती को गलती न मानना और अपने अपराध को न स्वीकार करना ये उन पर निर्भर करता है। जो अपराध किया वो सबके सामने आ ही गया है। अपने लोगों ने तो संयम से 11 दिन प्रयागराज में रहकर उनको मौका दिया कि आपसे जो अपराध हुआ है चाहे तो आप सुधार सकते हैं, लेकिन उन्होंने नहीं सुधारा।

यूजीसी के नए नियमों का किया विरोध

यूजीसी के नए नियमों पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यह नियम इसी लिए लाया गया है कि उनकी कमियां जो हैं उसकी चर्चा कोई न करे। सवाल ये है कि यूजीसी जैसा नियम जो सनातन धर्म के लिए बहुत बड़ा खतरा है। सनातन धर्म में जातियां हैं, जातियां इसलिए नहीं हैं कि एक दूसरे से लड़ें, ये इसलिए है कि सभी लोगों की आजीविका सुरक्षित रहे। ये पुराने लोगों की बनाई गई परंपरा है। अब यूजीसी के सहारे इन लोगों ने एक जाति को दूसरे जाति के सामने लाकर खड़ा कर दिया है। इससे आपस में लड़कर उनको मरना ही मरना है। पूरे सनातन धर्म को समाप्त करने के लिए एक मशीन ले आए हैं।

हिन्दुस्तान करेगा अरब विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी

नई दिल्ली। भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में शामिल होने के लिए कई देशों के विदेश मंत्री दिल्ली पहुंचने लगे हैं। यह महत्वपूर्ण बैठक 31 जनवरी को आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य भारत और अरब देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करना और साझेदारी को नई दिशा देना है। गुरुवार को कोमोरोस के विदेश मंत्री मबे मोहम्मद, फिलिस्तीन की विदेश मंत्री वार्सेन अगाबेकियन शाहीन और सूडान के विदेश मंत्री मोहिउद्दीन सलीम अहमद इब्राहिम नई दिल्ली पहुंचे। इन प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दौरा द्विपक्षीय साझेदारी और लोगों के बीच संपर्क को और गहरा करेगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत इस बार इस उच्चस्तरीय बैठक की मेजबानी कर रहा है और इसका सह-अध्यक्ष भारत और संयुक्त अरब अमीरात करेंगे। बैठक में अरब लीग के सभी सदस्य देशों के विदेश मंत्री और अरब लीग के महासचिव भी हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह बैठक करीब 10 साल बाद हो रही है। पहली भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक 2016 में बहरीन में आयोजित हुई थी। उस समय मंत्रियों ने सहयोग के लिए पांच प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की थी, जिसमें अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, शिक्षा, मीडिया और संस्कृति शामिल हैं। इन क्षेत्रों में साझा गतिविधियों और परियोजनाओं का रोडमैप तैयार किया गया था।

लीग ऑफ अरब स्टेट्स में भारत बना पर्यवेक्षक

भारत, अरब देशों के संगठन 'लीग ऑफ अरब स्टेट्स' (एलएएस) का एक पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) है। इस संगठन में कुल 22 सदस्य देश शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह पहली बार है जब यह बैठक नई दिल्ली में आयोजित हो रही है और इसमें सभी 22 अरब देशों की भागीदारी होगी। इन देशों की ओर से विदेश मंत्री, अन्य मंत्री, राज्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी सम्मेलन में शामिल होंगे। इस मुख्य बैठक से पहले 30 जनवरी को चौथी भारत-अरब वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक भी आयोजित की जाएगी।

अखिलेश का बीजेपी सरकार पर तंज

यूपी के सीएम, पीएम के निर्वाचन क्षेत्र में मेट्रो निर्माण नहीं होने दे रहे

ग्रेटर नोएडा। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्रीय बजट, नोएडा इंजीनियर मौत मामले और यूजीसी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, प्रधानमंत्री अपने भाषण में भारत को सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क मिलने की बात कह रहे हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के सीएम, प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में मेट्रो निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। नोएडा में हुई इंजीनियर की मौत के मामले पर कहा, ÷जब उन्हें मदद की जरूरत थी, तब उन तक मदद क्यों नहीं पहुंची? हमें पता चला है कि पीड़ित का परिवार गुजरात से है। प्रधानमंत्री के गुजरात से होने के बावजूद सरकार उस व्यक्ति को नहीं बचा सकी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन पर रोक लगाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, "यूजीसी के मामले में जो बातें निकलकर आ रही हैं, हमारा मानना है कि दोषी ना बचे और निर्दोष के साथ अन्याय ना हो। इससे पहले भी 2012 में रेगुलेशन आए थे... हमारा संविधान कहता है कि हम कहीं भेदभाव नहीं कर सकते हैं, हमारे तमाम कानूनों के बावजूद समय-समय पर भेदभाव होता है।"

लेह में विमानन इंफ्रास्ट्रक्चर को मिली मजबूती

❑ **आपदा राहत और सुरक्षा क्षमताओं में इज़ाफा**

लेह। लेह के बेहद चुनौतीपूर्ण व ऊंचाई वाले क्षेत्र में रनवे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना पूरी की गई है। इससे ग्राउंड पर विमानों की जमीनी आवाजाही को आसान व सुरक्षित बनाया जा सकेगा। वहीं, लेह से नागरिक उड़ानों का प्रस्थान भी तेज होगा।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यहां अपग्रेड किए गए रनवे और हवाई अड्डा सुविधाओं से नागरिक उड्डयन सुविधाओं में इजाफा होगा। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि एयर फोर्स स्टेशन लेह में नागर विमानन बुनियादी ढांचे को विकसित करने के उद्देश्य से एक परियोजना का उद्घाटन किया गया है। बेहद चुनौतीपूर्ण ऊंचाई वाले क्षेत्र और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के बावजूद बुनियादी ढांचे का रिकॉर्ड समय में उन्नयन किया गया है।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि विकसित किया गया बुनियादी ढांचा विमानों की जमीनी आवाजाही को आसान बनाने के साथ-साथ नागरिक उड़ानों के प्रस्थान को तेज करेगा। इन सुधारों से यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

❑ **सरकारी दफ्तरों के बाहर सूची लगाने के निर्देश**

नई दिल्ली। तमिलनाडु में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। याचिकाओं में चुनाव आयोग की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को चुनौती दी गई थी। जिस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि जिन लोगों के नाम लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी यानी तार्किक विसंगति सूची में शामिल किए गए हैं, उनकी सूची को ग्राम पंचायत भवन, प्रत्येक उपखंड कार्यालय और शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाए। 10 दिनों के भीतर दस्तावेज जमा कर सकते हैं शीर्ष अदालत ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम इस सूची में हैं, वे सूची प्रकाशित होने की तारीख से 10 दिनों के भीतर खुद या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं। सूची में विसंगति के संक्षिप्त कारण भी दर्ज किए जाएंगे। आपत्तियां उपखंड स्तर के कार्यालयों में दर्ज कराई जा सकेंगी।

देश को पाखंड से भरा संदेश दे रहे पीएम

नई दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बजट सत्र पर उनकी टिप्पणियों को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक सत्र की शुरुआत से पहले ÷देश को अपना वही पाखंडी संदेश÷ देते हैं। आज का प्रदर्शन इसी कड़ी का हिस्सा है। कांग्रेस के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, वह (प्रधानमंत्री) राष्ट्रीय मुद्दों पर विपक्ष को विश्वास में लेने के लिए सर्वदलीय बैठकें नहीं बुलाएंगे और न ही उनकी अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता महत्वाकांक्षी भारत के लिए है। उन्होंने निर्माताओं से आग्रह किया कि वे उनके लिए खुल रहे नए बाजारों से लाभ उठाएं।

OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL MANENDRAGARH, DIST. – M.C.B. (C.G.)

E-Procurement Tender Notice

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No./3255/P.W.D./M.C./2025-26/ Manendragarh, Dated: 27.01.2026

System Tender No.	Name of Work / Discription of work	Probable Amount Of Contract	Bid Submission Due Date	Tender Status
184478	Construction Of Aanganbadi Bhawan Building (2 nos 12 lack each) Ward 18 and 20.	24.00 Lacks	Dated 13.02.2026 Time 17.30 Hour	2nd Call

The Details Can Be Viewed And Downloaded Online Directly From The Government Of Chhattisgarh E-Procurement And Urban Administration And Development Department Portal http://eproc.cgstate.gov.in On 28.01.2026, 17:30 Hours (IST) On Wards. For More Details On The Tender And Bidding Process You May Please Visit The Above-Mentioned Portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL MANENDRAGARH
DIST. M.C.B. (C.G.)

एयरटेल का धमाका: 36 करोड़ भारतीयों को एडोबी एक्सप्रेस फ्री

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी टेलीकम्युनिकेशन सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल अब अपने 36 करोड़ ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध करा रही है। एडोबी एक्सप्रेस एक तेज़, आसान और हर तरह की डिज़ाइन जरूरतों को पूरा करने वाला एप है, जिसे अब पूरे भारत में एयरटेल के ग्राहक इस्तेमाल कर सकेंगे। यह ऐतिहासिक और अपनी तरह की पहली साझेदारी एयरटेल के सभी ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम इस्तेमाल करने की सुविधा प्रदान करेगी।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी कोरबा (छत्तीसगढ़)

संक्षिप्त विज्ञापन प्रारूप

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1222 / स.अ.सा./2026 दिनांक 21.01.2026 की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से **भोजन, चाय, नाश्ता, मिनरल वाटर, गद्दा, तकिया, चादर, कंबल** प्रदान करने हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रू. निःशुल्क दिनांक 12.02.2026 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा कार्यालय की वेबसाइड www.korba.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर डाउनलोड कर सकते है, निविदा फीस रूपये **निःशुल्क** है।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 12.02.2026 समय 5.30 बजे
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 13.02.2026 समय 3.00 बजे
निविदा खोलने की तिथि 13.02.2026 समय 4.00 बजे
स्थान - कार्यालय कलेक्टर कोरबा

अपर कलेक्टर
कोरबा (छत्तीसगढ़)

जी- 252606327/2

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 129 **RAIPUR DATED: 29.01.2026**

Online bids are invited for the following works up to 20.02.2026 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work / Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	184589	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत नगर निवेश एवं लोककर्म विभाग हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 10 अकुशल श्रमिक रखे जाने का कार्य।	17.60
2	184592	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत इंडोर स्टेडियम में सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 09 सुरक्षा गार्ड एवं 01 सुपरवाईजर प्रदाय करने का कार्य।	20.00
3	184594	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत आनंद समाज वाचनालय के संचालन हेतु 03 चौकीदार, 01 भृत्य, 01 सफाई कामगार, 01 कम्प्युटर आपरेटर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से रखे जाने का कार्य।	11.51
4	184597	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत स्थित जयस्तंम्भ चौक में स्थित मल्टीलेवल पार्किंग का सफाई व्यवस्था हेतु 07 सफाई श्रमिक एवं 03 सिक्युरिटी गार्ड प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से रखे जाने का कार्य।	13.64

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from 30.01.2026 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE-04
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

सूचना

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

कार्यालय कलेक्टर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

-: प्रारंभिक अधिसूचना :-

बलरामपुर, दिनांक 03/12/2025

क्रमांक/9286/ भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक-202410270900003/अ-82/2024-25 : चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की, अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पूनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जावेगा) की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अन्तर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है:-

:: अनूसूची ::

1. जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज
2. तहसील - रामचन्द्रपुर
3. ग्राम / प0ह0न0 - धौली / 03
4. धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी - कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, लो.नि.वि. सेतू निर्माण संभाग अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)
5. सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण - रामचन्द्रपुर धौली बालचौरा मार्ग पर कन्हर नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य

भूमि का विवरण	
ख0न0	अर्जित भूमि का क्षेत्रफल हे0 में
634	0.06
643	0.02
644	0.14
645	0.12
650/1	0.06
650/2	0.21
योग-6	**0.61 हे0**

2- यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सार्वजनिक समाधान निर्धारण के निष्कर्ष के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अन्तर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।

3- भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) रामानुजगंज, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0) के कार्यालय में किया जा सकता है।

4- प्रस्तावित भू अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवारों का विस्थापन निहित नहीं है।

5- प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिसूचना 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा0) रामानुजगंज, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आवेशानुसार

(आनन्द राम नेताम)
भू-अर्जन अधिकारी
रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

(राजेंद्र कुमार कटारा)
कलेक्टर
एवं पदेन उप सचिव, छ0ग0 शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

जी- 252606329/1

बिल्हा में स्वच्छता पखवाड़ा पर एक दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना रहा

बिल्हा/नवप्रदेश। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय संचार ब्यूरो, बिलासपुर द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बिल्हा विकास खण्ड के आदिवासी आदर्श ग्राम मंजूरपहरी, जिला बिलासपुर में एक दिवसीय समेकित लोकसंपर्क कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं खेल गतिविधियों से जुड़े प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर ग्राम सरपंच उषा देवी मिलन सिंह मरावी, उप सरपंच जितेन्द्र कुमार सरुता, पूर्व जनपद सदस्य राम नेताम, पंचगण आरती बाई उईके एवं प्रीति पाटले, स्वच्छता मित्र रामदास मानिकपुरी, विद्यालयों के समस्त शिक्षक-कर्मचारी, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएँ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने आए विभिन्न ग्रामों की टीमों के खिलाड़ियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को व्यापक जनसमर्थन प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वच्छता मित्र रामदास मानिकपुरी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपने घर-आंगन के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी, केंद्रीय संचार ब्यूरो, बिलासपुर कमल गिरी ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि भारत सरकार द्वारा 16 जनवरी से 31 जनवरी तक देशभर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पार्कों, सड़कों, बस स्टैंडों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों सहित सभी सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु जनभागीदारी पर विशेष बल दिया जा रहा है।

घर-आंगन के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों की सफाई

केंद्रीय संचार ब्यूरो, बिलासपुर द्वारा बिल्हा विखं के आदिवासी आदर्श ग्राम मंजूरपहरी में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय समेकित लोकसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना था। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामवासियों, शिक्षक-कर्मचारी, महिला स्व-सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों की उपस्थिति रही। स्वच्छता मित्र रामदास मानिकपुरी ने लोगों को स्वच्छता को अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानने और घर-आंगन के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों की सफाई बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी कमल गिरी ने बताया कि भारत सरकार 16 से 31 जनवरी तक देशभर में स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है।

प्रतियोगिताएं, शपथ और पौधरोपण

ग्राम सरपंच उषा देवी मिलन सिंह मरावी ने बताया कि ग्राम में घर-घर पक्के शौचालय बन चुके हैं और उनका 100% उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब सार्वजनिक स्थलों की सफाई पर समान ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत अभियान पर आधारित प्रश्नमंच, रंगोली प्रतियोगिता और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

न्यूज गैलरी

राज्य स्तरीय रोजगार मेला रायपुर में 31 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 31 जनवरी 2026 को सवेरे 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार रायपुर में किया जा रहा है। मेले में 45 से अधिक विभिन्न कंपनियों के द्वारा 15 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। जिसमें तकनीक एवं गैर तकनीकी पद शामिल है। इच्छुक आवेदक www.erojgar.cg.gov.in पोर्टल में अपना पंजीयन करा सकते है।

जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा 10 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 10 फरवरी 2026 को सवेरे 9 बजे से किया जा रहा है। एथलेटिक्स (100 मीटर, 400 मीटर दौड़ एवं तवा फेंक), खो-खो, हॉकी, व्हॉलीबॉल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग एवं रस्साकसी का आयोजन स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र, बहतराई में एवं बास्केटबॉल का आयोजन शासकीय विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तथा बैडमिंटन एवं फुटबॉल का आयोजन जिला खेल परिसर सरकण्डा में किया जाएगा।

हाईकोर्ट ने कहा: नियम बदले तो पुराना एडमिशन खत्म माना जाएगा

मेडिकल कॉलेज में पीजी के पहले के प्रवेश रद्द, नई काउंसलिंग से ही सीट मिलेगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मेडिकल कॉलेज पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में एडमिशन के पुराने अलॉटमेंट को रद्द कर दिया गया है। अब नई काउंसलिंग से ही सीट मिलेगी। हाईकोर्ट ने कहा कि, नियम बदले तो पुराना एडमिशन खत्म माना जाएगा। नियमों में बदलाव और काउंसलिंग रद्द होने से पुराना एडमिशन मान्य नहीं रह गया है।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि, 2025 के नियम 11 में किए गए संशोधन के बाद किसी भी अभ्यर्थी के पास पहले से आवंटित सीट पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं रह जाता है। इस मुद्दे पर अब और कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। भिलाई निवासी अनुष्का यादव ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। दरअसल, भिलाई निवासी अनुष्का यादव ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका में राज्य सरकार के 22 और 23 जनवरी 2026 के उन आदेशों को चुनौती दी थी। जिसके तहत पहले से पूरी हो चुकी काउंसलिंग और सीट आवंटन को अचानक रद्द कर दिया गया था।तर्क दिया कि उसने मेरिट के आधार पर भिलाई के एक निजी मेडिकल कॉलेज में रेडियो डायग्नोसिस की सीट हासिल की थी। 10.79 लाख रुपए फीस समेत 10 लाख की बैंक गारंटी जमाकर जॉइन कर लिया था। वहीं, राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि, काउंसलिंग रद्द करने का निर्णय कोई मनमानी कार्रवाई नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के डॉ. तन्वी बहल मामले में दिए गए आदेश के पालन में उठाया गया कदम था। इसके अलावा कहा कि डोमिसाइल आधारित आरक्षण पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में असंवैधानिक है और केवल संस्थागत प्राथमिकता को ही एक सीमा तक अनुमति दी जा सकती है।राज्य सरकार ने इसी के मद्देनजर नियम 11 में संशोधन किया। जिससे 50 प्रतिशत सीटें उन अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जा सकें। जिन्होंने छत्तीसगढ़ से एमबीबीएस किया है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत सीटें पूरी तरह से ''ओपन मेरिट'' के आधार पर भरी जा सकें।

याचिकाकर्ता ने कहा- एक बार प्रवेश के बाद रद्द करना गलत

याचिकाकर्ता का कहना था कि, एक बार प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसे रद्द करना अनुचित है। याचिका में शासन के फैसले को अवैधानिक और मनमानीपूर्ण बताया गया। साथ ही कहा कि, इस प्रक्रिया से पहले प्रवेश पाने वाले छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है।

भाजपा महिला मोर्चा बिलासपुर शहर की नई कार्यकारिणी घोषित

सुधा गुप्ता बनीं जिला उपाध्यक्ष

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, जिला बिलासपुर (शहर) की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस नवगठित कार्यकारिणी में क्षेत्रीय संतुलन और सांगठनिक अनुभव को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसी क्रम में बिलासपुर की सक्रिय और अनुभवी नेत्री सुधा गुप्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को संगठन के भीतर एक सशक्त निर्णय के रूप में देखा जा रहा है। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष स्नेहलता शर्मा द्वारा जारी की गई इस कार्यकारिणी सूची को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय तथा बिलासपुर जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर की अनुशंसा के पश्चात अंतिम रूप दिया गया। सुधा गुप्ता की नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और महिला मोर्चा की सदस्यों में उत्साह का माहौल है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व और अनुभव से महिला मोर्चा को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी।

सीएसपीडीसीएल का ओपन पेंटिंग स्पर्धा का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र (सीएसपीडीसीएल) द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के गौरवशाली अवसर पर एक विशेष ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर, मुंगेली, जीपीएम, और कोरबा जिले के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को ऊर्जा के महत्व और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। प्रतिभागी अक्षय ऊर्जा स्रोत ऊर्जा संरक्षण , विद्युत सुरक्षा में से किसी भी एक विषय पर अपनी कलाकृति बना सकते हैं। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए खुली है, जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। प्रतिभागियों को पेंटिंग बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों (कागज, रंग, ब्रश आदि) का प्रबंध स्वयं करना होगा। बिलासपुर जिले के प्रतिभागी तैयार पेंटिंग को सीएसपीडीसीएल बिलासपुर के तिफरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में प्रषासनिक अधिकारी दीपक तिग्गा (मोबाइल नंबर - 9713711791) के पास जमा करा सकते हैं। मुंगेली जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता चित्रांगना राही (6263885591) एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता संतोश कंवर (6268002181) एवं कोरबा जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता देवांजना राय (9993318646) के पास पेंटिंग जमा कर सकेंगे। पेंटिंग जमा करने की अंतिम तिथि 02 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के समापन के बाद विशेषज्ञ समिति द्वारा उत्कृष्ट पेंटिंग्स का चयन किया जाएगा। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

रजत जयंती वर्ष पर सीएसपीडीसीएल की ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल), बिलासपुर क्षेत्र द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर एक विशेष ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (जीपीएम) और कोरबा जिले के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।प्रतियोगिता का उद्देश्य आम नागरिकों को ऊर्जा के महत्व, ऊर्जा संरक्षण एवं विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। प्रतिभागी अक्षय ऊर्जा स्रोत, ऊर्जा संरक्षण अथवा विद्युत सुरक्षा विषयों में से किसी एक पर अपनी पेंटिंग बना सकते हैं। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए खुली है, जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी शामिल हो सकते हैं।

जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक 3 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक 3 फरवरी को शाम 5 बजे से जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। बैठक में प्रस्तावित नवीन इकाईयों की स्थापना, स्थापित इकाईयों के अनुदान संबंधी प्रकरणों एवं शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई में वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्यों की पूर्ति आदि अन्य बिन्दुओं के संबंध में चर्चा की जाएगी।

स्वयं सिद्धा फाउंडेशन ने मोहतराई स्कूल को किया सुसज्जित

बिलासपुर/नवप्रदेश। सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता देने वाली स्वयं सिद्ध फाउंडेशन निरंतर ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करते रहती है। इसी तारतम्य में आज स्वयं सिद्धा फाउंडेशन ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहतराई ,संकुल भरारी मे एक स्मार्ट टीवी, स्वेटर एवं सीलिंग फैन शाला को प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दीपमाला कश्यप जोनल एस. पी. बिलासपुर रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा व नवीन चंद्र दुबे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि जोनल एसपी कश्यप ने उपस्थित बच्चों से बात करते हुए मोबाइल के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें बताया कि बेहतर भविष्य के लिए किस तरह से अपनी पढ़ाई करें। फाउंडेशन के अध्यक्ष व संरक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा कि फाउंडेशन द्वारा लगातार प्रयास किया जाता है कि सामाजिक उत्थान के लिए बेहतर कार्य कर सके। फाउंडेशन को जानकारी मिली कि यहां पढ़ने वाले बच्चों के पास स्वेटर नहीं है और स्मार्ट बोर्ड ना होने की वजह से बच्चों को तकनीकी शिक्षा में कई तरह की परेशानियां हो रही है, इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट बोर्ड और बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया, आने वाले समय में गर्मी के मौसम को देखते हुए स्कूल परिसर में लगाने के लिए पंखा भी फाउंडेशन द्वारा दिया गया। इस दौरान रीता यादव मेड इन इंडिया ग्रुप मेंबर, मीना शाक्य मिसेज इंडिया 2021 , संतोष सूर्यवंशी सरपंच एवं शाला के प्रधान पाठक रियाज खान प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका सुनीता रामटेके, शिक्षक प्रदीप हालदार , डॉ. एकता साहू आर्य तथा ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस गरिमामई कार्यक्रम का समापन व आभार प्रदर्शन शाला की शिक्षिका प्रकाशिनी डेविड ने किया।

व्यापार संचालन को लेकर राज्य कर विभाग द्वारा समन्वय बैठक आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य कर विभाग, बिलासपुर संभाग द्वारा आज संयुक्त आयुक्त राज्य कर श्रीमती तमन्ना वर्मा (भारतीय राजस्व सेवा) की अध्यक्षता में व्यापारियों एवं उद्योग संगठनों के साथ एक महत्वपूर्ण जीएसटी समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, बिलासपुर इकाई की पूर्ण टीम एवं राज्य एवं केंद्रीय जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित विभिन्न अनुपालन विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। श्रीमती तमन्ना वर्मा ने व्यापारियों को मार्गदर्शन देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का व्यापार जीएसटी नियमों के बाहर नहीं किया जाना चाहिए तथा सभी व्यापारिक गतिविधियाँ शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मापदंडों के अनुरूप ही संचालित की जाएँ। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रूप से जीएसटी नियमों का पालन करने से व्यापार सुचारू रूप से चलता है, पारदर्शिता बनी रहती है तथा ईमानदार व्यापारियों को अनावश्यक कठिनाइयों से बचाया जा सकता है। बैठक में यह भी बताया गया कि सही एवं समयबद्ध अनुपालन से ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस को बढ़ावा मिलता है। बैठक के दौरान जीएसटी विवरणियों (रिटर्न) का समय पर दाखिला, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) से संबंधित आवश्यक सावधानियाँ, फर्जी बिलों से बचाव, ई-वे बिल एवं जीएसटी विवरणियों में सामंजस्य, तथा व्यापार में पारदर्शिता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि चैंबर अपने समस्त सदस्यों को जीएसटी नियमों के प्रति जागरूक करने, समय-समय पर मार्गदर्शन प्रदान करने तथा स्व-अनुपालन की संस्कृति को सुदृढ़ करने हेतु राज्य कर विभाग के साथ पूर्ण सहयोग करेगा।

स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान 30 से 13 फरवरी तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा।

प्रत्येक ग्राम सभा में 30 जनवरी को अभियान के अंतर्गत जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त करने संदेश का वाचन किया जाएगा। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर चलाया जाएगा। कुष्ठ रोग की बीमारी से प्रभावित लोगों के प्रति भेदभाव उनके लिए रोजगार के अवसरों, शिक्षा, शादी की संभावनाओं और पारिवारिक जीवन पर बुरा असर डालता है। ये चुनौतियां लोगों में जागरूकता की कमी और बीमारी के फैलने, इलाज और ठीक होने के बारे में मौजूदा गलतफहमियों के कारण बनी हुई है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए देश भर में स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान हर साल मनाया जाता है। 2026 के लिए इस अभियान की थीम भेदभाव खत्म करना, गरिमा सुनिश्चित करना है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश है।

आस्था | चन्द्रखुरी कौशल्या माता धाम में भव्य तैयारी, ग्वालियर से मूर्ति लाने रवाना हुई टीम

51 फीट की प्रभु श्रीराम की वनवासी प्रतिमा की होगी स्थापना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चन्द्रखुरी स्थित कौशल्या माता धाम में प्रभु श्रीराम की भव्य 51 फीट ऊंची वनवासी स्वरूप वाली नई प्रतिमा स्थापित होने जा रही है। ग्वालियर से मूर्ति लाने के लिए विशेष टीम रवाना हो चुकी है, जो शीघ्र ही शुभ मुहुर्त में इसे स्थापित करेगी। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रयासों से यह धार्मिक स्थल और भव्य बनेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने समय पर यह कार्य पूरा होने पर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि कौशल्या माता धाम में प्रभु श्रीराम की भव्य प्रतिमा की स्थापना छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करेगी।

नई प्रतिमा का विशेष स्वरूप : भगवान श्रीराम की यह प्रतिमा वनवासी रूप में तैयार की गई है, जो वर्तमान मूर्ति की जगह लेगी। ग्वालियर सेंड स्टोन आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मूर्तिकार श्री दीपक विश्वकर्मा के नेतृत्व में इसका निर्माण पूरा हो चुका है। प्रतिमा की खासियत 108 मनके रुद्राक्ष का उत्कीर्णन है, जो इसे अद्वितीय बनाता है।

स्थापना से धाम की नई पहचान : प्रतिमा स्थापना से कौशल्या माता धाम धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा, जहां देशभर से भक्त दर्शन को आएंगे। लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ेंगे, जो छत्तीसगढ़ की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई देगा। यह राज्य सरकार की धार्मिक स्थलों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

छत्तीसगढ़ सरकार का सकारात्मक कदम

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य ने बताया कि पूर्व प्रतिमा टीसीआईएल संस्था के द्वारा लगाई गई थी, जो अपेक्षित गुणवत्ता की नहीं थी। सरकार ने तुरंत रिप्लेसमेंट की मांग की और ग्वालियर के प्रसिद्ध कलाकार को कार्य सौंपा। यह निर्णय माता कौशल्या धाम की गरिमा बढ़ाने और धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
पीडब्ल्यूडी के प्रमुख कार्य
सड़कें और राजमार्गः नई सड़कों, राजमार्गों, फ्लाईओवर और पुलों का निर्माण और उनका रखरखाव करना, जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित रहे.
सरकारी भवनः सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक भवनों का निर्माण और उनकी मरम्मत करना.
जल संसाधनः पेयजल आपूर्ति योजनाओं और सिंचाई से संबंधित बुनियादी ढाँचे का विकास और रखरखाव करना.
तकनीकी सलाहः राज्य सरकारों और अन्य विभागों को तकनीकी सलाह देना.
सार्वजनिक सुविधाएँ: सार्वजनिक उद्यानों, खेल के मैदानों और अन्य मनोरंजन सुविधाओं के विकास में योगदान देना.
लोक निर्माण विभाग भानुप्रतापपुर

प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
वन की रक्षा, भविष्य की रहा।
साँसे हो रहीं कम, आओ वृद्ध लगाएँ हमा
पेड़ हैं असली सोना, इसे कभी न खोना ।
जानो वन का मोल, वन हैं अनमोल ।
वन परिवार, पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर

प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
आदिम जाति सहकारी समिति संम्बलपुर

प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
वन परिक्षेत्र अधिकारी कोयलीबेड़ा
जिला कांकेर छ.ग.

प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
भानुप्रतापपुर

पर्यटन बना छत्तीसगढ़ का आर्थिक इंजन, संस्कृति बनी पहचान और पुरातत्व बना गौरव, दो वर्षों की उपलब्धियों ने बदली तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव और छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक एवं संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्त्व श्री विवेक आचार्य ने नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद ऑडिटोरियम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पिछले दो वर्षों की उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजनाओं का विस्तृत विवरण दिया। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा देकर आर्थिक विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और विरासत संवर्धन तीनों क्षेत्रों में समन्वित प्रगति का मॉडल स्थापित किया है।

फिल्म सिटी और कन्वेंशन सेंटर- 350 करोड़ की परियोजना

डॉ. रोहित यादव ने बताया कि भारत सरकार की राज्यों को पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता योजना के तहत एकीकृत फिल्म सिटी और कन्वेंशन सेंटर के विकास की मंजूरी मिली है, जिसकी कुल अनुमानित लागत 350 करोड़ रूपए है। भूमि पूजन 24 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के करकमलों से हुई है। यह छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है। चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को देश और दुनिया में एक नई पहचान मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी पहल के माध्यम से छत्तीसगढ़ न केवल फिल्म निर्माण और सांस्कृतिक आयोजनों का एक प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर होगा, बल्कि यह परियोजना राज्य की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगी। चित्रोत्पला फिल्म सिटी और ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंच मिलेगा, निवेश के नए अवसर सृजित होंगे और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त होगी। यह परियोजना आने वाले वर्षों में राज्य के युवाओं, कलाकारों और पर्यटन क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खोलेगी।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने से निजी निवेश के नए द्वार खुले। राज्य और देश के प्रमुख शहरों में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रमों के माध्यम से 500 करोड़ रुपये से अधिक निजी निवेश सुनिश्चित किया गया। इससे पर्यटन अधोसंरचना, होटल, रिसॉर्ट और साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। रामलला दर्शन योजना के तहत आईआरसीटीसी के साथ हुए समझौते के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में लगभग 42 हजार 500 श्रद्धालुओं को विशेष ट्रेनों से अयोध्या दर्शन कराया गया। यह योजना धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है। राज्य में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई होम-स्टे नीति लागू की गई। 500 नए होम-स्टे विकसित करने का लक्ष्य है। राज्य सरकार ने 24 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ होम-स्टे नीति 2025-30 को अधिसूचित किया है। यह नीति राज्य भर में नए होम-स्टे के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पूंजी निवेश सब्सिडी और ब्याज सब्सिडी प्रदान करती है, जो ग्रामीण और समुदाय आधारित पर्यटन का समर्थन करती है, इसके लिए राज्य सरकार ने बजट भी स्वीकृत किया है।

संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्त्व श्री विवेक आचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना लगभग 146 करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। एक जनवरी 2026 को भारत के पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र शेखावत एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस परियोजना का भूमिपूजन किया। भोरमदेव मंदिर लगभग एक हजार वर्ष पुरानी ऐतिहासिक धरोहर है और इस कॉरिडोर निर्माण के माध्यम से आने वाले हजार वर्षों तक इसे संरक्षित रखने का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार ने जशपुर में मयाली-बगीचा सर्किट अंतर्गत तीन प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास के लिए 10 करोड़ रूपए मंजूर किए हैं।

न्यूज गैलरी

जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान युवती की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा के जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान 19 वर्षीय युवती की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने ड्यूटी में तैनात डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। मृतिका का नाम भगवती धुर्वे (उम्र 19 वर्ष), निवासी चरखुरा बताया रहा है। परिजनों का आरोप है कि, डायलिसिस की प्रक्रिया के दौरान अधूरी अवस्था में ही मरीज को मशीन से बाहर निकाल दिया गया. इस दौरान उसे ऑक्सीजन भी उपलब्ध नहीं कराया गया। ऑक्सीजन की कमी के कारण युवती की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बन गया। वहीं परिजन रो-रोकर बदहवास नजर आए और जिम्मेदारों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

धान खरीदी को लेकर बवाल, किसानों ने नायब तहसीलदार को बनाया बंधक

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का मुद्दा गरमाता जा रहा है। रायगढ़ जिले के कोड़ासिया क्षेत्र स्थित घटगांव धान खरीदी केंद्र में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब आक्रोशित किसानों ने नायब तहसीलदार को बंधक बना लिया। खरीदी सीमा (लिमिट) नहीं बढ़ाए जाने से नाराज किसानों ने अधिकारी को करीब चार घंटे तक घेरे रखा। जानकारी के मुताबिक, घटगांव धान खरीदी केंद्र में मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान अपना धान बेचने पहुंचे थे। लेकिन, केंद्र पर निर्धारित खरीदी सीमा पूरी हो जाने के कारण धान की तौल रोक दी गई थी। इससे किसान भड़क गए। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार हिमांशु नायक ने जब किसानों को समझाने का प्रयास किया, तो आक्रोशित भीड़ ने उन्हें ही घेर लिया और मंडी परिसर में ही रोक लिया।

नया एप तैयार, जमीन डायवर्सन का पूरा काम अब होगा ऑनलाइन

रायपुर/नवप्रदेश। अब जमीन डायवर्सन का काम घर बैठे ऑनलाइन हो जाएगा। दरअसल, 13 दिसंबर को इसके लिए अधिसूचना भी जारी की गई थी। करीब डेढ़ महीने बाद इस सिस्टम को लागू नहीं किया गया है। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि इसका सॉफ्टवेयर ही तैयार नहीं किया गया है। हालांकि अफसरों को कहा है कि डायवर्सन का पूरा काम ऑनलाइन ही होगा। इसके लिए नया एप और वेबसाइट बनकर तैयार है। राजस्व एवं प्रबंधन विभाग की विशेष सचिव इफ्फत आरा के मुताबिक डायवर्सन के लिए नया एप और वेबसाइट बनकर तैयार है। अभी इसका ट्रायल चल रहा है। जल्द ही इस रन कर देंगे। नए सिस्टम के तहत डायवर्सन कराने के लिए जमीन मालिक को सरकारी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ क्षेत्र के अनुसार तय भू-राजस्व और प्रीमियम दर यानी डायवर्सन फीस का ऑनलाइन पेमेंट करना होगा। यह आवेदन संबंधित जिले के एसडीएम के पास ऑनलाइन ही पहुंचेगा। नए नियम के अनुसार एसडीएम को 15 दिन के भीतर डायवर्सन का आदेश जारी करना अनिवार्य होगा। तय समय में एसडीएम आदेश जारी नहीं करते तो 16वें दिन ऑटोमेटिक सिस्टम से आदेश जारी होगा, जो मान्य होगा।

मड़ई के दौरान मारपीट और चाकूबाजी, दो युवकों की हालत नाजुक

रायपुर/नवप्रदेश। सेजबहार के कांदूल इलाके में मड़ई-मेला के दौरान जमकर विवाद हुआ। पुलिस की सुरक्षा के बीच दो अलग-अलग गुटों में मारपीट और चाकूबाजी की घटना हुई। इसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि कांदूल में 26 जनवरी के अवसर पर मड़ई-मेला का आयोजन किया गया था। कांदूल निवासी तुलाराम साहू (18) अपने साथियों के साथ मेला घूमने गया था। इसी दौरान साहिल यादव, तीर्थ उर्फमोंटू, मूणत यादव, आर्यन यादव सहित अन्य युवकों से विवाद हो गया। इसी दौरान एक आरोपी ने चाकू निकाला और तुलाराम की पीठ पर लगातार तीन बार हमला किया।

सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने 30 लाख रुपये देने की घोषणा की

सीएम साय ने किया कुंभकार समाज के महाअधिवेशन का भव्य शुभारंभ

■ **मुख्यमंत्री श्री साय को कुमारी अंकिता प्रजापति और श्री दुर्गेश चक्रधारी ने भेंट की उनकी पेंटिंग**

रायपुर/नवप्रदेश। उछत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के दो दिवसीय राज्य स्तरीय महाअधिवेशन का शुभारंभ आज नवागांव, अभनपुर में भव्य रूप से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर कुम्भकार समाज की परंपरागत कला, संस्कृति और सामाजिक एकता का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। श्री साय ने समाज के विकास हेतु सर्व सुविधायुक्त भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतीक चिन्ह के रूप में कुम्हार समाज की कला एवं संस्कृति को दर्शाता हुआ चाक गढ़ता कुम्हार भेंट किया गया, जो कुम्भकारी कला की पहचान और श्रम-साधना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज के महाअधिवेशन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन की शुरुआत महाराष्ट्र के दिवंगत उप राष्ट्रपति स्वर्गीय अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की और ईश्वर से उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने परिचय सम्मेलन में शामिल युवक-युवतियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मेलन समाज के बेटा-बेटियों को योग्य जीवन-साथी चुनने का सशक्त मंच प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने समाजजनों से अपील की कि वे अपने समाज के प्रत्येक बेटा-बेटी को शिक्षा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं है, बल्कि एक सफल, संस्कारित और जिम्मेदार मानव जीवन जीने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ इस वर्ष अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है और इन 25 वर्षों में प्रदेश ने सड़क, बिजली, पानी, खाद्यान्न, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव-गांव को डामर सड़कों से जोड़ा गया है। प्रदेश में महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि हुई है तथा मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की उपलब्धता भी अब व्यापक स्तर पर हो गई है, जिससे युवाओं को अपने ही राज्य में उच्च शिक्षा के अवसर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान सरकार ने मात्र दो वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा कर दिया है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ तेज़ी से किया जा रहा है और किसानों को बोनस राशि चार किश्तों में नहीं, बल्कि एकमुश्त उनके खातों में अंतरित की जा रही है।

नारायणपुर को विकास की बड़ी सौगात, गांवों तक पहुंचेगी सुविधा

30-31 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का दो दिवसीय दौरा

रायपुर/नवप्रदेश। अबूझमाड़ अंचल सहित पूरे नारायणपुर जिले के लिए यह दौरा विकास की नई रफ्तार लेकर आएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 30 और 31 जनवरी को जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे 361 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार और प्रस्तावित विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। सड़क, अधोसंरचना, जनसुविधा और सामाजिक विकास से जुड़े ये कार्य जिले के दूरस्थ इलाकों तक विकास की पहुंच को मजबूत करेंगे।

पद्मश्री विभूतियों और समाज प्रमुखों से करेंगे संवाद: मुख्यमंत्री 30 जनवरी को दोपहर 1 बजे हेलीकॉप्टर से तहसील हेलीपैड पहुंचेंगे। यहां से वे गढ़बेंगाल घोटूल जाकर पद्मश्री हेमचंद मांझी, पद्मश्री पंडीराम मंडावी, श्री बुटलुराम माटरा सहित समाज प्रमुखों से भेंट करेंगे। इस संवाद को आदिवासी संस्कृति, सामाजिक सहभागिता और परंपराओं के सम्मान की दिशा में अहम माना जा रहा है।

बस सेवा से कुरूषनार जाएंगे मुख्यमंत्री: मुख्यमंत्री की विशेष पहल पर शुरू की गई मुख्यमंत्री बस सेवा इस दौरे का खास आकर्षण रहेगी। मुख्यमंत्री इसी बस से सफर कर ग्राम कुरूषनार पहुंचेंगे। यहां वे पीडीएस दुकान का निरीक्षण, स्कूल में बच्चों से संवाद, और महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों को राशि वितरण करेंगे। यह दौरा सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर परखने और लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने का उदाहरण बनेगा।

शांत सरोवर में बोटिंग, बाइकर्स इवेंट में भी होंगे शामिल: कुरूषनार से मुख्यमंत्री शांत सरोवर (बिजली) पहुंचेंगे, जहां बोटिंग और कायाकिंग का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही बाइकर्स इवेंट में शामिल होकर पर्यटन और युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने का संदेश देंगे। हाईस्कूल नारायणपुर में बड़ा कार्यक्रम मुख्यमंत्री इसके बाद हाईस्कूल नारायणपुर पहुंचेंगे, जहां विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास, बस्तर पंडुम का जिला स्तरीय आयोजन, विभिन्न परियोजनाओं के अनुबंध, हितग्राहियों को सामग्री वितरण, मलखंभ प्रदर्शन, मुख्यमंत्री का उद्बोधन, और ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा।

आईटीबीपी जवानों से भेंट, रात्रि भोज में होंगे शामिल: सायंकाल मुख्यमंत्री आईटीबीपी बटालियन, जेलबाड़ी गंराजी पहुंचकर जवानों से मुलाकात करेंगे और उनके साथ रात्रि भोज में शामिल होंगे। इसके बाद वे विश्रामगृह में जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। रात्रि विश्राम नारायणपुर में रहेगा।

बीजापुर में नक्सलियों की साजिश नाकाम

सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने दो भारी आईईडी किए बरामद, डिफ्यूज भी किया

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की बड़ी साजिश को सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया। डीआरजी बीजापुर, थाना ईलमिड़ी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल- 9वीं वाहिनी और बीडीएस टीम की संयुक्त कार्यवाही में 20 और 30 किलो के दो शक्तिशाली ढ्ढश्वष्ठ बरामद किए गए। ढ्ढश्वष्ठ को लंकापल्ली कच्ची सड़क पर बड़ी वाहनों को निशाना बनाने के लिए लगाया गया था, जिसे जवानों ने सतर्कता से नष्ट कर बड़ा हादसा टाल दिया।

संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी: डीआरजी बीजापुर, थाना ईलमिड़ी और छसबल 9th BN की संयुक्त टीम ईलमिड़ी-लंकापल्ली इलाके में नियमित सर्चिंग अभियान पर निकली थी। यह इलाका नक्सलियों की गतिविधियों के लिए संवेदनशील माना जाता है।

20 और 30 किलो के दो आईईडी बरामद: डिमाइनिंग प्रक्रिया के दौरान टीम को लंकापल्ली कच्ची सड़क पर सड़क के बीचों-बीच आईईडी संदिग्ध स्थान मिला। जांच में पता चला कि माओवादियों ने 20 और 30 किलो के दो भारी आईईडी कमांड स्विच सिस्टम से लगाए थे। बड़े वाहनों को टारगेट करने के उद्देश्य से यह विस्फोटक छिपाया गया था।

बीडीएस टीम ने मौके पर ही किए नष्ट : बीडीएस बीजापुर की टीम ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए दोनों आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित रूप से नष्ट किया। विस्फोटक की क्षमता को देखते हुए समय रहते कार्रवाई होना बेहद महत्वपूर्ण था।

बड़ा हादसा होने से टला: सुरक्षा बलों की सतर्कता, सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई ने नक्सलियों की नापाक साजिश पर पानी फेर दिया। यदि ये आईईडी समय पर नहीं मिलते, तो बड़ी क्षति और गंभीर घटना की आशंका थी।

क्षेत्र में अभियान जारी: घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सर्चिंग और एरिया डॉमिनेशन अभियान को और तेज कर दिया गया है। जवानों ने साफ किया कि शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

कांग्रेस में 'वेलफेयर संग फेयरवेल' का खेल चल रहा है : चौहान

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता के.एस. चौहान ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए जारी घमासान को लेकर कटाक्ष किया है कि संगठन सृजन अभियान अब विसर्जन की शक्ल ले रहा है और कांग्रेस में वेलफेयर नहीं, अपितु फेयरवेल और वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जब से नई दिल्ली से लौटे हैं, तबसे कांग्रेस में अंदरूनी घमासान एक बार फिर ÷पीसीसी वर्सेज बीसीसी÷ की तर्ज पर तेज हो गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री चौहान ने कहा कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में न केवल अपनों-अपनों को रेवड़ी बाँटने के आरोपों ने विवादों को जन्म दिया, अपितु बस्तर सम्भाग के दन्तेवाड़ा में तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व पर ही ÷वोट चोरी - चुनाव चोरी÷ की तोहमत तक मढ़ दी थी।

250 से ज्यादा पैरा एथलीट मैदान में रायपुर में शुरू हुई राज्य स्तरीय स्पर्धा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पैरा एथलेटिक्स की 16वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, जोरा में रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद पैरा एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, सचिव डीकेश टंडन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी का स्वागत भी संघ के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने किया। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि पैरा एथलीट्स का इस प्रतियोगिता में भाग लेना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई दिशा देते हैं।

नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि पैरा खिलाड़ियों के लिए रायपुर में बेहतर खेल मैदान उपलब्ध कराना उनका लक्ष्य है।

आस्था के पंडाल में संदेह का झूला, सवालों के आगे नगर पालिका मौन!

राजवाड़ा मेला: मीना बाजार में 'डबल एंट्री', रसीद वाली, बिना रसीद वाली रकम और जिम्मेदारों की चुप्पी ने खोली नगर प्रशासन की पोल

सुकमा/नवप्रदेश राजवाड़ा माता मेला इस बार भक्ति, प्रसाद और झूलों से ज्यादा नगर पालिका के प्रशासनिक करतबों के कारण चर्चा में है। यहां अब बच्चों के झूले कम और अफसरशाही के सवाल ज्यादा झूलते दिखाई दे रहे हैं। मीना बाजार लगाने की अनुमति को लेकर नगर पालिका की भूमिका ऐसी उलझी कि आस्था के मेले में संदेह का बाजार सज गया। जिस मेला स्थल को पहले 'बहुत छोटा' बताकर केवल एक मीना बाजार की अनुमति का तर्क दिया गया था, वही स्थल अचानक इतना 'विस्तृत' हो गया कि दो-दो मीना बाजारों की एंट्री करा दी गई। सवाल यह नहीं कि जगह छोटी थी या बड़ी सवाल यह है कि नियम छोटे थे या नीयत?

जहां रसीदें गायब और रकम जिंदा नजर

मीना बाजार संचालक मुन्नवर शरीफद्वारा जिला प्रशासन को सौंपे गए शिकायती ज्ञापन ने नगर पालिका की कार्यशैली पर सीधा सवालिया निशान लगा दिया है। आरोप है कि अनुमति के लिए पहले 2.50 लाख रुपये विधिवत नगर पालिका में जमा कर रसीद कटवाई गई। यहीं अगर नियमों की कहानी खत्म हो जाती, तो बात अलग थी। लेकिन इसके बाद कहानी ने ऐसा मोड़ लिया, जहां रसीदें गायब और रकम जिंदा नजर आई। संचालक का आरोप है कि 1.10 लाख रुपये की अतिरिक्त रकम वह भी बिना किसी रसीद के तीन व्यक्तियों के माध्यम से दिलवाई गई। यानी सरकारी अनुमति का रास्ता रसीद से होकर गुजरता है, लेकिन कहीं-कहीं यह रास्ता जेब से होकर भी निकल जाता है।

एक मंच, दो बाजार और नियमों की तीसरी व्याख्या

22 जनवरी को अनुमति पत्र जारी हुआ और संचालक ने राहत की सांस ली। लेकिन यह राहत ज्यादा देर टिक नहीं सकी। 28 जनवरी को उसी मेला स्थल में किसी अन्य व्यक्ति को भी मीना बाजार लगाने की अनुमति दे दी गई। यानी एक मंच, दो बाजार और नियमों की तीसरी व्याख्या! जब पहले से अनुमति प्राप्त संचालक ने सवाल पूछे, तो आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी ने जवाब देने के बजाय खामोशी का झूला झूलना बेहतर समझा। बातचीत से बचना, सवालों से भागना और फाइलों में चुप्पी भर देना। नगर प्रशासन ने यही सबसे सुरक्षित रणनीति अपनाया है।

सवालों की सूची लंबी है

अगर मेला स्थल छोटा था, तो दूसरी अनुमति किस नियम से दी गई? अगर दो मीना बाजार संभव थे, तो पहले संचालक से यह सच क्यों छुपाया गया? और अगर बिना रसीद की रकम नियमों में नहीं थी, तो वह गई कहां? संचालक मुन्नवर शरीफ का कहना है कि दो मीना बाजार लगने से दोनों पक्षों को आर्थिक नुकसान तय था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com